पौष शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 8:39 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

हल्द्वानी, मंगलवार, 23 जनवरी 2024

वर्ष 3, अंक 341, पृष्ठ 18

मूल्य 6 रुपये

2 राज्य, 6 संस्करण

www.amritvichar.com

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

ऐसे हुई प्राण प्रतिष्ठा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दोपहर 12 :04 बजे राम मंदिर में प्रवेश किया। इस दौरान उनके हाथों में पूजा सामग्री थी। मोदी भारतीय पारंपरिक वेशभूषा में मंदिर पहुंचे थे। चार मंडपों से आगे बढ़ते हुए वह दोपहर 12 :07 बजे वह मंदिर के गर्भगृह में पहुंचे। जिसके बाद विधि विधान के साथ मंत्रोच्चारण शुरु हुआ। मोदी के साथ गर्भगृह में पूजा में संघ प्रमुख मोहन भागवत मौजूद रहें। दोपहर 12 :10 बजे पूजा अर्चना के बाद प्राण प्रतिष्ठा की प्रक्रिया शुरू हुई। शंखनाद की ध्वनि और मंत्रोच्चारण के बीच रामलला की मूर्ति गर्भगृह में विराजमान की गई। गर्भगृह में मौजूद प्रधानमंत्री, संघ प्रमुख मोहन भागवत, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवान राम की आरती की। यहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी मौजूद रहीं। जिसके बाद प्राण प्रतिष्ठा दोपहर 12 :31 बजे संपन्न हुआ। गर्भगृह में प्राण प्रतिष्ठा के बाद मोदी दोपहर लगभग एक बजे गर्भ गृह से बाहर आए। शास्त्रानुसार दोपहर में अभिजीत मुहूर्त में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। अनुष्ठान का संचालन 121 आचार्य ने किया।

विमला में विराजे राघव

मोदी ने रामलला प्राण प्रतिष्ठा के साथ फूंका नए कालचक्र की शुरुआत का बिगुल

- अजय दयाल, अयोध्या

अमृत विचार। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को नया इतिहास रचा। भारत के सांस्कृतिक-अध्यात्मिक गाथा में एक नया अध्याय जोड़ते हुए न केवल रामलला की वैदिक मत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ प्राण प्रतिष्ठा की बल्कि एक नये कालचक्र की शुरुआत का बिगुल भी फूंक दिया। अयोध्या धाम में नव निर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद भाव विभोर प्रधानमंत्री ने मनोभाव प्रकट करते हुए कहा कि हमारे राम आ गए। राम लला टेंट में नहीं रहेंगे, अब दिव्य मंदिर में रहेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरा पक्का विश्वास और अपार श्रद्धा है कि जो घटित हुआ है उनकी अनुभूति देश और विश्व के कोने-कोने में रामभक्तों को हो रही है। ये क्षण अलौकिक है। ये माहौल, वातावरण, ऊर्जा और घड़ी अलौकिक है। मोदी के मुताबिक, 22 जनवरी 2024 कैलेंडर पर लिखी तारीख नहीं, ये नए कालचक्र का उद्गम है। सदियों के धैर्य की आज धरोहर मिली है। 1000 साल बाद भी लोग आज की तारीख और पल की चर्चा करेंगे। राम मंदिर का निर्माण पूरा होने के साथ भारत विश्व गुरु भी बन जाएगा।

उन्होंने कहा कि श्रीराम का भव्य मंदिर तो बन गया। सदियों का इंतजार खत्म हो गया। अब आगे क्या। जो दैवीय आत्माएं हमें आशीर्वाद देने आई हैं। उन्हें क्या हम ऐसे ही विदा करेंगे। नहीं, आज मैं पूरे पवित्र मन से महसूस कर रहा हूं कि काल चक्र बदल रहा है। ये सुखद संयोग है कि हमारी पीढ़ी को चुना गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा, हजारों साल बाद की पीढ़ी हमारे कार्यों को याद करेगी। हमें आज इस पवित्र समय से अगले एक हजार साल की नींव रखनी है। ये काल के चक्र पर सर्वकालिक स्याही से अंकित हो रही अमिट स्मृति रेखाएं हैं। सदियों का अभूतपूर्व धैय, अनगिनत बलिदान, त्याग और तपस्या के बाद हमारे राम आ गए हैं। समस्त देशवासियों को बहुत बहुत बधाई।



राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत। ● एजेंसी

- **श्रीराम मंदिर परिसर से मोदी ने व्यक्त किए अपने भाव कहा देव से देश और राम से राष्ट्र की चेतना का विस्तार है**
- **हजार साल बाद भी लोग आज की तारीख और पल की चर्चा करेंगे, मंदिर पूरा होने के साथ भारत बनेगा विश्वगुरु**
- **कुछ लोग कहते थे कि राम मंदिर बनेगा तो आग लग जाएगी, राम आग नहीं ऊर्जा हैं: मोदी**
- **कालचक्र बदलेगा और शुभ दिशा में बढ़ेगा, आपकी छोटी से छोटी कोशिश इसे संभव करेगी**
- **सदियों की प्रतीक्षा बाद आए राम टेंट में नहीं, दिव्य मंदिर में रहेंगे**

भगवान राम 14 वर्ष बाहर रहकर बाहर के कलह मिटाकर अयोध्या वापस आये थे। अब दोबारा राम अपने घर वापस आये हैं। अब हमें आपसी कलह को मिटाकर आगे बढ़ना होगा। अयोध्या में कोई कलह नहीं है। छोटे-छोटे विवादों को पीछे छोड़ना पड़ेगा। हमें अपने को संयम में रखना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां आने से पहले कठोर तप रखा। जितना कठोर तप रखा जाना चाहिए था, उससे ज्यादा कठिन तप रखा। मेरा उनसे पुराना परिचय है। मैं जानता हूं, वे तपस्वी हैं ही। प्रधानमंत्री ने तप किया, अब हमें भी तप करना है।

-मोहन भागवत, आरएसएस प्रमुख

मोदी की खास बातें

- *मैं अभी गर्भगृह में ईश्वरीय चेतना का साक्षी बनकर आपके समक्ष हूं।*
- *कहने को बहुत कुछ है मगर कंठ, शरीर अभी भी स्पंदित है। चित अभी भी उस पल में लीन है।*
- *संविधान के पहली प्रति में राम विराजमान हैं। इसके अस्तित्व में आने के बाद भी दशकों तक कानूनी लड़ाई चली। आभार व्यक्त करूंगा भारत की न्यायपालिका का जिसने न्याय की लाज रख ली।*
- *देश ने इतिहास की गांठ को जिस गंभीरता और भावुकता से खोला है वो दिखाता है कि हमारा भविष्य हमारे अतीत से बहुत सुंदर होने वाला है।*

श्रीराम से मांगी माफी

प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वहां मौजूद जनसमुदाय से भावुक और भरे हुए गले से मनोभाव प्रकट किए। मोदी ने इस दौरान राम से माफी भी मांगी। उन्होंने कहा मैं आज प्रभु श्रीराम से क्षमा याचना भी करता हूं। हमारे पुरुषार्थ, त्याग, तपस्या में कुछ तो कमी रह गई होगी कि हम इतनी सदियों तक यह कार्य कर नहीं पाए। आज वह कमी पूरी हुई है। मुझे विश्वास है कि राम आज हमें अवश्य क्षमा करेंगे।

निश्चिंत रहिए! रामकृपा से अब कभी कोई भी अयोध्या की परिक्रमा में बाधक नहीं बन पाएगा। यहां गलियों में गोलियों की गड़गड़ाहट नहीं होगी। कर्फ्यू नहीं लगेगा। अपितु राम नाम संकीर्तन से गुंजायमान होगी। रामलला का विराजना भारत में रामराज्य की स्थापना की उद्घोषणा है। रामराज बैठे त्रैलोका। हर्षित भये गए सब सोका। योगदान करने वाले सभी वास्तुविदों, अभियंताओं, शिल्पियों और जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद।

- योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री



भेंट किया चांदी के राम मंदिर का मॉडल

मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत का स्वागत किया। योगी ने दोनों को श्रीराम मंदिर का चांदी का मॉडल भेंट कर उनका अभिनंदन किया।



रामलला के साथ ही आज भारत का स्वाभिमान लौटकर आया

- **श्रीरामजन्मभूमि मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक ने जनमानस को दिया 'नव प्रण'**

राज्य ब्यूरो, अयोध्या। 500 वर्ष के पराभव काल के कलंक को मिटाकर अयोध्या के भव्य जन्मभूमि मंदिर में श्रीराम लला की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम कई मायनों में नए प्रतिमान गढ़ते हुए देश को विश्वगुरू बनाने के नए सोपान की ओर अग्रसर करेगा। प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में इसी बात को उल्लेखित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख व सरसंघचालक मोहन राव भागवत ने जनमानस को इस घड़ी में 4 नव प्रण दिलाकर यह आशा जताई कि इनका पालन कर मंदिर निर्माण का कार्य पूरा होने के भीतर ही भारत विश्वगुरू बनकर पूरी दुनिया में अपनी आभा बिखेरने लगेगा।

उन्होंने सोमवार को नवनिर्मित राम मंदिर प्रांगण से अपने मनोभाव प्रकट करते हुए कहा कि आज का आनंद शब्दों में वर्णातीत है। आज अयोध्या में रामलला के साथ भारत का स्व लौटकर आया है। संपूर्ण विश्व को त्रासदी से राहत देने वाला एक नया भारत उठ खड़ा होगा इसका यह प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम साक्षी बन रहा है। सब में आनंद है, सब में उमंग है। हमने सुना इस प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पधारने के पूर्व पीएम मोदी ने कठिन व्रत रखा जो कि उनके तपस्वी स्वभाव को दर्शाता है।

रामलला के लिए चांदी का छत्र और वस्त्र लेकर पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुनहरा कुर्ता, क्रीम कलर धोती और गमछा पहने ठीक दोपहर 12 :05 बजे राममंदिर परिसर के मुख्य गेट से पैदल ही आगे बढ़ते देख लोग एकटक निहारने लगे। मोदी के हाथ में रामलला को भेंट देने के लिए लाल रंग के कपड़े पर की गई अनुपम कढाई से सजी वस्त्र और उस पर चांदी का छत्र रखा था। उन पर परिसर में बैठे करीब 8 हजार मेहमानों की निगाहें थीं, लेकिन मोदी आस्था के वशीभूत मन में रामनाम संकीर्तन करते अगले दो मिनट में सीधे सिंह द्वार से राममंदिर में प्रवेश किए। फिर नृत्य मंडप, रंगमंडप, गूढ़ मंडप होते हुए गर्भगृह में पहुंचे। जहां श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास, शंकराचार्य वासुदेवानंद सरस्वती, जगतगुरू स्वामी परमानंद, केशव परासरन और आचार्यों से सिर झुकाकर आशीर्वाद लेते हुए लाई हुई भेंट ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंददेव गिरी को सौंपा।

प्रधानमंत्री के लिए हम लोगों ने महापुरुषों से परामर्श करके लिखा था कि आपको तीन दिन का उपवास करना है, लेकिन आपने 11 दिन का संपूर्ण उपोषण किया। हमने एक समय अन्न छोड़ने को कहा था, उन्होंने अन्न का ही त्याग कर दिया। आपकी माताजी से मिलकर मैंने यह पुष्टि भी की थी कि आपका अभ्यास चालीस वर्षों का है। हमने कहा था कि इन दिनों में आपको विदेश प्रवास नहीं करना चाहिए ताकि सांसरिक दोष न लगें। उन्होंने विदेश प्रवास टाल दिया।

- स्वामी गोविंद देव गिरिजी महाराज (कोषाध्यक्ष, श्रीराम जन्मभूमि में तीर्थ क्षेत्र न्यास)

एक करोड़ घरों पर 'रूफटॉप' सोलर के साथ 'सूर्योदय योजना' शुरु होगी: मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' आरंभ करेगी जिसके तहत एक करोड़ घरों की छतों (रूफटॉप) पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे। मोदी ने अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होकर दिल्ली लौटने के बाद यह घोषणा की। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''सूर्यवंशी भगवान श्री राम के आलोक से विश्व के सभी भक्तगण सदैव ऊर्जा प्राप्त करते हैं। आज अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर मेरा ये संकल्प और प्रशस्त हुआ कि भारतवासियों के घरों की छतों पर उनका अपना सोलर रूफ टॉप सिस्टम हो।'' उन्होंने कहा, ''अयोध्या से लौटने के बाद मैंने पहला निर्णय लिया है कि हमारी सरकार एक करोड़ घरों पर रूफटॉप सोलर पैनल लगाने के लक्ष्य के साथ "प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना" प्रारंभ करेगी।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे गरीब और मध्यम वर्ग का बिजली बिल तो कम होगा ही, साथ ही भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी बनेगा। प्रधानमंत्री ने अयोध्या से लौटने के बाद इस संबंध में एक बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की। बाद में प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना का उद्देश्य सौर पैनल के माध्यम से निम्न और मध्यम आय वाले व्यक्तियों को बिजली प्रदान करना है। साथ ही इसका लक्ष्य अधिशेष बिजली उत्पादन से अतिरिक्त आय का स्रोत भी उपलब्ध कराना है। प्रधानमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि बड़ी संख्या में सोलर पैनल लगाने के मद्देनजर आवासीय इलाकों के उपभोक्ताओं के लिए एक व्यापक राष्ट्रीय अभियान शुरू किया जाना चाहिए।

रोम-रोम पुलकित | प्राण प्रतिष्ठा समारोह में राम नाम रहा गुंजायमान, भक्ति भाव दिखा चरम पर

नव भारत का अरुणोदय, एका का सूत्रपात

- अनिल त्रिगुणायत, अयोध्या

अमृत विचार। प्राण प्रतिष्ठा का क्षण ऐतिहासिक। आमजन का रोम-रोम पुलकित। मनोभाव विह्वल करने वाला। आस्था प्रबल। श्रद्धा तो राघव की आसक्ति से परिपूर्ण। नमन करने का ज्वार चरम पर। प्रत्येक को चराचर जगत के पूजनीय राम से आशीर्वाद की ही बस चाह। भक्ति-भाव अतिरेक। हृदय में बस एक ही इच्छा। श्रीराम भारत समेत समूचे विश्व के लोगों के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करें। समाज में एका लाने की शक्ति प्रदान करें। देश समरसता व सहिष्णुता का वैश्विक मिसाल बने। सोमवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होते ही प्रत्येक भारतवासी में कमोबेश उपरोक्त भाव ही था। ऐसा होना लाजिमी भी है। क्योंकि लोगों की करीब 500 वर्षों की प्रतीक्षा पूर्ण हुई है। अपने राम को पाकर जहां सरयू आह्लादित है। अयोध्या नगरी इठलाती दिख रही। देश में आस्था की लहर तरंगित हो रही है।

श्रीराम न्याय, त्याग, बलिदान, ऐश्वर्य और शौर्य के अप्रतिम उदाहरण हैं। उनके बताए रास्ते पर चलकर ही हम अपना व समाज का कल्याण कर सकते हैं। राम का मूल दर्शन है- "मैं हूँ, क्योंकि हम हैं।" धर्म की परिकल्पना का यह मूलाधार है। मैं, मेरा परिवार, ग्राम, राज्य, राष्ट्र, मानवता, मानवेतर जीव सृष्टि, निसर्ग ये सभी परस्पर जुड़ी हुई हैं। उक्त सभी विस्तारित होने वाली विभिन्न इकाइयां हैं। इनमें परस्पर संघर्ष नहीं, समन्वय है। स्पर्धा नहीं, संवाद है। इन सभी इकाइयों का अवलंब हमारा जीवन है। श्रीराम के द्वारा दिखाए गए रास्ते हैं।

उक्त सब हैं, इसीलिए हम हैं। राम के दर्शन को केवल एक धर्म या समुदाय तक सीमित रखना उपयुक्त नहीं। उसे केवल आध्यात्मिकता तक सीमित रखना भी अपर्याप्त। भले ही हमारी मान्यताएं या विश्वास अलग-अलग हो मगर सभी मान्य धर्मों में एक ही अलौकिक शक्ति पाने की चाह तथा इंसानों के उपकार की भावना निहित है। इस लिहाज से भले ही सबके रास्ते दिखने में अलग-अलग हो मगर मंजिल सबकी एक ही होनी चाहिए। भारत को विश्व में अव्वल बनाने की। राम का दर्शन भी तो किसी इंसान या प्राणी में परायापन नहीं देखता। सभी को एक समान मानता है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा ऐतिहासिक, गौरवशाली व अविस्मरणीय है। अयोध्या में राम आगमन बदलते भारत की तस्वीर है। एक नए भारत का सूत्रपात है। दशरथ-कौशल्या सुत राघव के भारत का। राम के दर्शन को आत्मसात करने वाले भारत का।

भाव-विभोर हैं हम, शब्द पड़ेंगे कम

कौशल्या पुत्र मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की अयोध्या में हुई प्राण प्रतिष्ठा से भक्त झूम रहे हैं। सरयू जहां आनंद के हिलोरे ले रही वहीं दशरथ महल में दिवाली जैसा दृश्य है। नाना प्रकार के फूलों से सजा राम मंदिर राम आगमन पर पुलकित है। जनमानस आत्मविभोर है। चहुंदिश हर्ष का वातावरण, उमंग व उल्लास। अयोध्या के तो कहने ही क्या .! राम आगमन से धर्मनगरी आह्लादित है, अपने राम के स्वागत में अयोध्या दोहरी हुई जा रही।

विगत एक सप्ताह से प्राण प्रतिष्ठा की बाट जोह रहे थे पश्चिम बंगाल के बिंदेश्वरी दास का भाव तो विह्वल कर देने वाला। बताया कि पिछले 6 दिन से समय काटना मुश्किल हो गया था। प्राण प्रतिष्ठा के बाद अपने को धन्य मान रहा हूं।

अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर निवासी स्वामी रामशरण दास अयोध्या आने व प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने को अपने जीवन की थाती बता रहे हैं।

बिहार के सीतामढ़ी निवासी पूर्णिमा मंडल का भक्ति भाव तो अप्रतिम। वे अपना जीवन श्रीराम के पूजन में बिताने की आकांक्षा रखती हैं।

हरियाणा के रोहतक निवासी बाबा अवधूत प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने को जीवन का मोक्ष बता रहे।

अयोध्या रामोत्सव

अमृत विचार

मंगलवार, 23 जनवरी 2024

www.amritvichar.com

गूंजा भोपाल का ढोल और काशी के 51 डमरू

अयोध्या कार्यालय। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न होते ही भोपाल की कीर्तन मंडली का ढोल और काशी के 51 डमरू डमडमाने लगा। दोनों की आवाज से लता चौक गूंज उठा। श्री काशी विश्वनाथ महादेव डमरू सेवा समिति के मनोज कुमार अग्रहरि ने बताया कि तीन-तीन किलो के 51 डमरू अयोध्या लेकर आए थे। राम की पैड़ी के मार्ग पर मध्य प्रदेश के भोपाल के श्री बाबा बटेश्वर कीर्तन समिति की तरफ से एक बड़े ढोल पर श्रद्धालुओं ने प्रस्तुति दी। बड़े-बड़े झंडे लेकर श्रद्धालु जयश्रीराम के जयकारे लगा रहे थे।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद खुशी मनाते भक्त।

भक्तों ने मंगल आरती के साथ जलाए पांच दीपक

राम की पैड़ी पर 1.60 लाख और हनुमानगढ़ी में जले 21 सौ दीप, फुलझड़ी भी छुड़ाई

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : मंगल आरती के साथ राम भक्तों ने पांच दीपक श्रीराम के नाम प्रज्वलित करते हुए पटाखे छोड़ने शुरू कर दिए। शहर से लेकर गावों तक दिव्य दीपोत्सव के बीच बच्चों और महिलाओं ने भी आनंदित होकर उल्लास की फुलझड़ियां छुड़ाई। राम की पैड़ी पर 1.60 लाख दीप जलाए गए।

भगवान रामलला अपने दिव्य और भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद राम की पैड़ी 200 से अधिक सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र-छात्राएं और बड़ी संख्या में सुरक्षा में तैनात महिला सिपाहियों ने दीप जलाकर आतिशबाजी भी की। स्वयंसेवक कुसुम ने कहा कि आज भगवान अपने घर में विराजमान हुए हैं। इसी उत्साह में हम लोग यहां पर दीप जला रहे हैं। हनुमान गढ़ी के मुख्य द्वार पर पुजारी राजू दास के नेतृत्व में 2100 दीप जलाकर दिवाली मनाई। पुजारी राजू दास ने कहा कि आज हमारे प्रभु अपने दिव्य भव्य घर मे विराजमान हो गए। जिसको लेकर पूरी दुनिया में अपार खुशी है। सभी दीपावली मना रहे हैं। दिव्य दीपावली से अयोध्या धाम समेत जुड़वा नगर में कोना-कोना जगमग हो उठा। लोगों ने संध्या को राम आरती के बाद नए कपड़े पहन प्राण प्रतिष्ठा की दीपावली मनानी शुरू कर दी। चौक, रिकाबगंज, सिविल लाइंस, देवकाली, रामपथ, नियावां, अंगूरीबाग आदि इलाकों में उल्लास के साथ लोग घरों के बाहर परिवार के साथ दीपोत्सव में अपनी सहभागिता कर रहे थे। सिविल लाइंस के अनुराग अग्रवाल, शोभित गुप्ता ने बताया कि परिवार व दोस्तों के साथ शाम सात बजे आतिशबाजी शुरू की है और मध्य रात्रि तक जश्न मनाएंगे। बताया कि दो दिन पहले ही स्टॉक कर लिया था, बस आज का इंतजार कर रहे थे। वहीं पूराबाजार की ग्राम पंचायत रामपुर सरधा के श्रीराम जानकी मंदिर सहित अन्य मंदिरों पर प्रधान संघ के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अभिषेक सूर्यवंशी अंकुर के नेतृत्व में आतिशबाजी की गई। श्रीराम जानकी मंदिर सहित गांव के अन्य मंदिरों व देवस्थानों पर श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विभिन्न प्रकार के रंगोली बनाकर आतिशबाजी और भव्य दीपोत्सव मनाया जा रहा था। इसी तरह दशरथ समाज सहित ब्लॉक के सभी गांवों में दीपोत्सव पर्व के साथ आतिशबाजी हुई।

राम की पैड़ी पर दीप जलाते लोग

भरतकुंड के पौराणिक सरोवर पर दीपोत्सव के साथ आयोजित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

मसौधा, अयोध्या। अमृत विचार : श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मौके पर भरतकुंड महोत्सव न्यास की ओर से भरत जी की तपोभूमि नंदीग्राम भरतकुंड के पौराणिक सरोवर पर दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजित किया गया। बड़ी छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास द्वारा निर्मित भरत -हनुमान मिलन मंदिर, भरत गुफा, राम भरत मिलाप प्राचीन मंदिर पर महंत परमात्मा दास और प्राचीन मंदिर के पुजारी अरविंद तिवारी ने भंडारा किया। भरतकुंड महोत्सव न्यास के अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडे और सचिव अम्बरीष कुमार पांडेय ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले कलाकारों को भरत स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। नगर पंचायत भरतकुंड भदरसा के कस्बा भदरसा के शिवाला और बाजार वार्ड में स्थित देवी-देवताओं के मंदिरों के साथ राम जानकी मंदिर में भी पूजा पाठ के साथ दीप जलाए गए। पौराणिक स्थल भरत जी की तपोभूमि नंदीग्राम में फूलों से सजे मंदिरों में सुंदरकांड का पाठ के साथ देर रात तक दीपोत्सव मनाया गया।

आतिशबाजी

दिन भर आनंदोत्सव का उल्लास सांझ ढले दीपोत्सव की उमंग

गोसाईंगंज अयोध्या। अमृत विचार : प्रभु श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में सोमवार कस्बे के महादेवाघाट, सत्संग घाट, सीताराम घाट सहित हिंक्षाराम भारती मंदिर, ठकुराइन मंदिर, हनुमानगढ़ीआदि मंदिरों पर भव्य दीपोत्सव मनाया गया। लोगों ने अपने घरों को फूलों की लड़ियों व बिजली के झालरों से सजाया। सरयू तट स्थित श्रृंगी ऋषि आश्रम पर भी भव्य दीपोत्सव मनाया गया। सोहावल में शाम होते मठ-मंदिरों पर ही नहीं गांव की गली तक राम ज्योति और दीपोत्सव से जगमगा उठे।तहसीनपुर में प्रधान अखिलेश सोनी पंडित और राम नाथ मिश्र की अगुवाई में खिरौनी मां ज्वाला के मंदिर पर अधिवक्ता दीपक सिंह, सत्यमाम सिंह ने अनुष्ठान किया। व्यापार मंडल सुचित्तागंज सत्येंद्र गुप्ता, संतोष गुप्ता पवन गुप्ता आदि ने बाजार में शाम को रथ यात्रा के साथ मेले का आयोजन कर मिष्ठान्न वितरण किया। भेलसर, बड़ागांव में भी विभिन्न मठ-मंदिरों समेत इलाके में दिव्य दीपोत्सव मनाया गया। रुदौली के शुजागंज के हसनामऊ मंदिर व कोटरा को रंग बिरंगी लाइट व भगवा ध्वज से दुल्हन की तरह सजा दिया गया। दोनों गांव के मंदिरों पर 5100 सौ दीप प्रज्वलित किए गए।

बीकापुर में सड़कों पर आतिशबाजी करते बच्चे।

पूराबाजार के रामपुर सरधा में मंदिर में दीपोत्सव मनाते रामभक्त।

32 सीढ़ियां उतरकर 16 मिनट तक अतिथियों के साथ रहे प्रधानमंत्री

अयोध्या कार्यालय

▸▸ **अमिताभ, रजनीकांत, मुरारी बापू, रामभद्राचार्य व अन्य से उनका हाल जाना**

अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की समाप्ति के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंदिर की 32 सीढ़ियों से उतरकर सीधे अतिथियों के पास पहुंच गए। इस दौरान उनकी सुरक्षा में लगी एसपीजी चौकन्नी हो गई और उनके साथ ही साथ रही। नरेंद्र मोदी 16 मिनट तक हाथ जोड़कर अतिथियों से मिलते रहे। बॉलीवुड के अभिनेता अमिताभ बच्चन, दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार रजनीकांत, कथावाचक मुरारी बापू, पद्मश्री कथावाचक रामभद्राचार्य समेत अन्य अतिथियों के पास जाकर उनका हाल जाना। इस दौरान पीएम मोदी ने मंदिर निर्माण के प्रमुख ठेकेदार राजेश श्रीवास्तव की पीठ थपथपाकर उनको बधाई और आशीर्वाद दिया। इस दौरान अतिथि भी उनसे भेंट करने के लिए उत्साहित दिखे। कई ने अपने मोबाइल से उनके साथ सेल्फी भी लेनी चाही। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचे। इसके बाद वह हेलीकॉप्टर से साकेत महाविद्यालय पहुंचे। इतनी देर में जन्मभूमि परिसर में 3500 संत-धमार्चार्यों के अलावा राजनीति, खेल व फिल्म जगत की हस्तियां मंदिर में पहुंच गई थीं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने दोपहर करीब 12 बजे समारोह के मंच से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परिसर में पहुंच चुके हैं। इसके बाद वहां बैठे अतिथियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। नरेंद्र मोदी ने पूजा संपन्न करने के बाद संबोधित किया। नवनिर्मित मंदिर परिसर के प्रांगण से अपना भाषण खत्म करते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीचे उतर आए और अतिथियों से मुलाकात करने लगे।

भावुक हो रो पड़ीं तीनों साध्वी...

अयोध्या कार्यालय। श्रीराम जन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सोमवार को एक पल उस समय भावुक हो गया, जब राम जन्मभूमि आंदोलन की तीनों फायर ब्रांड साध्वी एक-दूसरे से मिली तो गले मिल कर रोने लगीं। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने आई साध्वी ऋतंभरा, साध्वी उमा भारती और साध्वी निरंजन ज्योति जब एक दूसरे से मिली तो राम लला के मंदिर को मूर्त रूप में देख खुद को रोक न सकीं। सपने को साकार होते देख और आन्दोलन की तीनों साध्वी गले मिल कर रोने लगीं। इस पल को देखने वालों की भी आंखे नम हो गईं।

रामधरा से लेकर आकाश तक गूंजता रहा शंखनाद - जयश्रीराम का उद्घोष, बजती रही बधाइयां और सोहर गीत

पूरी हुई 500 वर्षों की आस अश्रु बन कर फूटा उल्लास

मधु देवी : यूं करती रहीं आराध्य के आगमन की प्रतीक्षा।



मोबाइल पर लाइव प्रसारण देखते साधु विश्राम दास।

कमर अब्बास, अयोध्या।

अमृत विचार : रामपथ पर सोमवार सुबह आठ बजे से ही आतुरता की रामनामी ओढ़े खड़ी अयोध्या की मधु देवी के नेत्रों से झर-झर आंसू बहनें लगे, रुधें गले से बोल उठी मेरे राम आ गए... भावुकता संभाले नहीं संभली तो रामधरा पर शीश नवा दिया।

कर्नाटक के वेंकटेश मौली भी स्वयं को नहीं सम्भाल सके। ह्रदय में उमड़ रही भावनाएं केवल अश्रु बन कर ही नेत्रों से बाहर नहीं आईं बल्कि हनुमानगढ़ी की ओर नंगे पांव दौड़ पड़े, पुलिस कर्मी जब तक कुछ समझ पाते साष्टांग हो रामजन्मभूमि को नमन किया।

आगरा से आए अशोक अग्रवाल और उनकी पत्नी मीता अग्रवाल एक साथ जयश्रीराम का उद्घघोष किया और जन्मभूमि की ओर हाथ जोड़ बोले प्रभु अब दर्शन की भी अभिलाषा पूरी कर दो, जीवन का सब सुख मिल जाएगा।

यह भावुकता से भरे दृश्य उस धरा के रहे जहां रघुवर ने जन्म लिया और भव्य मंदिर में स्थापित होकर प्राण प्रतिष्ठित किए गए। पौ फटते ही सोमवार को रामपथ पर श्रद्धालुओं का रेला उमड़ना शुरू हो गया था। जैसे - जैसे घड़ी की सुई दोपहर 12 बजे की ओर अग्रसर होती गई वैसे-वैसे व्याकुलता चरम पर पहुंचती गई। हर एक को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतीक्षा थी कि वह कब आए और प्राण प्रतिष्ठा पूजन पूरा हो। हनुमानगढ़ी से लेकर लता मंगेशकर चौक तक रामपथ की दोनों ओर बैरिकेडिंग पर आराध्य के आगमन का सैलाब जुट गया। 11:15 बजे तक लोग धैर्य धरे रहे लेकिन जैसे ही घड़ी का कांटा 11:45 पर पहुंचा आतुरता प्रस्फुटित होने लगी। तेलंगाना से आए रामबिशुन बार - बार सुरक्षा कर्मियों से पूछते रहे, बताओ मोदी जी कब आ रहे हैं? सीतापुर की ममता पांडेय अपनी सासू मां उर्मिला देवी के साथ आईं थीं। बोली आज ईश्वर 12:20 जल्दी बजा देते, अब धैर्य नहीं होता है। साथ आए बच्चों मयंक और आशू बार - बार पूछते रहे.. माँ राम जी कब आयेगें? । इसी बीच करीब 10 साधुओं का एक जत्था जयश्रीराम का उद्घघोष करते हुए सड़क पर आ गया। सुरक्षा कर्मी टोकते हैं.. एक साथ सब बोल उठते हैं राजा राम आ रहे हैं। आज मत रोको अन्यथा अनर्थ हो जाएगा। इसी दौरान जनसैलाब हुंकार भरता है लो आ गए मोदी जी.. वैदिक छात्रों का समूह शंखनाद करता है। फिर शुरु हो जाती है अकुलाहट और व्याकुलता। भीड़ में कई लोग लाइव प्रसारण देखने लगते हैं। जन्मभूमि में पूजन प्रारम्भ होते ही सम्पूर्ण रामपथ रामोत्सव में मगन होकर पूजन पूरा होने की प्रतीक्षा में।

जब धरा से क्षितिज तक गूंज उठा भये प्रकट कृपाला दीनदयाला...

प्राण प्रतिष्ठा होते ही अयोध्या आनंद और उत्सव में डूब गई है। चहुंओर शंखनाद के बीच बधाईयाँ गूंजने लगती है। शंखनाद और जय श्रीराम के उद्घघोष के बीच प्राकट्योत्सव का प्रचलित भजन बजने लगता है।

भए प्रगट कृपाला दीनदयाला,
कौसल्या हितकारी ।
हरषित महतारी, मुनि मन हारी,
अद्भुत रूप बिचारी ॥
लोचन अभिरामा, तनु घनस्यामा,
निज आयुध भुजचारी ।

भूषन बनमाला, नयन बिसाला,
सोभासिंधु खरारी ।।
कह दुइ कर जोरी, अस्तुति तोरी,
केहि बिधि करूं अनंता ।
माया गुन ग्यानातीत अमाना,
वेद पुरान भनंता ॥

अपने अंदाज में किया रामलला का आतिथ्य

अयोध्या कार्यालय

▸▸ **आराध्य की जन्मस्थली पर सांस्कृतिक प्रस्तुति देना सौभाग्य की बात**

अमृत विचार : रामलला के भव्य मंदिर के गर्भगृह में विराजमान होते हुए पूरी रामनगरी उल्लास में डूब गई। प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान के बाद जब रामलला के नवीन विग्रह से पर्दा हटा तो पूरी अयोध्या एक साथ जय श्रीराम के उद्घोष से गुंजायमान हो उठी। जहां जो था बस अपने आराध्य के मुख पर बिखरी मधुर मुस्कान देखकर मुदित हो गया। प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव पर सांस्कतिक कार्यक्रम के लिए दूर दराज से आए कलाकार भी अपने भाव के नहीं छिपा पाए। कई वर्षों के वनवास के बाद रामलला के राज्याभिषेक के दौरान उनकी आस्था का भाव मंच से ही झलकने लगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में आए कलाकारों ने कहा कि यह पल हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण दिन हैं, इसकी कल्पना हमने सपनों में भी नहीं की थी, इस दिन रामनगरी में हमें कार्यक्रम में प्रस्तुति देने का मौका मिलेगा। रामकथा संग्रहायल के सामने लगे मंच पर महोबा से आए कलाकार अपनी प्रस्तुति दे रहे थे। दोपहर जैसे ही रामलला अपने भव्य मंदिर में प्रतिष्ठित हुए तो उनकी खुशी का ठिकाना न था। सुबह से प्रस्तुतियां दे रहे कलाकारों के शरीर पर थकान और माथे पर पसीना आने लगा। सभी थककर जमीन पर बैठ गए, लेकिन जैसे ही राम मंदिर में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा होते हुए रामनगरी में गुंजायमान हो रहा जय श्रीराम का उद्घोष उनकी कानों तक पहुंचा तो उनमें एक नई ऊर्जा का संचार हो उठा। सभी अपने आराध्य के राज्याभिषेक की खुशी में नई स्फूर्ति के साथ प्रस्तुतियां देने में जुट गए।

उनका कहना था कि ऐसा मौका बड़े ही सौभाग्य से मिलता है। हम बहुत खुश नसीब है कि हमें प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली पर उपस्थित हैं। कलाकारों ने अपने अंदाज में रामलला का आतिथ्य किया और उन्हें शीश नवाया।

लता मंगेशकर चौराहे पर नृत्य पेश करती कलाकार।

अयोध्या का यह स्वरूप देखने के लिए कितनी सदियां बीत गईं। धन्य हैं हम सभी अयोध्यावासी जो हमारा जन्म प्रभु श्रीराम की पावन भूमि पर हुआ है। हम अपनी आँखों से अपने प्रभु का मंदिर बनते देख रहें हैं। आज प्रभु अपने भव्य मंदिर में आ गए। यह देखकर मन भावुक है। रामराज्य की स्थापना की आधारशिला मोदी जी ने रखी। हम अयोध्या वासी आह्लादित ही नहीं प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री समेत सभी विशिष्ट जनों के प्रति ह्रदय से आभारी हैं। **-वेद प्रकाश गुप्ता, नगर विधायक, अयोध्या**

धन्य हुआ अवध का कण-कण, कण - कण में बसे हुए हैं प्रभु श्रीराम। आज न केवल 500 वर्षो की साधना पूरी हुई वरन रामराज्य की स्थापना की आधारशिला भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने रखी। हम अयोध्या वासी आह्लादित ही नहीं प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री समेत सभी विशिष्ट जनों के प्रति ह्रदय से आभारी हैं। मैं संपूर्ण अयोध्या की ओर से समस्त राष्ट्र के प्रति श्रद्धा एवं आभार निवेदित करता हूं। **-लल्लू सिंह, अयोध्या सांसद**

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्रभु रामलला की प्राणप्रतिष्ठा सदियों की निष्ठा को सम्मान देने और इन सबके माध्यम से एक संप्रभु राष्ट्र के लोकोन्मुख प्रतिज्ञा को पूरा करने का अवसर था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने स्वयं उपस्थित रहकर भारतीय जन के चिरसंचित उल्लास का प्रतिनिधित्व किया। **- ऋषिकेश उपाध्याय, पूर्व महापौर**

राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर का आनंद का वर्णन शब्दों में नहीं किया जा सकता है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा नए सिरे से राष्ट्र के सांस्कृतिक गौरव की स्थापना की मजबूत नींव है। राम भारत की आस्था हैं और राम का भव्य मंदिर भारत का गौरव है। **-विनोद अग्रवाल, मेयर मुरादाबाद**

भव्य राम मंदिर में बाल स्वरूप रामलला का विराजमान होना और प्राण प्रतिष्ठा भारतीय संस्कृति और सम्मान का दिवस है। यह ऐतिहासिक क्षण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के परिश्रम और स्नेह का परिणाम है। हम संपूर्ण अयोध्यावासी न केवल उल्लासित है बल्कि भावुक भी है। उन सभी के प्रति ह्रदय से आभार प्रकट करते हैं जिनकी गरिमामयी उपस्थित में प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न हुआ। **-इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू, पूर्व विधायक**

पौष शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 8:39 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2080
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
हल्द्वानी, मंगलवार, 23 जनवरी 2024
वर्ष 3, अंक 341, पृष्ठ 18
मूल्य 6 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण
www.amritvichar.com

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

क्षुद्रग्रह से जगमगा उठा जर्मनी के बर्लिन का आसमान 18
कैटरीना समेत कई एक्ट्रेसेस डीपफेक का शिकार 17

रामलला के दिव्य विग्रह का पट हटते ही गर्भगृह में गूंजा आम आकांक्षाओं का भाव, आह्लादित हुआ विश्व

अलौकिक क्षण, मोरे रामलला, मोरे रामलला ...

प्रधानमंत्री मोदी ने सदियों के धैर्य, अनगिनत बलिदान, त्याग-तपस्या का दिया अनुपम क्षण

संघ प्रमुख, मुख्यमंत्री, राज्यपाल की उपस्थिति में गूंजा रघुपति राघव..., चहुंओर राष्ट्र का यशगान

धीरेंद्र सिंह, अयोध्या

अमृत विचार : मोरे रामलला, मोरे रामलला..मंत्रोच्चार के बीच गर्भगृह में आम आकांक्षाओं के इन शब्दों के बीच गूंजती शंखध्वनि, घंटे-घड़ियाल और जय-जयकार से रामलला के दिव्य विग्रह का पट खुलते ही अद्भुत रूप देख हर कोई भाव विह्वल हो उठा। हाथ में धनुष-बाण लिए पांच साल के घनश्याम रामलला को देख रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीता राम.. गूंजने लगा। सजीव नेत्रों की शोभा तो देखते बन रही थी, जो जहां था वहीं भक्तिभाव वश झूमने लगा। सब मानों त्रेता युग में माता कौशल्या सा भये प्रकट कृपाला, दीन दयाला.. का साक्षात्कार कर रहे हों।

अयोध्या सदियों के अभूतपूर्व धैर्य, अनगिनत बलिदान, त्याग और तपस्या का यह अनुपम क्षण देख ठिठक सी गई। हेलीकाप्टर से आकाश से हो रही पुष्पवर्षा उन्हीं भावों की याद दिला रही थी कि जैसे रामायणकाल में देवतागण अयोध्या में ऐसे क्षणों में पुष्प वर्षा करते थे। भक्तिभाव से ओतप्रोत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गर्भगृह में सोमवार को ठीक दोपहर 12 बजकर बजकर 29 मिनट 8 सेकेंड से लेकर 12 बजकर 30 मिनट 32 सेकेंड तक 84 सेकंड के बीच अभिजीत मुहूर्त, इंद्र योग, मृगशिरा नक्षत्र, मेष लग्न एवं वृश्चिक नवांश में 500 वर्षों के संघर्ष के बाद देश को अविस्मरणीय क्षण दिया। उनके साथ संघ प्रमुख मोहन भागवत, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी भव्य 51 इंच ऊंची प्रतिमा का विग्रह एकटक निहारते भाव-भजन में डूब गए।

इसके पहले प्रधानमंत्री मोदी के पहुंचने पर ठीक दोपहर 12:10 बजे आचार्य सुनील शास्त्री ने प्राण-प्रतिष्ठा के लिए संकल्प कराया। मुख्य आचार्य गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ ने मोदी ने चल विग्रह के रूप में विराजमान रामलला, भरत लला, लक्ष्मण लला, शत्रुघ्न लला समेत हनुमंत लला की पूजा-अर्चना की। मोदी ने एक घंटे अधिक समय गर्भगृह में बिताया। उन्होंने रामलला के सामने साष्टांग दंडवत कर देशवासियों के कल्याण की कामना की। प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रधानमंत्री ने निर्मोही अखाड़ा के स्वामी गोविंददेव गिरि के हाथ से जल पीकर 11 दिन का उपवास खोला।

राम मंदिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत के साथ प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी।

मेहमानों ने कहा- यह रामराज्य की शुरुआत

राज्य ब्यूरो, अयोध्या

अमृत विचार : अयोध्या पहुंचे संत-धर्माचार्य और अपने-अपने क्षेत्र की हस्तियों का आस्था का रंग देखने लायक था। अद्भुत-अलौकिक अयोध्या का दर्शन पाकर हर कोई भाव विभोर दिखा। कोई गीत गुनगुनाता दिखा तो कोई रामलला के विराजने से रामराज्य की शुरूआत का संकल्प जता रहा था।

राममंदिर जाते वक्त कथा वाचक मोरारी बापू ने कहा कि योग लगन ग्रह बार तिथि, सकल भए अनुकूल.. आज का दिन बहुत बड़ा शुभ अवसर लेकर आया है। हर घर आनंद है। हनुमानगढ़ी का दर्शन करके राममंदिर जा रही सपा मुखिया रहे मुलायम यादव परिवार की बहू अपर्णा यादव ने कहा कि गौरवान्वित करने वाला क्षण है। पीएम मोदी राष्ट्र को नई दिशा दे रहे हैं। कारसेवकों पर गोली चलवाने के सवाल पर बोलीं कि क्या कहूं, भगवान सद्बुद्धि दे। आचार्य हरिनारायण रामलला के विग्रह की खासियत और पूजन विधि बताते दिखे। राम की पैड़ी पर योगगुरू स्वामी रामदेव ने कहा पूरी अयोध्या का रंग त्रेता युग जैसा है। रामराज्य का रास्ता भी आज से शुरू हो गया है। अभिनेता अनुपम खेर ने कहा कि आज दिवाली है, पूरा देश राममय है। राम ने सबको जोड़ा है, वे सबके हैं और सबमें हैं। गायक कैलाश खेर ने कहा कि आज अयोध्या तीनों लोक से जगमग है। अभिनेता मनोज जोशी ने कहा कि जयश्री राम से स्वागत और भगवा पट्टा पहनने से बहुत भावुक हूं। अयोध्या की माला तिवारी ने गीत सुनाया कि राम हमारे अयोध्या पधारे..।

- संत भाव विह्वल, अलग अलग क्षेत्र की हस्तियों में रहा उल्लास
- 500 साल बाद रामलला के विराजने से देश का होगा कल्याण

संत धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि आज हनुमान जी बहुत प्रसन्न हैं। अभिनेत्री कंगना रनौत बोलीं कि ऐसा लगता है कि पौराणिक काल में पहुंच गए हों। लेखक प्रसून जोशी ने कहा कि मर्यादा पुरषोत्तम भगवान राम के आदर्शों से बहुत कल्याण हो सकता है। गायक शंकर महादेवन ने राम राम जय राजा राम.. सुनाकर भाव व्यक्त किया। कवि शैलेश लोढ़ा बोले कि राम के जीवन से हर पल सीखना चाहिए। राम की मर्यादा का भाव जगा है, रामराज्य आ रहा है।

रामायण सीरियल में सीता बनीं दीपिका ने कहा कि वे यहां आकर अभिभूत हैं। इसी सीरियर में लक्ष्मण बने सुग्रीव लहरी बोले-बहुंत शुभ दिन है, 500 साल की प्रतीक्षा खत्म हो रही है। कवि कुमार विश्वास ने कहा कि ऐसा ही पुण्य फल काशी और मथुरा में भी देखना चाहता हूं। लोक गायिका मालिनी अवस्थी भाव विह्वल थीं। दीपा पद्माकर ने खुशी जताते हुए कहा कि पिछले दिनों आई थी, मेरा भी एक पत्थर नींव में है।

गूढ़ मंडप से लेकर रंगमंडल और नृत्य मंडप में छाया था भक्तिभाव

प्राण-प्रतिष्ठा के दौरान लाइव टीवी पर दिखने वाले दृश्य से अलग भक्तिभाव गूढ़ मंडप से लेकर रंगमंडल और नृत्य मंडप में था। जहां श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास, शंकराचार्य वासुदेवानंद सरस्वती, जगतगुरू स्वामी परमानंद, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंददेव गिरी, ट्रस्टी के परासरन, ट्रस्टी विमिलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र और मुख्य आचार्यों समेत यजमान व ट्रस्टी अनिल मिश्र, काशी डोमराजा समेत विभिन्न 15 यजमान भी थे। यह लोग सुबह की संकल्पवान हो पूजा में लीन थे।

रामनगरी समेत हर मंदिर में बजे शंख, गूजें घंटे-घड़ियाल

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही अयोध्या नगर के 10 हजार से अधिक छोटे-बड़े मंदिरों समेत पूरे देश के पांच लाख मंदिरों में शंख ध्वनि और घंटे घड़ियाल के बीच भये प्रगट कृपाला..से आरती उतारी गई। लोग घंटों भक्तिभाव में थिरकते रहे। सड़कों पर भंडारा और भक्तिगीत से माहौल धर्ममय रहा।

रामोपासना : रामलला की पूजा का तय हुआ विधान

राम मंदिर की भव्य प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम पूर्ण हो गया है। इसी के साथ 23 जनवरी से राम मंदिर में रामलला की पूजा का विधान तय हो गया है। इसके लिए श्री रामोपासना नाम से संहिता बनाई गई है। नियम के तहत सुबह तीन बजे से पूजन और श्रृंगार की तैयारी होगी। चार बजे रामलला को जगाया जाएगा। पहले पांच बार आरती होती थी, आगे भी वैसे ही होगी।

अयोध्या में उमड़ा आस्था का समुद्र

रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में रामभक्ति का समुद्र उमड़ पड़ा। मेहमान, संत-धर्माचार्य जहां अयोध्या और प्रभु राम की महिमा गिनाते नहीं थक रहे थे, वहीं, फिल्मी दुनिया का चटख रंग हर ओर उल्सास बिखेर रहा था। भाव-भक्ति से ओतप्रोत अमिताभ बच्चन, हेमामालिनी, जैकी श्रॉफ ,रणबीर कपूर, अभिषेक, चिरंजीव, रजनीकांत, आलिया, कंगना आदि कलाकारों का ड्रेस सेंस अलग ही समा बांध रहा था। अपने-अपने क्षेत्र की हस्तियों का एक साथ राममंदिर के प्रांगण में मिलन देख समूचा देश भाव-विह्वल था। सड़कों पर देशभर के कलाकार मंगलध्वनि से भगवान और देश का यशोगान करते दिखे।

प्रधानमंत्री ने मंदिर निर्माण कार्य से जुड़े श्रमिकों पर की पुष्प वर्षा

अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंदिर के निर्माण कार्य से जुड़े मजदूरों पर पुष्पवर्षा की। साथ ही श्रमिकों के योगदान को सराहा।

रात 10 बजे तक दर्शन, श्रृंगार और शयन में बंद रहेगा मंदिर

प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होने के बाद 23 जनवरी से ब्रह्म मुहूर्त में करीब 3 बजे से गर्भगृह की स्वच्छता करने, पूजन और श्रृंगार की तैयारी की जाएगी। 3 .30 से 4 बजे के करीब, तय समय पर भगवान के दोनों विग्रह और श्रीयंत्र को मंत्रों से जगाया जाएगा। फिर मंगला आरती होगी। इसके बाद विग्रहों का अभिषेक, श्रृंगार भोग होगा। श्रृंगार आरती होगी। यह 4 .30 से 5 तक होगी। सुबह आठ बजे से दर्शन शुरू होंगे। दोपहर, करीब एक बजे मध्याह्न में भोग आरती होगी। दो घंटे दर्शन बंद रहेंगे। भगवान विश्राम करेंगे। दोपहर तीन बजे से दर्शन फिर शुरू होंगे, जो रात 10 बजे तक लगातार जारी रहेंगे। इसी बीच, शाम सात बजे संध्या आरती होगी।

दिन के अनुसार बदलता रहेगा रामलला के वस्त्रों का रंग

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट के अनुसार, रामलला को हर घंटे फल-दूध का भोग लगेगा। हर रोज सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक मंदिर खुलेगा। प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं की ज्यादा संख्या को देखते हुए मंदिर में दर्शन की अवधि 14 से 15 घंटे हो सकती है। मंदिर के पुजारियों का कहना है कि 1949 में प्रकट हुए श्री रामलला के वस्त्रों का रंग दिन के अनुसार रहा है। रामलला सोमवार को सामान्य दिनों में सफेद वस्त्र धारण करते हैं, लेकिन विशेष अवसर पर पीले वस्त्र धारण करेंगे। मंगलवार को लाल, बुधवार को हरा, गुरुवार को पीला, शुक्रवार को हल्का पीला या क्रीम कलर, शनिवार को नीला और रविवार को गुलाबी रंग के वस्त्र पहनेंगे। नये बालरूप विग्रह के लिए राम मंदिर ट्रस्ट ने पुणे के हैरिटेज एंड हैंडवीविंग रिवाइवल चैरिटेबल ट्रस्ट से हथकरघे पर कपड़े तैयार करवाए हैं। इनकी बुनाई में देश के 10 से 15 लाख कारीगर शामिल रहे हैं।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह के साक्षी बने देशभर से आए संत-महात्मा।

उल्लास और गौरवान्वित करने वाला क्षण

प्रभु श्रीराम के वर्चुअल दर्शन करते मुख्यमंत्री धामी।

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: अयोध्या में प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टपकेश्वर मन्दिर से वर्चुअल दर्शन कर प्रभु श्रीराम से प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम सब प्रभु श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बने हैं। यह हर्ष- उल्लास और देश को गौरवान्वित करने वाला क्षण है। आज का दिन प्रभु श्री राम के न्याय और नैतिकता, सत्यनिष्ठा, साहस, शालीनता और करूणा के भाव को जीवन में लाने के लिए संकल्प लेने का दिन है। संतो की तपस्या, कार सेवकों के बलिदान, करोड़ों सनातनियों की प्रतीक्षा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रबल इच्छाशक्ति के परिणामस्वरूप आज अयोध्या में श्री रामलला अपने भव्य एवं दिव्य मंदिर में विराजमान हो गए हैं। मुख्यमंत्री ने इससे पहले टपकेश्वर मन्दिर में सपरिवार पूजा-अर्चना और यज्ञ किया।

राम आए सड़के-गलियां भी जगमग, राम की पैड़ी पर जले दीप, सरयू तट, राम की पैड़ी समेत मठ-मंदिरों में प्रज्ज्वलित की गई 'राम ज्योति'

रामज्योति से अयोध्या समेत देश में मनी दिवाली



अयोध्या से लौटने के बाद संध्याकाल में नई दिल्ली आवास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जलाई रामज्योति।

राज्य ब्यूरो, अयोध्या

अमृत विचार : अद्भुत, अलौकिक, अविस्मरणीय...कल्पनातीत सौंदर्य। अनगिनत दीपों से जगमगाती रामनगरी को जिसने भी देखा, अपलक निहारता ही रह गया। प्रभु श्रीराम की नगरी के वासी हों, श्रद्धालु हों या भारत के सुदूर क्षेत्रों से आए श्रद्धालु, सभी ''राम ज्योति'' प्रज्ज्वलित कर श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत अवधपुरी के कण-कण में अपने राम को निहार रहे थे, अपने घर में लल्ला की गूंज से हर ओर राम-राम नाम गुंजायमान रहा, सब में राम, जय जय श्रीराम। ऐसा ही दृश्य पूरे देश में देखने को मिला।

सोमवार को श्रीरामलला के अपने दिव्य-भव्य मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत दीपोत्सव मनाया गया। प्रभु के भक्त संकटमोचक हनुमानगढ़ी मंदिर के सामने भी भक्ति में लीन अवधपुरी में यह आयोजन अद्वितीय हो गया। अयोध्या दीपोत्सव में आस्था, आह्लाद और आत्मीयता के दीप जले। सहज आह्लाद के साथ आत्मीयता के भावों को संजोए हुए आराध्य प्रभु के प्रति आस्था निवेदित करते हुए सरयू तीरे, राम की पैड़ी, मठ-मंदिरों व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जल रहे अनगिनत दीपों के बीच निहाल श्रद्धालुओं का हर्ष, उमंग और अनुभूति हर कोई महसूस कर रहा था। सहज भाव से हो रहे ''राम राम जय राजा राम'' ''जय सिया राम'' ''सियावर रामचन्द्र की जय'' जयघोष के साथ सरयू की लहरों में उठती तरंगें देख ऐसा लगता था कि मानो सरयू मैया भी अपने राम की जयकार कर रही हों।

दीप जलाकर उतारी सरयू मां की आरती

प्रतिदिन की भांति सरयू मैया की आरती भी उतारी गई। इस दौरान आज अलग ही उमंग देखने को मिला। यहां अनेक साधु-संतों के साथ अनेक विशिष्ट जनों द्वारा घाटों पर आरती की गई।

राम की पैड़ी पर लेजर शो व इको फ्रेंडली आतिशबाजी

22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत सात बजे तक राम की पैड़ी पर प्रोजेक्शन शो का आयोजन किया गया है। इसके बाद यहां पर लेजर शो हुआ। इको फ्रेंडली आतिशबाजी का नजारा भी प्रस्तुत किया जाएगा, जिसे देख हर किसी का मन पुलकित हो उठा।

जनपदवार मतदाताओं की अंतिम सूची हुई जारी, इनमें महिला, पुरुष, सर्विस, ट्रांसजेंडर मतदाता हैं शामिल

82,37,025 मतदाता आम चुनाव में लेंगे भागीदारी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर सिर्फ राजनैतिक दल ही नहीं प्रशासन ने भी तैयारियां तेज कर दी हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. वी. षणमुगम ने सोमवार को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिलेवार मतदाताओं की अंतिम सूची जारी की है।

आंकड़ों के अनुसार, 8143501 मतदाता आमचुनाव में हिस्सा लेंगे। इनमें 4218089 पुरुष, 3925143 महिला एवं 269 ट्रासंजेंडर मतदाता है। वहीं 93524 सर्विस मतदाता है जिनमें 90927 पुरुष व 2597 महिला मतदाता शामिल हैं। इस तरह कुल 8237025 मतदाता संसद के लिए सदस्यों का चुनाव करेंगे।

डॉ. वी. षणमुगम, मुख्य निर्वाचन अधिकारी।

सबसे अधिक मतदाता देहरादून व सबसे कम रुद्रप्रयाग में : आंकड़ों पर गौर करें तो सबसे अधिक मतदाता देहरादून में 1499893 हैं जबकि सबसे कम रुद्रप्रयाग में 193734 हैं। देहरादून के बाद हरिद्वार में 1425828, ऊधम सिंह नगर में 1291126, नैनीताल में 774906, पौड़ी में 571706, अल्मोड़ा में 531195, टिहरी में 526543, पिथौरागढ़ में 368592, चमोली में 298413, उत्तरकाशी में 241201, बागेश्वर में 216527, चम्पावत में 203837 मतदाता हैं।

सर्विस मतदाता पौड़ी में सबसे ज्यादा

प्रदेश में सबसे ज्यादा सर्विस मतदाता पौड़ी में 15900 हैं जबकि हरिद्वार में सबसे कम 2260 हैं। इसके बाद पिथौरागढ़ में 14455, चमोली में 10348, देहरादून में 9825, अल्मोड़ा में 7224, ऊधम सिंह नगर में 5970, टिहरी में 5755, नैनीताल में 5419, रुद्रप्रयाग में 5300, बागेश्वर में 4605, उत्तरकाशी में 3347, चम्पावत में 3116, हरिद्वार में 2260 सर्विस मतदाता हैं।

हल्द्वानी तहसील में रखी गई सूची, देखें अपना नाम

प्रशासन ने नैनीताल संसदीय सीट पर भी मतदाताओं की अंतिम सूची बना दी है। हल्द्वानी विधानसभा सीट के मतदाताओं की सूची सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय व तहसील में चस्पा की गई है। इसमें मतदाता अपना नाम, पता वगैरह देख सकते हैं।

राज्य में सिर्फ 4 जिलों में 1 हजार से अधिक बूथ

प्रदेश में 11729 बूथों पर मतदान होगा। हैरानी की बात है कि प्रदेश में सिर्फ चार जिलों में सबसे एक हजार से अधिक बूथ हैं। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार सबसे ज्यादा बूथ देहरादून में 1880, हरिद्वार में 1713, ऊधम सिंह नगर में 1464, नैनीताल में 1010 बूथ हैं। वहीं, टिहरी में 963, पौड़ी में 945, अल्मोड़ा में 920, पिथौरागढ़ में 611, चमोली में 592, उत्तरकाशी में 544, बागेश्वर में 381, रुद्रप्रयाग में 362, चम्पावत में 344 बूथ बनाए गए हैं।

पारा सामान्य से 8.5 डिग्री कम

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: ठंड का कहर जारी है। अल-नीनो के प्रभाव और पश्चिम से आ रही हवाओं ने तापमान को नीचे गिरा दिया है। जनवरी के इन दिनों में सामान्य तौर पर इतनी ठंड नहीं पड़ती थी जितनी अभी पड़ रही है। हल्द्वानी में 6 दिनों के अधिकतम तापमान का आकलन करें तो पारा सामान्य से करीब 8.5 डिग्री नीचे चल रहा है।

सामान्य तौर पर जनवरी के दूसरे पखवाड़े से तापमान में उछाल आने लगता था लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ है। इन दिनों अधिकतम तापमान काफी दर्ज किया जा रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार 17 जनवरी के बाद अधिकतम तापमान औसत तापमान 19.8 डिग्री तक पहुंच जाता था तो वहीं 21 जनवरी से अधिकतम तापमान 20.4 डिग्री तक आ जाता है। हालांकि इस बार ऐसा नहीं हुआ है। इन 6 दिनों में ज्यादा समय अधिकतम तापमान 10 से 11 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया है। 21 जनवरी को तो अधिकतम तापमान 10.8 डिग्री दर्ज किया। 17 से 22 जनवरी के दौरान अधिकतम तापमान में औसतन 8.5 डिग्री की कमी दर्ज की गई है। इन 6 दिनों में कभी भी अधिकतम तापमान औसत तापमान के पास नहीं पहुंचा है। मौसम विभाग के अनुसार ठंड का इसी तरह से असर बना रहेगा।

हल्द्वानी में नहीं निकली धूप : सोमवार को सप्ताह की शुरूआत बेहद सर्द हुई। सुबह से ही धूप नहीं निकली। धूप नहीं निकलने की वजह से ठंड का असर और भी बढ़ गया। लोग ठंड से बचने के लिए हीटर और अलाव के सहारे बैठे रहे। शाम को ठंडी हवाएं भी चलती रहीं।

इस तरह हल्द्वानी में गिर रहा तापमान

तिथि	सामान्य	वास्तविक
17 जनवरी	19.8	11.7
18 जनवरी	19.8	11.2
19 जनवरी	19.8	11.2
20 जनवरी	19.8	17.4
21 जनवरी	20.4	10.8
22 जनवरी	20.4	11.9

(तापमान डिग्री सेल्सियस में, स्रोत–मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून)

> पश्चिम से आ रही हवाओं की वजह से गलन भरी ठंड पड़ रही है। इन दिनों सूखी ठंड पड़ रही है। लोगों को सावधानी रखने की जरूरत है। –**डॉ. आरके सिंह**, मौसम विज्ञानी, जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय, पंतनगर

सार-संक्षेप

डीजीपी ने की कमेटी गठित

देहरादून : उत्तराखंड पुलिस में आरक्षी/मुख्य आरक्षी/अपर उप निरीक्षक/उप निरीक्षक/निरीक्षक के वार्षिक मंतव्य (एसीआर) अंकित करने के संबंध में निष्पक्ष एवं पारदर्शी मानक तैयार करने के लिए पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशासन की अध्यक्षता में चार सदस्यीय समिति गठित की है, ताकि ग्रेडिंग सिस्टम में एकरूपता लाई जा सके। अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशासन समिति के अध्यक्ष तथा पुलिस महानिरीक्षक कार्मिक, पुलिस महानिरीक्षक, पीएसी, व पुलिस महानिरीक्षक, अभिसूचना/सुरक्षा समिति के सदस्य हैं।

यात्रियों की कमी के चलते रोडवेज में छाया सन्नाटा

हल्द्वानी : रोडवेज स्टेशन में यात्रियों की कमी के चलते सन्नाटा छाया रहा। बीते सोमवार को रोडवेज की बसों में यात्रा करने वाले यात्रियों में काफी गिरावट देखने को मिली। जहां आमतौर दिल्ली के लिये सबसे अधिक यात्री सफर करते हैं लेकिन सोमवार को यहां काफी कम यात्रियों ने सफर किया। इसके साथ ही अन्य मार्गों पर भी यात्रियों की संख्या में गिरावट आई है जिससे डिपो की आय भी गिरी है। हल्द्वानी डिपो के स्टेशन इंचार्ज एमएस मिश्रा ने बताया कि सोमवार को दिल्ली के लिये 7 बसें भेजी गईं जबकि सामान्य तौर पर यहां 15 से अधिक बसों का संचालन किया जाता है। देहरादून के लिये 4 और नैनीताल के लिये 3 बसें भेजी गईं।

सड़क किनारे खड़े वाहन को टक्कर मारकर किया क्षतिग्रस्त

नैनीताल : मल्लीताल चार्टन लॉज क्षेत्र में सड़क किनारे खड़े वाहन को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार क्षतिग्रस्त कर दिया। चंद्र भवन चार्टन लॉज निवासी विनोद चंद्र ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि 19 जनवरी की रात रोजाना की तरह अपना टैक्सी वाहन सड़क किनारे पार्क कर घर चला गया। सुबह जब वह काम के लिए निकला तो वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त था। आसपास के लोगों से उन्होंने काफी पूछताछ की मगर वाहन क्षतिग्रस्त करने वाले को कुछ पता नहीं लगा। कोतवाल डीवी सोलंकी ने बताया कि शिकायत पर अज्ञात के विरुद्ध एनसीआर दर्ज कर ली है।

116 पव्वे देसी शराब के साथ गिरफ्तार

भीमताल : भीमताल पुलिस ने 116 पव्वे देसी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष जगदीप नेगी ने बताया कि जमरानी अमृतपुर के हरीश चन्द्र पुत्र घनानन्द को शराब की तस्करी करते गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से शराब के पव्वे बरामद किए गए।

रामलीला प्रांगण में भव्य भजन एवं सुंदर कांड

नैनीताल : रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सोमवार को पूरी सरोवर नगरी राममय हो गई। नव सांस्कृतिक सत्संग समिति शेर का डांडा द्वारा सात नम्बर रामलीला प्रांगण में भव्य भजन एवं सुन्दरकाण्ड का आयोजन किया। समिति के संस्कृति प्रेमी अध्यक्ष खुशाल सिंह रावत एवं संगीत प्रेमी तबला वादक महा सचिव पूरन चंद्र पांडे के नेतृत्व में अलग अलग सुर लय के साथ क्षेत्र के श्रद्धालुओं में सुन्दरकांड का सस्वर पाठ किया। मातृ शक्ति के नेतृत्व में भजनों की भावमयी प्रस्तुतियां कर रामभक्ति आयोजन को सफल बनाने में नव सांस्कृतिक सत्संग समिति के सदस्यों महेश तिवारी, कैलाश जोशी, इंद्र सिंह रावत, ललित पांडे, दिनेश जोशी, भैरव सिंह, कुंवर सिंह रावत, प्रकाश चंदोला, महावीर सिंह बिष्ट, दीपक जोशी, वीरेंद्र जोशी, पंकज वर्मा आदि ने योगदान दिया।

लालकुआं में जगह-जगह भंडारे, मिष्ठान वितरण

लालकुआं : लालकुआं रेलवे बाजार में तहसील कार्यालय के समीप व्यापारियों ने खिचड़ी एवं लड्डुओं के भंडारे का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया। इससे पूर्व हवन यज्ञ के साथ–साथ राम आरती की गई। कार्यक्रम के आयोजक शेखर पांडे और पंकज पांडे मौजूद रहे। स्थानीय कोतवाली प्रांगण व बिंदुखत्ता कारोड बाजार में की दर्जनों मंदिरों में संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन कर शाम को प्रसाद वितरण किया गया। वहीं लालकुआं–रुद्रपुर टेंपो एसोसिएशन ने भी टेंपो स्टैंड में खिचड़ी के भंडारे का आयोजन किया। हल्दूचौड़ रामलीला ग्राउंड में अयोध्या के उक्त धार्मिक अनुष्ठान का लाइव कार्यक्रम क्षेत्रीय विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट ने आयोजित किया।

लालकुआं में श्री राम आरती के दौरान श्रद्धालु।

सरोवर नगरी में निकली श्रीराम की भव्य शोभायात्रा

देर शाम श्री राम सेवा दल व मां नयना देवी व्यापार मंडल ने आतिशबाजी की, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर सोमवार को नगर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रशासन द्वारा मल्लीताल वाल्मीकि पार्क नयना देवी मंदिर के समीप राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण देखने के लिए बड़ी स्क्रीन लगाई गई थी जिसमें सैकड़ों लोगों ने राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दर्शन किए। श्रीराम सेवा दल द्वारा डीएसए मैदान से बड़ा बाजार माल रोड होते हुए तल्लीताल तक शोभायात्रा निकाली।

इस दौरान सैकड़ों की संख्या में राम भक्त झूमते हुए नजर आए। इस दौरान राम मंदिर ध्वज लगी बाइकें भी शोभायात्रा में शामिल रहीं। मां नयना देवी व्यापार मंडल ने मल्लीताल बाजार को लाइटों से सजाया था और माल रोड पर प्रसाद का वितरण भी किया गया। वाल्मीकि पार्क में सीधा प्रसारण देखने पहुंचे लोगों को विधायक सरिता आर्य ने शुभकामनाएं दीं। देर शाम श्री राम सेवा दल व मां नयना देवी व्यापार मंडल ने आतिशबाजी की। डीएसए मैदान व तल्लीताल बाजार में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ तो वहीं ठंडी सड़क स्थित पाषाण देवी मंदिर व नयना देवी मंदिर में सुंदरकांड का आयोजन किया गया। सूखाताल मंदिर व रामसेवक सभा द्वारा भी विभिन्न कार्यक्रमों का व भंडारे का आयोजन किया गया।

हवाई अड्डे का नाम वाल्मीकि के नाम पर रखने पर खुशी, बांटे फल : वाल्मीकि सेवा संघ नैनीताल ने अयोध्या नगरी में हवाई अड्डे का नाम वाल्मीकि के नाम पर रखने पर खुशी जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट किया है। वाल्मीकि सेवा संघ के अध्यक्ष कमल सिलेलाल ने वाल्मीकि सेवा संघ व वाल्मीकि समाज की ओर से प्रधानमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया है। इधर सोमवार को वाल्मीकि सेवा संघ ने नैनीताल में निकाली गई राम भक्तों की रैली में लोगों को फलों का वितरण भी किया। इस मौके पर अध्यक्ष कमल सिलेलाल, विवेक सौदा, अनिल पवार, रिंकू सिंह, प्रतिपाल, दिनेश पंवार, गुड्डू आदि मौजूद थे। वाल्मीकि सेवा संघ ने दर्शन पार्क तल्लीताल में भजन-गीत भी सुनने का प्रबंध किया था।

अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर नैनीताल में शोभायात्रा निकालते रामभक्त। ● अमृत विचार

नैनीताल के वाल्मीकि पार्क में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग।

राम बारात में शामिल हुए विधायक कैड़ा

भीमताल : प्रभु श्री राम के अयोध्या जन्म भूमि में प्राण प्रतिष्ठा के सुअवसर पर ओखलकांडा नाई में राम बारात निकाली गई। विधायक राम सिंह कैड़ा राम बारात में शामिल हुए और उन्होंने राम मंदिर में पूजा अर्चना व रामचरित मानस का पाठ किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में श्री राम मंदिर के रूप में सनातन संस्कृति के वैभव की पुनर्स्थापना का सौभाग्यशाली क्षण आया है। लगभग 500 वर्षों के लंबे संघर्ष व करोड़ों रामभक्तों के बलिदानों के बाद इस भव्य व दिव्य महोत्सव संपन्न हुआ है। उन्होंने जनता से शाम को रामज्योति प्रज्ज्वलित कर दीपोत्सव मनाने का आह्वान किया।

लेक ब्रिज के लोगों ने बांटी खिचड़ी

नैनीताल : लेक ब्रिज चुंगी के लोगों ने खिचड़ी का प्रसाद शोभायात्रा में शामिल लोगों व राम भक्तों को बांटा। इससे पूर्व सुबह लेक ब्रिज चुंगी व दर्शन पार्क में पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर प्रदीप बोरा, जितेन्द्र पांडे जीनू, राजेश वर्मा, तारा कनवाल, भुवन कनवाल, अभय साह, शिवराज बिष्ट, रवि बहुगुणा आदि मौजूद रहे।

भीमताल में भी धार्मिक आयोजन और भंडारे

भीमताल, अमृत विचार : अयोध्या के भव्य श्रीराम मंदिर में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा पर भीमताल और आसपास के मंदिरों में धार्मिक आयोजन और भंडारों का आयोजन किया गया। आदि कैलास मंदिर में भगवान शिव और पार्वती की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई। यहां ब्लॉक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट आदि कैलास विकास समिति अध्यक्ष उमेश पलड़िया, जिला पंचायत सदस्य अनिल चनौतिया समेत कई श्रद्धालु मौजूद थे। वहीं नल दमयंति ताल में आयोजित सुंदर कांड और माघ माह की खिचड़ी के आयोजन में निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र चनौतिया, प्रकाश हर्बोला, बद्रीनाथ गास्वामी, नव दुर्गा मंदिर महरा गांव में क्षेत्र के कई श्रद्धालु मौजूद थे। वहीं रामलीला मैदान में आयोजित सुंदर कांड और भंडारे के आयोजन में पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भट्ट, समेत कई अन्य श्रद्धालु मौजूद थे। वहीं क्वैराला में आयोजित धार्मिक आयोजन में मुकुल सिंह ऐरी, नरेन्द्र ऐरी आदि मौजूद थे।

ओखलकांडा में राम बारात में शामिल विधायक राम सिंह कैड़ा। ● अमृत विचार

अलचौना चांफी में सुंदर कांड का पाठ करते लोग। ● अमृत विचार

अलचौना चांफी में सुंदर कांड का पाठ और भंडारा लगाया

भीमताल, अमृत विचार : ग्लोबल एकेडेमी अलचौना चाफी के विद्यालय में सुन्दरकांड का पाठ व भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के शिक्षकों के साथ–साथ अन्य विद्यार्थियों ने भी सहयोग किया। रास्ते में गाड़ियों को रोक–रोककर प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान ग्लोबल एकेडेमी के प्रबंधक लोकेश तिवारी, प्रधानाचार्य विनोद कुमार, सुनीता तिवारी, योगेंद्र कुमार, राजू फुलारा, नेहा, पूनम, तनुजा, कल्पना, कशिश, तनुश्री, तरुण, सुनील, राहुल, वैभव, मनीष, पारस, विनीत, मयंक, डूंगर सिंह, ज्योतिष, पं. राजेन्द्र तिपाठी समेत कई लोग मौजूद रहे।

जहां चरण हों राघव के, वहां मेरा ठिकाना हो...

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : श्री रामलला महोत्सव कार्यक्रम के तीसरे दिन पुरानी तहसील में आयोजित भजन संध्या में वृंदा वन से पधारे भजन गायक ध्रुव शर्मा व स्वर्णा श्री ने भजनों से समां बांध दिया। ध्रुव शर्मा व स्वर्णा श्री ने अवध में हो रही जय जयकार मेरे प्रभु राम आए हैं, नगरी हो अयोध्या सी, रघुकुल सा घराना हो, चरण हो राघव के वहां मेरा ठिकाना हो, घर-घर बस एक ही नारा गूंजेगा, भारत का बच्चा बच्चा जयश्री राम बोलेगा जैसे भजनों पर हजारों श्रद्धालु झूमते नजर आए।

कार्यक्रम के दौरान ही राम लला सेवक मंडल द्वारा राम जन्म भूमि आंदोलन में भागीदारी निभा चुके कार सेवकों को भी सम्मानित किया। दर्शकों से खचाखच भरे पंडाल में अयोध्या धाम में बने राम मंदिर का मॉडल मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विराजमान क्षेत्र के सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने कहा कि प्रभु राम सबके आराध्य हैं। विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने तीन दिन से रामनगर में चल रहे कार्यक्रम के लिए आयोजकों को बधाई दी। इस दौरान ऋषि अग्रवाल तुषार अग्रवाल अतुल अग्रवाल विकास अग्रवाल शलभ मित्तल अतुल मेहरोत्रा प्रवीण गुप्ता सुलभ बंसल उमेश अग्रवाल, दीपक कोठीवाल ,कमल किशोर, दीपक अग्रवाल, विनय जिंदल, प्रदीप अग्रवाल, देवकीनंदन अग्रवाल, अक्षत मित्तल, आशीष अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

भजन गाते भजन गायक ध्रुव शर्मा व स्वर्णाश्री।

मंच पर रामलीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

आयोजकों के साथ पंडाल में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

रामसेवक सभा में अखंड रामायण हुई

नैनीताल: श्री रामसेवक सभा मल्लीताल द्वारा आयोजित अखंड रामायण पाठ विधिवत सम्पन्न हुआ। उसके पश्चात सुंदरकांड पाठ एवं हनुमान चालीसा पाठ किया गया। महासचिव जगदीश बवाड़ी ने बताया कि राम मंदिर अयोध्या में हो रहे प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण एलईडी स्क्रीन के माध्यम से श्री राम सेवक सभा परिषर में दिखाया गया। सामूहिक हनुमान चालीसा के बाद श्री राम सेवक सभा मल्लीताल में दोपहर महाभंडारे का आयोजन भी किया गया। इस दौरान संस्था के प्रबंधक विमल चौधरी, विधायक सरिता आर्या, उपाध्यक्ष अशोक शाह, संरक्षक गिरीश जोशी, राजेन्द्र लाल साह, बिमल साह, मुकेश जोशी, देवेंद्र लाल शाह, हरीश राणा, मोहित शाह, कैलाश जोशी, ललित साह, संतोष पांडे, गिरीश भट्ट, कमलेश ढौंढियाल आदि उपस्थित रहे।

मां पाषाण देवी में हुआ सुंदरकांड का पाठ

पाषाण देवी मंदिर में श्रीराम वअन्य देवताओं की पूजा करते भक्त।

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : सरोवरनगरी के ठंडी सड़क स्थित श्री मां पाषाण देवी मंदिर में अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर पाषाण देवी में सुन्दरकांड पाठ का आयोजन किया गया।

पुजारी जगदीश भट्ट ने बताया कि अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर पाषाण देवी मंदिर में 365 घी के दीये जला कर उत्सव मनाया। इसके बाद प्रसाद वितरित किया गया। इसके अलावा मंदिर परिसर के कीर्तन कक्ष में श्रीराम परिवार का पूजन किया गया।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं खीमा नन्द जोशी पुत्र स्व. मोतीराम जोशी, निवासी-ग्राम हल्डियानी, तहसील बेताल घाट, जिला नैनीताल का मूल निवासी हूँ और यह घोषणा करता हूँ कि मेरे आधार कार्ड सं. 3671 99124309 में मेरा नाम संक्षिप्त में के. एन. जोशी लिखा है। के. एन. जोशी व खीमा नन्द जोशी एक ही व्यक्ति का नाम है। इसलिये के. एन. जोशी को खीमा नन्द जोशी पढ़ा जाए। **के. एन. जोशी (खीमा नन्द जोशी), ग्राम-हल्डियानी, तहसील बेताल घाट जिला नैनीताल (यू.के.)**

पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

हल्द्वानी में निकली शोभायात्रा में शामिल श्री राम मंदिर की झांकी। ● अमृत विचार

अयोध्या में रामोत्सव में उत्तराखंडी बालिकाएं छोलिया नृत्य प्रस्तुत करती हुईं।

देश ही नहीं पूरी दुनिया मना रही रामोत्सव : भट्ट

केंद्रीय रक्षाराज्य मंत्री अजय भट्ट ने रामलीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : श्रीरामलीला संचालन समिति की ओर से प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शोभायात्रा एवं सुंदरकांड का आयोजन किया गया। फिर रामलीला मैदान में हुए भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

सोमवार को सुबह शोभायात्रा रामलीला मैदान से मुख्य बाजार में निकाली गई। फिर रामलीला मैदान स्थित हॉल में बने मंदिर में केंद्रीय रक्षाराज्य मंत्री अजय भट्ट व समिति की रिसीवर सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने पूजा अर्चना की। भट्ट ने कहा कि आज पूरा विश्व राम उत्सव मना रहा है अयोध्या में भगवान श्री राम के भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही रामराज के युग की शुरुआत हो गई है। भारत को दुनिया का आदर्श और सर्वश्रेष्ठ देश बनाना है। इस अवसर पर हॉल में लगाई एलईडी स्क्रीन से प्राण प्रतिष्ठा का सजीव प्रसारण भी श्रद्धालुओं ने देखा। इस दौरान तनुज गुप्ता, राजेंद्र बिष्ट आदि मौजूद रहे। इस दौरान भक्तों में खासा उत्साह रहा।

नैनीताल रोड पर शोभा यात्रा निकालते राजेन्द्र नगर स्थित दुर्गा मंदिर कमेटी के लोग। ● अमृत विचार


रामलीला मैदान में आयोजित दीपोत्सव में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

राम की नगरी में उत्तराखंड के छोलिया कलाकारों ने बांधा समां

हल्द्वानी, अमृत विचार : अयोध्या में जन्मभूमि पर बने मंदिर में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर कामना बिष्ट के नेतृत्व में महिलाओं ने छोलिया नृत्य की प्रस्तुति दी। उत्तराखंडी छोलिया देखकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रसन्न हुए और उन्होंने बालिकाओं की सराहना की एवं आशीर्वाद दिया। कामना बिष्ट एमिटी यूनिवर्सिटी से एमबीए की छात्रा है। छोलिया नृत्य पेश करने वाले सभी कलाकार आर्ट्स एंड कल्चरल सोसाइटी लखनऊ के कलाकार हैं एवं उत्तराखंड के मूल निवासी हैं। जो वर्तमान में लखनऊ में रहते हैं।

एलडी स्क्रीन पर पीएम मोदी का लोगों ने सुना लाइव भाषण

हल्द्वानी : अयोध्या में स्थित राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव संबोधन तिकोनिया स्थित चौराहे पर लगी एलडी स्क्रीन पर लोगों ने सुना। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों का जमावड़ा पीएम मोदी के संबोधन को सुनता रहा।

वृद्धाश्रम में बुजुर्गों ने भी किए भजन कीर्तन

हल्द्वानी : वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों ने भी जमकर भजन कीर्तन किए व एक-दूसरे को बधाई दी। अपनों द्वारा भुला दिए गए बुजुर्गों के बीच पहुंचकर बच्चों ने उनके दुख-दर्द को बांटने की कोशिश की। आश्रय सेवा समिति वृद्धाश्रम परिवार, जवाहर ज्योति, दमुवाढूंगा में बुजुर्गों ने भजन-कीर्तन कर श्रीराम के प्रति प्रेम व स्नेह प्रकट किया। इस अवसर पर समिति के संस्थापक प्रकाश डिमरी, जानकी, मालती, यतेंद्र बिष्ट, अंकित, सुखविंदर, अमित कोहली, चमन, सावन सिंह, प्रेमा, प्रतीक, भानु, सूरज मिश्रा, कपिल मिश्रा, सतेंद्र व सत्य साईं ऑर्गनाइजेशन के सदस्य आदि मौजूद रहे।

कारागार में जय-जयकार जय श्रीराम-जय श्रीराम

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : हर्ष सिर्फ अयोध्या में नहीं था, बल्कि प्राण प्रतिष्ठा का उल्लास शहर के साथ हल्द्वानी उपकारागार में भी था। चाहरदिवारी में बंद बंदी और कैदियों ने भी श्रीराम नाम के जयकारे लगाए। पूजा-पाठ और भजन-कीर्तन के साथ जेल में सुबह की शुरुआत हुई और शाम दीपोत्सव से जेल जगमगा उठी।

यूं तो आम दिनों में भी जेल में सुबह की शुरुआत पूजा-पाठ से होती है और जेल के रेडियो जॉकी बंदी और कैदियों की फरमाइश पर भक्ति गीत बजाते हैं, लेकिन 22 जनवरी को जेल में भी दिन खास था। सुबह की शुरुआत राम भजनों के साथ हुई। जेल परिसर में मौजूद मंदिर में भगवान राम की पूजा, भजन और आरती की गई। सोमवार को जेल में बंद 1463 कैदी और बंदी इस पूजा में शामिल हुए। भगवान राम को बूंदी का भोग लगाया गया और फिर जेल में बूंदी के प्रसाद का वितरण किया गया। पूरे दिन जेल का माहौल गीतों और भजनों से भक्तिमय बना रहा। जेल के बैंड ने भी इस दौरान कई भजन और कीर्तन गाए। शाम को जेल में दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। बंदियों और कैदियों ने जेल को दीपों से जगमग कर दिया। दोपहर दो बजे के बाद जेल प्रशासन ने जेल के बाहर सुंदरकांड का पाठ कराया और फिर भंडारा कराया गया। जेल अधीक्षक प्रमोद पांडेय ने बताया कि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जेल में भी भक्तिपूर्ण माहौल रहा। बंदियों और कैदियों ने पूजा-पाठ और भजन कर भगवान श्रीराम को भोग लगाया।

हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई जेल में सब भाई-भाई

हल्द्वानी : जेल एक ऐसी जगह है जहां क्या हिंदू और क्या मुसलमान। यहां एक छत के नीचे हर धर्म के लोग रहते हैं और ये भूल कर की वो किसे अपना आराध्य मानते हैं। ईद भी लोग एक साथ मनाते हैं और क्रिसमस भी। नवरात्रि पर एक मुसलमान 9 दिन के व्रत रखता है तो ईद पर हिंदू भाई साथ सिंवई खाता है। प्राण प्रतिष्ठा पर भी जब जेल में कार्यक्रम हुआ तो सर्वधर्म के लोगों ने न सिर्फ एक साथ भजन-कीर्तन किया, बल्कि प्रसाद भी ग्रहण किया।

जज फार्म में रामोत्सव मनाते लोग। ● अमृत विचार

जज फार्म में मनाया गया रामोत्सव

हल्द्वानी : विकास एवं पर्यावरण सुरक्षा समिति की ओर से जनमिलन केंद्र जज फार्म में रामोत्सव मनाया गया। महिलाओं ने श्रीराम, हनुमान, लक्ष्मण का रूप धर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। राम भजन गए और प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान अध्यक्ष विशंभर कांडपाल, हेम चन्द्र जोशी, भगवान सिंह बोरा, आरसी तिवारी, पीसी पंत, आरडी पांडे, एनएस किरौला, हेम अवस्थी, पीतांबर शर्मा, नीरज रावत, कुलदीप पांडे मौजूद रहे।

हल्द्वानी रोडवेज स्टेशन पर डॉग स्क्वायड से निगरानी करती पुलिस।

फूलदेई बैंकट हाल में कुमाऊंनी वेशभूषा में झोड़ा गातीं महिलाएं।

लटूरिया बाबा आश्रम में जमकर हुई अतिशबाजी। ● अमृत विचार

सड़क-चौराहों पर रही अव्यवस्था

परेशानी

- नैनीताल रोड पर रही सबसे ज्यादा अव्यवस्था
- डायवर्जन न करना बनी सबसे बड़ी वजह

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा के दौरान शहर सड़कों पर था और पुलिस व्यवस्था बनाने में लगी थी, लेकिन व्यवस्था चौपट हो गई। विभिन्न कार्यक्रमों के सड़कों और विभिन्न चौराहों पर राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ये अव्यवस्था रूट डायवर्जन न करने की वजह से हुई।

शहर में सुबह आठ बजे से ही कार्यक्रमों की शुरुआत हो गई। रैली और शोभा यात्रा निकाली गई। जगह-जगह प्रसाद का वितरण किया गया। इसकी वजह से सड़क पर भारी भीड़ रही। सिंधी चौराहे से लेकर रोडवेज चौराहा और कोतवाली से लेकर तिकोनिया चौराहे तक नैनीताल रोड पर जाम लगता रहा। कालाढूंगी रोड पर कुछ इसी तरह के हालात थे। जबकि यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहर ट्रैफिक इंस्पेक्टर सहित तीन टीएसआई और 50 से ज्यादा ट्रैफिक पुलिसकर्मी तैनात थे। रामपुर रोड पर जब यातायात फंसने लगा तो दोनों ओर से यातायात को एक रूट पर डायवर्ट कर दिया गया।

नैनीताल रोड पर लगा जाम। ● अमृत विचार

चारधाम मंदिर में बनाया गया 101 किग्रा का लड्डू

हल्द्वानी : चारधाम मंदिर में सोमवार की सुबह श्रद्धालुओं ने प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण देखा। फिर स्कूली बच्चों ने श्रद्धालुओं के साथ हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया। भजन गायक शिवा सागर व तरुण सागर ने राम भजन गाकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए। मंदिर में 101 किग्रा का एक लड्डू व कुल 251 किग्रा लड्डू बनाए गए। दोपहर दो बजे से शुरू हुए भंडारे में सैकड़ोंश्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मंदिर समिति अध्यक्ष जमन सिंह निगल्टिया, नीरज तिवारी, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट, विधायक बंशीधर भगत, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट, प्रकाश हर्बोला, गजराज बिष्ट, ध्रुव रौतेला, नवीन भट्ट, चंदन टनवाल, हेमंत भट्ट, रवि कुरिया, भानू पलड़िया मौजूद रहे।

गौलापार में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

हल्द्वानी, अमृत विचार : अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर सोमवार को गौलापार क्षेत्र में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक परिधान में सजधज कर सिर पर कलश लेकर शामिल रहीं।

वहीं शोभायात्रा में नन्हे-मुन्ने बच्चे विभिन्न भगवानों के रूप में शामिल रहे। शोभायात्रा नवाड़खेड़ा स्थित दशमहरा भूमिया मंदिर से देवी मंदिर तक निकाली गई।

जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल रहे। इसके बाद भजन कीर्तन और भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

वाद्य यंत्रों के साथ जेल में भगवान श्रीराम के भजन गाते बंदी और कैदी। ● अमृत विचार

गौलापार में शोभायात्रा में शामिल बच्चों की झांकी।

खुशी के पल | एसटीएच में प्राण प्रतिष्ठा के दिन 12 बच्चों का जन्म हुआ

राम आए हैं...अस्पतालों में गूंजी किलकारी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : अयोध्या में भगवान रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के दिन कई घरों में किलकारी गूंजी। सरकारी अस्पतालों से लेकर निजी नर्सिंग होम और घरों में राम के रूप में बच्चों ने जन्म लिया। जिससे परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

प्राण प्रतिष्ठा के दिन बच्चों को जन्म देने वाली महिलाएं खुद को और अपने बच्चों को सौभाग्यशाली मान रही हैं। कई महिलाओं की चाहत थी कि प्राण प्रतिष्ठान के दिन उनके घर में संतान जन्म ले। इसलिए कई महिलाओं ने प्रसव के लिए 22 जनवरी का दिन स्वयं नियत किया था। हल्द्वानी के डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल (एसटीएच) में प्राण प्रतिष्ठा के दिन करीब 12 बच्चों का जन्म हुआ। जिनमें 8 घरों में बेटे और 4 घरों में बेटियां पैदा हुईं। वहीं शहर के एकमात्र राजकीय महिला अस्पताल में 3 बेटियों का जन्म हुआ।

सभी बच्चों के जन्म लेने के बाद परिवारों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। जिन घरों में बेटों का जन्म हुआ वह खुद को बहुत सौभाग्यशाली मान रहे थे। उनका मानना था कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन उनके घर में स्वयं भगवान श्रीराम का जन्म हुआ है। वहीं जिन घरों में बेटियां पैदा हुई वह उसे सीता का स्वरूप मान रहे थे। कई परिवारों ने तो बेटों के पैदा होने पर उनका नाम श्रीराम और बेटियों का नाम सीता रखने की बात कही। इसके अलावा शहर के तमाम निजी नर्सिंग होम में प्राण प्रतिष्ठा के दिन किलकारी गूंजी।

सोमवार को एसटीएच में आधे दिन हुई ओपीडी

हल्द्वानी : डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में सोमवार को आधे दिन ओपीडी हुई। हालांकि अस्पताल में सामान्य दिनों की अपेक्षा मरीजों की संख्या काफी कम रही। इधर बेस और महिला अस्पताल में ओपीडी पूरी तरह से बंद रही। केवल इमरजेंसी सेवा सुचारू रही। बता दें कि प्रदेश सरकार ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के चलते सभी सरकारी संस्थानों में सोमवार को दोपहर ढ़ाई बजे तक अवकाश घोषित किया था। जिसके चलते राजकीय मेडिकल कॉलेज और स्वास्थ्य विभाग के कार्यालय बंद रहे। हालांकि ढ़ाई बजे के बाद सभी कार्यालय खुले गए। सभी अधिकारी और कर्मचारी कार्यालय पहुंचे और हाजिरी लगाकर कामकाज में जुट गए।

दोपहर तक बंद रहे दफ्तर, फिर छा गया सन्नाटा

हल्द्वानी, अमृत विचार: रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर सभी सरकारी कार्यालयों में अपराह्न 2:30 बजे तक अवकाश घोषित किया गया था। अपराह्न 2:30 बजे बाद सरकारी कार्यालय खुले। अपराह्न बाद लोगों के नहीं आने से अधिकांश कार्यालयों में सन्नाटा छाया रहा।

पड़ताल करने पर सिंचाई विभाग, जल संस्थान व जिला उद्योग केंद्र सहित कई कार्यालयों में अधिकारी तो पहुंचे लेकिन सरकारी कामकाज कराने के लिये आने वाले लोग नहीं पहुंचे जिस कारण सुनसानी का माहौल रहा। अधिकांश लोग विभागों से संबंधित अपने काम कराने के लिये सुबह को कार्यालयों में आते हैं और अपराह्न बाद घर वापस लौटते हैं। आधे दिन सरकारी कार्यालय बंद रहने के कारण अधिकांश लोगों ने विभागों में नहीं जाना मुनासिब समझा। इस दौरान सरकारी विभागों में सन्नाटा रहा।

सार-संक्षेप

गणतंत्र दिवस के मौके पर होगी क्रास कंट्री रेस

हल्द्वानी : जिला खेल विभाग की ओर से गणतंत्र दिवस के मौके पर अंडर-14 व अंडर-16 बालक-बालिका की क्रास कंट्री रेस का आयोजन किया जाएगा। वहीं अंडर-14 की रेस अंतरर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में कराई जाएगी और अंडर-16 की दौड़ कालीचौड़ चौराहे से शुरू होकर अंतरर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में समाप्त होगी। इस रेस को 6 वर्गों में आयोजित कराई जाएगी, जिसमें प्रथम 6 स्थान प्राप्त करने वाले धावकों को पुरस्कृत किया जाएगा।

सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं : दिनेश

नैनीताल। भाजपा नगर मंडल की बैठक में लोकसभा के विस्तारक दिनेश आर्य व विधानसभा विस्तारक संजेश मेहता ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वह केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने भाजपा के घटक संगठनों के संयोजकों से यह भी अपील की कि वह शीघ्र शक्ति केन्द्रों में पन्ना प्रमुखों व पन्ना टोलियों का भी निर्माण करें। बैठक में मोहित रौतेला, विमला अधिकारी, कविता गंगोला, भूपेंद्र बिष्ट, तारा राणा, मोहित साह, विक्रम सिंह रावत आदि मौजूद थे।

जेसीबी सड़क पर पलटी

भीमताल : भीमताल के समीप विनायक के पास एक जेसीबी के पलट जाने से थोड़ी देर यातायात जाम हो गया। हालांकि घटना में कोई घायल नहीं हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटना में चालक के कूद जाने से वह भी बच गया था।

बैटरियों के क्षेत्र शोध को एमओयू हुआ

नैनीताल : उच्च-ऊर्जा, शक्ति और लंबी आयु की लिथियम, आयरन बैटरियों के क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वाली न्यूयॉर्क (यूएसए) स्थित कंपनी चार्ज सीसीसीवी (सीफोरवी) ने कुमाऊं विश्वविद्यालय के साथ शोध, शैक्षणिक और विकासात्मक कार्यक्रम पर एमओयू किया गया। 19 जनवरी 2024 को एमओयू पर हस्ताक्षर कार्यक्रम के दौरान सीफोरवी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं संस्थापक शैलेश उप्रेती और कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलसचिव दिनेश चंद्रा ने कहा कि यह पहल दो संस्थानों के बीच मजबूत सहयोग स्थापित करने में मदद करेगी।

राजपुरा में बिजली के पोल में लगी आग

हल्द्वानी : राजपुरा स्थित पुलिस चौकी के समीप सोमवार को बिजली के पोल में आग लग गई। स्थानीय लोगों की सूझ-बूझ से किसी तरह पानी डालकर आग पर काबू पाया गया। इस दौरान बिजली के तार जल गए और वाईफाई के लिए निकले तार भी जल कर नष्ट हो गए। कांग्रेस नेता हेमंत साहू ने बताया कि आग को स्थानीय लोगों की मदद से बुझा दिया गया था इसमें किसी प्रकार की जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। आग लगने से बिजली के तार चपेट आने से जलकर नष्ट हो गए है।

रोडवेज स्टेशन में खुलेआम जला रहे कूड़ा

हल्द्वानी : कोहरे और धुंध के दौरान भी लोग खुलेआम कूड़ा जलाना नहीं छोड़ रहे हैं। रोडवेज बस स्टेशन के अंदर खुलेआम कूड़ा जलाया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां रोजाना कूड़े का ढेर लगाया जाता है। कूड़े को कूड़ा गाड़ी में डालने की बजाए बाहर एक जगह इकट्ठा किया जाता है और उसके बाद रोज दिन में आग लगा दी जाती है। कूड़े में आग लगने की वजह से बीच शहर में ही धुआं उठता रहता है।

एआरएम सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि अभी मामला उनकी जानकारी में नहीं है। अगर रोडवेज स्टेशन के अंदर कूड़ा जलाया जाता है तो वह इस पर रोक लगवाएंगे। उल्लेखनीय है कि नगर निगम ने खुले में कूड़ा जलाने पर पाबंदी लगा रखी है। पकड़े जाने पर चालान किए जाने का भी प्रावधान है।

कालाढूंगी-हल्द्वानी रोड पर आया हाथी, लगा जाम

कालाढूंगी। हल्द्वानी-कालाढूंगी हाइवे में रविवार देर शाम को सड़क पर टस्कर हाथी आ जाने से जाम लगा गया। घने कोहरे में वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बीती रात को कालाढूंगी-हल्द्वानी सड़क में वन निगम गुलजापुरबंकी के पास टस्कर हाथी सडक पर आ गया। इससे सड़क पर 15 मिनट तक दोनों ओर वाहनों का जाम लग गया। टस्कर हाथी वाहनों की ओर दौड़ रहा था जिससे चालक भयभीत होकर वाहन पीछे कर रहे थे। सूचना पर वनकर्मियों व निगम कर्मियों ने हल्ला, टार्च की रोशनी व पटाखों से हाथी को जंगल को खदेड़ा।

हल्द्वानी रोड पर आया टस्कर हाथी।

डॉ. अंकिता हेल्थ केयर सेंटर का शुभारंभ

हल्द्वानी : विधायक सुमित हृदयेश ने सोमवार को आदर्श नगर फेज 1 कालाढूंगी रोड पर डॉ. अंकिता हेल्थ केयर सेंटर की नई इकाई का शुभारंभ किया। इस अवसर पर संचालिका डॉ. अंकिता चांदना ने बताया कि सेंटर में आने वाले मरीजों को फिजियोथैरेपी, स्लिमिंड एंड फिटनेस से संबंधित सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही आधुनिक मशीनों के जरिये एडवांस लेजर थैरेपी, मैगनेटिक थैरेपी, कपिंग थैरेपी के अलावा अनेक प्रकार की थैरेपी दी जाएगी। साथ ही चेहरे की झाइयों, झुरियों, योगा, वजन घटाना, स्टीम बाथ की भी सुविधा दी जाएगी।

विधायक सुमित हृदयेश का स्वागत करतीं डॉ. अंकिता चांदना।

राजपुरा के चोर ने की थी व्यापारी नेता की दुकान में चोरी

बद्रीपुरा स्थित प्रतिष्ठान से ले गया था 20 हजार रुपये और बाइक, सीसीटीवी फुटेज में चेहरा साफ हुआ तो पुलिस के हत्थे चढ़ा

▸▸ चोरी हुई बाइक और 14500 रुपये की नकदी भी बरामद

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : व्यापारी नेता डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी की बद्रीपुरा स्थित गोल्डी मसाला प्रतिष्ठान में चोरी करने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि रविवार को व्यापारी नेता ने शिकायत की थी कि उनकी दुकान के ताले तोड़कर किसी अज्ञात युवक ने दुकान के गल्ले में रखे 20 हजार रुपये और वहां खड़ी बाइक चोरी कर ली थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की तो राजपुरा निवासी कृष्णा गुप्ता पर गया। छानबीन की तो पता चला कि कृष्णा ने ही दुकान में चोरी को अंजाम दिया था।

पुलिस गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की तो उसने चोरी की बात को स्वीकार किया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी हुई बाइक और 14500 रुपये की नकदी भी बरामद कर ली है।

बिहार के चोर ने तोड़ा था ताला

▸▸ घटना के बाद घूम-घूम कर शराब पीता और चकमा देता रहा शातिर

▸▸ माल लेकर बिहार भागने की फिराक में था, तभी पकड़ गया आरोपी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मुखानी थाना क्षेत्र में पतंजलि स्टोर का ताला तोड़ने वाला चोर बिहार आया था और घटना को अंजाम देने के बाद चोर शहर में घूम-घूमकर शराब पीता और पुलिस को चकमा देता रहा।

चोर माल समेत शहर से भागने की फिराक में था, तभी पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है। रामड़ी आनसिंह फतेहपुर मुखानी निवासी कैलाश चंद्र पांडे का हिम्मतपुर मल्ला ऊंचापुल में पांडे मेडिकोज और पतंजलि स्टोर हैं। बीते शुक्रवार को पतंजलि स्टोर का ताला तोड़ नगदी और सामान चुरा लिया था।

आरटीओ चौकी प्रभारी संजीत राठौड़ ने बताया कि जिस दुकान में चोरी हुई उसकी दूसरी मंजिल पर निर्माण कार्य चल रहा था। वहां काम कर रहे मजदूरों से पूछताछ में पता चला कि बेतिया बिहार निवासी कुंदन गिरी 20 दिन पहले शहर आया था और उनके साथ काम कर रहा था। मंगलवार से वह गायब हो गया। सीसीटीवी चेक किए तो कुंदन पर शक पक्का हो गया। रविवार को कुंदन बिहार जाने के लिए धर्मकांटा चौराहे पर बस का इंतजार कर रहा था।

तभी पकड़ा गया। बताया कि चोरी के बाद दो दिन तक उसने चोरी किए 8000 रुपये से बार में शराब पी और होटल में खाना खाया। जबकि चोरी किए तेल, साबुन और पेस्ट का उसने इस्तेमाल कर लिया। आरोपी के पास से पुलिस ने चोरी किए 5200 रुपये भी बरामद किए हैं।

3 जिला उपाध्यक्ष, 19 महासचिव, 10 सचिव बने

हल्द्वानी, अमृत विचार : युवा कांग्रेस ने जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया है। जिलाध्यक्ष हर्षित भट्ट ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री निवास, प्रदेश प्रभारी शिवी चौहान, प्रदेश सह प्रभारी नवनीत कौर, प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर की सहमति के बाद तीन उपाध्यक्ष, 19 महासचिव और 10 सचिव नियुक्त किए हैं। हर्षित बताया कि शंकर कोहली, समीर खान, शैलेंद्र सिंह बिष्ट को उपाध्यक्ष बनाया है। भरत दुर्गापाल, मोनिश खान, अनमोल सिंह, पंकज धानक, हिमांशु आर्या, अभिषेक आर्या, जतिन रौतेला, रोहित रावत, शाकिर अहमद, भरत नेगी, कोमल बिष्ट, निकिता आर्या, हिमानी राणा, शहजाद अली, यश कुमार, ताहिर अंसारी, आवेश मिकरानी, सरताज फारुकी, मोहम्मद तासिर को महासचिव नियुक्त किया गया है।

संविधान सभा प्रस्तावना दिवस किया आयोजित

संविधान की शपथ लेते लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : भीम आर्मी, मूलनिवासी संघ और अंबेडकर मिशन एवं फाउंडेशन ने दमुवाढूंगा स्थित अंबेडकर पार्क में संविधान सभा प्रस्तावना दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत संविधान की मूल प्रस्तावना से की गई। वक्ताओं ने कहा कि 22 जनवरी 1947 को संविधान की प्रस्तावना का आकार बनकर तैयार हुआ था। कहा कि संविधान की प्रस्तावना को संविधान की आत्मा कहा जाता है। इस मौके पर डॉ. प्रमोद कुमार, जीआर टम्टा, आरपी गंगोला, नफीस अहमद खान, सिराज अहमद, विकास कुमार, सुंदरलाल बौद्ध, इंदिरा देवी, गंगा प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

बिंदुखत्ता में चलाएंगे जनसंपर्क अभियान

लालकुआं। प्रतिभा बाल विद्यालय काररोड पर संपन्न राजस्व गांव संघर्ष समिति की बैठक में राजस्व गांव की लड़ाई में तेजी लाने के लिए बिंदुखत्ता क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय लेते हुए फरवरी में लालकुआं में विशाल रैली निकाली जाएगी। समिति के संयोजक कैप्टन इंद्र सिंह पनेरी की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में वक्ताओं ने कहा कि वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत बिंदुखत्ता को राजस्व गांव का दर्जा देने के आवेदन को जिला प्रशासन द्वारा वापस भेजने के बाद क्षेत्रवासी अपने को छला सा महसूस कर रहे हैं। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 31 जनवरी अपराह्न 2 बजे से एक और बैठक स्थानीय जनप्रतिनिधियों की बुलाई जाएगी। बैठक में भाकपा माले नेता भुवन जोशी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पुष्कर सिंह दानू, कुंदन सिंह मेहता, रमेश कुमार मौजूद रहे।

हेलीपैड का किया निरीक्षण

▸▸ लोनिवि व अन्य संस्थाओं को जल्द से जल्द काम पूरा करने के निर्देश दिए ताकि समय से शुरू हो सके हेलीसेवा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : प्रशासन हल्द्वानी से हेली सेवा शुरू करने को लेकर तत्पर हो गया है। प्रशासनिक अधिकारियों ने गौलापार स्थित हेलीपैड का स्थलीय निरीक्षण किया और बुनियादी जरूरतों का जायजा लिया। उन्होंने निर्धारित समय अवधि में हेली सेवा शुरू करने के लिए जरूरी निर्देश दिए।

एसडीएम परितोष वर्मा ने सोमवार को गौलापार स्थित हेलीपैड का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने हेलीपैड में क्रू व स्टाफ के लिए केबिन बनाने, विद्युत उपकरण लगाने और अन्य बुनियादी जरूरतें समय से पूरी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा पर्यटकों की सुविधाओं के लिहाज से टैक्सी एसोसिएशन भी वार्ता की जाएगी ताकि पर्यटकों को आवागमन में परेशानी नहीं हो। इसके अलावा कैफेटेरिया के लिए भी इंतजाम किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी मुस्तैदी से हेली सेवा शुरू करने की तैयारियों में जुटा हुआ है।

हेलीपैड का निरीक्षण करते एसडीएम परितोष वर्मा। ● अमृत विचार

बता दें कि उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना के अंतर्गत हल्द्वानी से पिथौरागढ़, मुनस्यारी और चम्पावत के लिए गौलापार स्थित हेलीपैड से हेली सेवा शुरू होगी। इसके लिए हेरिटेज एविएशन को जिम्मेदारी दी गई है। इस कंपनी को मिनिस्ट्री ऑफ सिविल एविशन और यूकाडा से एनओसी भी प्राप्त हो चुकी है। 7 सीटर हेली सेवा शुरू होगी। पिथौरागढ़, मुनस्यारी, चम्पावत के लिए प्रतिदिन दो हेलीसेवा उड़ान भरेगी। हेलीपोर्ट पर हर समय 2 पायलट और 4 इंजीनियर मौजूद रहेंगे।

अभद्र टिप्पणी करने वाले विशेष समुदाय के व्यक्ति पर कार्रवाई की मांग

भीमताल : श्री राम भगवान की प्राण प्रतिष्ठा के दिन समुदाय विशेष व्यक्ति ने प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अभद्र टिप्पणी करने और उसे ग्रुप के माध्यम से फैलाने पर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भट्ट ने सोमवार को भीमताल पुलिस से व्यक्ति पर कार्रवाई की मांग को लेकर शिकायती पत्र सौंपा है। मनोज भट्ट ने बताया कि रविवार रात को दूसरे समुदाय के एक व्यक्ति ने श्री राम भगवान की प्राण प्रतिष्ठा का विरोध करने से संबंधित एक पोस्ट डाली। सभी से इसका विरोध करने की साजिश की। मनोज भट्ट ने कहा ऐसे लोगों द्वारा इस तरह के फतवा जारी करने से क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा था। सोमवार की शाम को थाने में शिकायती पत्र देकर व्यक्ति विशेष के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस दौरान मनोज भट्ट, आशु पाठक, केतन भंडारी, कमल देवका, राहुल जोशी, रोहित नयाल, गौतम मटियाली, सूरज कनेरा, मोहीत, अभिषेक, मनीष, रोहित सिंह, मनोज गंगोला रोहित बिष्ट आदि मौजूद रहे।

लीकेज से बाधित रही पेयजल आपूर्ति

सरस मार्केट के सामने पेयजल लाइन ठीक करने को खोदा गया गड्ढा। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नैनीताल रोड स्थित सरस मार्केट के पास पेयजल लाइन लीकेज हो रही है।

जल संस्थान यहां पेयजल लाइन लीकेज को ठीक करने का काम कर रहा है। बीते रविवार को भी जल संस्थान ने लीकेज ठीक करने का काम किया था जिस कारण आपूर्ति बाधित रही थी। इसके बाद विभाग ने बीते सोमवार को भी दूसरी जगह लीकेज की मरम्मत की जिस कारण दिनभर पानी की आपूर्ति बाधित रही। इस पेयजल लाइन से मुख्य बाजार के साथ ही बरेली रोड क्षेत्र में पानी की आपूर्ति होती है। मरम्मत कार्य के चलते हजारों परिवारों को पानी की आपूर्ति प्रभावित रही हालांकि विभाग ने टैंकरों से पानी की आपूर्ति की लेकिन लोगों को टैंकरों से पर्याप्त पानी नहीं मिल पाया। इस कारण कई लोगों ने निजी टैंकर मंगाए। विभाग के ईई रविशंकर लौशाली ने बताया कि जल्द ही लीकेज को ठीक कर लिया जाएगा जिसके बाद पानी की आपूर्ति सुचारू हो जाएगी।

गणतंत्र दिवस परेड का किया अभ्यास, 24 को होगी फुल ड्रेस परेड

नैनीताल। गणतंत्र दिवस को लेकर जिला प्रशासन व पुलिस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार को मल्लीताल डीएसए मैदान में पुलिस की टुकड़ियों ने परेड का अभ्यास किया।

बुधवार को मैदान में फुल ड्रेस परेड की जाएगी। सोमवार को डीएसए मैदान में पुलिस की आठ व एनसीसी की एक टुकड़ी ने परेड का अभ्यास किया।

टुकड़ी नायक प्रेम सिंह उपरारी, मुकेश पांडे, बसंत साह, राजकुमार, सिमरन, पूजा मेहरा, रमेश चंद्र, साकेत गोस्वामी की अगुवाई में पुलिस जवानों ने अभ्यास में जमकर पसीना बहाया। फ्रंट कमांड कर रहे सीओ नितिन लोहनी ने बताया कि 24 को फुल ड्रेस परेड की जाएगी। इसके बाद अगले दिन मैदान की सजावट के बाद गणतंत्र दिवस को कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अभ्यास में लाइन मेजर राम सिंह, रमेश सिंह, भगवत सिंह समेत अन्य जवान जुटे रहे।

कार्बेट में देखा पक्षियों का भी अद्भुत संसार

▸▸ पक्षी सर्वेक्षण के दौरान दिखे रंग बिरंगे परिंदे

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : कार्बेट टाइगर रिजर्व में दो दिवसीय पक्षी गणना के दौरान विभिन्न प्रकार के पक्षियों का अवलोकन किया गया।

बता दें कि भारत में लगभग 1200 प्रजाति के पक्षी पाए जाते हैं, जिनमें से लगभग 600 पक्षी कार्बेट में हैं। पक्षी गणना की रिपोर्ट भले ही अभी देर में आएगी, लेकिन उम्मीद की जा रही है कि यह संख्या बढ़ सकती है।

समापन के दौरान कॉर्बेट के निदेशक धीरज पांडे के निर्देशन एवं उप वन संरक्षक, कालागढ़ टाइगर रिजर्व आशुतोष सिंह तथा उप निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व दिगन्थ नायक ने बताया कि पक्षी सर्वेक्षण में कर्नाटक, तेलंगाना, महाराष्ट्र व दिल्ली सहित उत्तराखंड के पक्षी विशेषज्ञों ने प्रतिभाग किया। यह पक्षी सर्वेक्षण कार्बेट टाइगर रिजर्व की 12 रेंजों के अन्तर्गत बनाई गई लगभग 100 से अधिक ट्रेलों में 26 टीमों ने कुल 105 पक्षी विशेषज्ञों ने सफलतापूर्वक संपादित किया गया। इसके अतिरिक्त कार्बेट टाइगर रिजर्व की सीमा से लगे हुए क्षेत्रों में भी पक्षी सर्वेक्षण का कार्य किया गया। कार्यक्रम में कार्बेट फाउंडेशन तथा डब्ल्यूडब्ल्यूएफ, डब्ल्यूआईआई कार्बेट टाइगर रिजर्व प्रशासन के सहयोगी रहे। इस दौरान अमित ग्वासीकोटी, ललित मोहन आर्या, मेराज अनवर, प्रेमा तिवारी, रुकमणी बिष्ट, इरशाद अहमद, नीरज नेगी उपस्थित रहे।

वेलवेट फ्रंटेड नटहैच,

आईबिस बिल

रूबीथ्रोट राठोड।

हालात

तराई भाबर में लगातार कम होता जा रहा है गन्ने का उत्पादन, 16 लाख कुंतल गन्ने का उत्पादन अब घटकर 5 लाख कुंतल रह गया

मीठे गन्ने से किसानों को हुए 'कड़वे' अनुभव तो गिरता गया गन्ने का उत्पादन

▸▸ 2022 में गन्ने का रकबा 1204 हेक्टेयर से 2023 में 1100 हेक्टेयर रह गया

ललित पांडे, हल्द्वानी

अमृत विचार : प्रदेश में गन्ना उत्पादन में अग्रणीय रहे तराई भाबर में किसानों का गन्ने से मोह भंग हो रहा है। किसान अब अन्य नकदी फसलों में दिलचस्पी ले रहे हैं। वर्ष 2005-06 में हल्द्वानी में गन्ने का करीब 15-16 लाख कुंतल उत्पादन होता था, जो अब करीब 5 लाख कुंतल रह गया।

कम समर्थन मूल्य व समय पर भुगतान नहीं मिलने से किसानों ने गन्ने में रूचि लेना कम कर दिया व अन्य नकदी फसलों की खेती शुरू कर दी है। 2022 में गन्ने का रकबा 1204 हेक्टेयर था, जो 2023 में 1100 हेक्टेयर रह गया।

यहां घटी गन्ने की खेती

गौलापार, गौरापड़ाव, फुटकुआं, गुंसाईपुर, मोटा हल्दू, देवला तल्ला आदि।

यहां नहीं हुआ मोहभंग

चकल्वा, दुमका बंगर, हल्दू चौड़, चोरगलिया, चांदनी चौक बल्यूटिया, लामाचौड़ आदि।

हल्दूचौड़ के किसान प्रकाश सुलान कहते हैं कि गन्ने के भुगतान में देरी से किसानों का इससे मोह भंग होता गया। उन्होंने बताया कि गन्ने को तैयार होने व बिकने में करीब डेढ़ साल का समय लगता है, इसलिए किसानों ने टमाटर, गेंहू, धान, मक्का, लाई आदि बोनी शुरू कर दी। इससे किसानों को समय पर पैसा व मिट्टी की उर्वरता भी बनी रहती है।

हल्द्वानी के ● अमृत विचार

आवासीय क्षेत्र बढ़ा तो घटा उत्पादन : शहर में लगातार बढ़ते आवासीय क्षेत्र के कारण भी कृषि भूमि सिकुड़ती गई। पूर्व में गन्ना उत्पादन करने वाली किसान स्नेहलता भंडारी कहती हैं कि जमीन की कमी से खेती कम होती जा रही है। जमीन के दाम तेजी से बढ़े लेकिन किसान की फसल के दाम नहीं बढ़े।

अब 3 किसान ही करते हैं गन्ने की खेती

गौलापार में कभी गन्ने की खेती बड़े स्तर पर होती थी लेकिन अब यहां 3-4 किसान ही गन्ना उगाते हैं। यहां आवासीय क्षेत्र बढ़ने व जमीन का बंटवारा होने से किसान नकदी फसल में रूचि लेने लगे।

अपना रहे दूसरे रोजगार : मोटाहल्दू, गोरापड़ाव, हल्दूचौड़ आदि जगहों के कई किसानों ने अपनी जमीन का कुछ हिस्सा बेचकर डंफर, ट्रक आदि खरीद लिए व गौला में खनन का काम करने लगे हैं।

प्राइवेट मिलें देती हैं ज्यादा दाम : मोटा हल्दू व रामपुर रोड पर पंचायत घर में प्राइवेट चीनी मिलें खुली हैं। किसानों ने कहा कि सरकारी की बजाए प्राइवेट मिलें ज्यादा मूल्य देती हैं। सरकारी चीनी मिलें पेराई सत्र में बार-बार खराब हो जाती हैं।

गन्ना सेंटरों की कमी : किसान कमल चंद्र ने बताया कि गौलापार के लोगों को गौरापड़ाव सेंटर पर अपना गन्ना ले जाना पड़ता था, जिससे ढुलान का खर्च व मजदूरी भी बढ़ गई तो किसानों ने गन्ना लगाना कम कर दिया।

अन्य विकल्प किए जाएं विकसित : मिलों में भेजने के अलावा गन्ने के अन्य उपयोग भी किए जाएं तो इसका उत्पादन बढ़ेगा। किसान नरेंद्र मेहरा कहते हैं कि आर्गेनिक गुड़, जूस, राब, सिरका आदि की यूनिट लगाकर भी गन्ने का उपयोग किया जा सकता है। पिथौरागढ़ में लगी उनकी फैक्ट्री का गुड़ चारधाम यात्रा के प्रसाद में इस्तेमाल होता है।

समय पर शुरू नहीं होती मिलें : किसान हेमंत बिष्ट बताते हैं कि यूपी में नवंबर व उत्तराखंड में 12 दिसंबर से मिलें गन्ना खरीदना शुरू करती हैं। इससे किसानों को गेंहू आदि फसलें बोने का समय नहीं मिल पाता था, इसके कारण भी गन्ने की खेती कम हुई।

"समर्थन मूल्य कम व बढ़ते शहरीकरण के कारण गन्ने की खेती कम हो रही है। गन्ना किसानों का हौसला बढ़ाने के लिए सरकार को ठोस योजना बनानी व उसे धरातल पर उतारना चाहिए। – **प्रताप सिंह, चेयरमैन, गन्ना विकास, समिति, हल्द्वानी**

"समय से गन्ने का भुगतान, किसानों की समस्या का तत्काल निदान व लगातार गन्ना गोष्ठियां की जा रही हैं। किसान गन्ना उत्पादन के लिए अग्रसर हो रहे हैं। – **आदित्य कुमार, सचिव प्रभारी, गन्ना विकास समिति, हल्द्वानी**

"गन्ने का रकबा घटने में आवारा पशु, क्रय केंद्रों पर व्याप्त अनियमितताएं, बीमार चीनी मिलें जिम्मेदार हैं। इस ओर पूर्व गन्ना आयुक्त एचडी पांडे ने काफी हद तक सुधार किए। – **नरेंद्र सिंह मेहरा, किसान, गौलापार**

खाद्य पदार्थों के कारोबारियों को मिलेगा पांच साल तक लाइसेंस

हल्द्वानी : खाद्य पदार्थों का कारोबार करने वाले बड़े कारोबारियों के लिए राहत की खबर है। अब कारोबारी एक बार में पांच साल तक के लिए लाइसेंस बनवा सकेंगे। यह कार्य दिल्ली खाद्य सुरक्षा विभाग से होगा। जिला अभहित अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि खाद्य पदार्थों का बड़े स्तर पर कार्य करने वाले कारोबार केंद्रीय खाद्य सुरक्षा विभाग की निगरानी में रहेंगे। फ्रोजन व अन्य खाद्य पदार्थों के बड़े कारोबारियों के खाद्य सुरक्षा लाइसेंस दिल्ली से जारी किए जाएंगे। इसकी फीस जमा होने के बाद निरीक्षण के लिए आने वाली टीम भी केंद्रीय खाद्य सुरक्षा विभाग से आएगी। उन्होंने बताया कि स्थानीय टीम बड़े कारोबारियों के प्लांट और फैक्ट्री पर निरीक्षण के लिए भी नहीं जा सकेगी। एक बार आवेदन करने पर तीन और पांच साल के लिए लाइसेंस आवंटित किए जाएंगे।

सार संक्षेप

कालाढूंगी में सुंदरकांड का पाठ किया, झांकी निकाली

रामलीला मैदान पर राम आरती उतारते राम भक्त व विधायक बंशीधर भगत।

कालाढूंगी। कालाढूंगी, कोटाबाग, चकलुवा व बैलपड़ाव क्षेत्र में मंदिरों में भजन कीर्तन, झांकी निकाली गई। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा पर कालाढूंगी रामलीला मैदान में राम भक्तों ने हवन, सुंदरकांड का पाठ व हनुमान चालीसा का पाठ कर लाइव प्रसारण देखा। क्षेत्रीय विधायक बंशीधर भगत ने भी मैदान पहुंचकर प्रसाद व भंडारा ग्रहण किया। भगत ने कहा में यह सनातन धर्म की 600 साल की तपस्या का फल है। बैलपड़ाव में हेमंत शेखर के नेतृत्व में युवाओं ने जुलूस निकाला। इस दौरान दर्जा राज्य मंत्री सुरेश भट्ट, जिला महामंत्री विश्व हिन्दू परिषद गिरीश पडलिया, कुंदन बसेड़ा, मयंक गुप्ता, कैलाश बुढलाकोटी, हरीश मेहरा, भुवन कुमार, विरेन्द्र कुमार, विनोद बधानी, मुकेश वर्मा, अखिलेश वर्मा, तारा चंद्र पांडे, गोपाल बुढलाकोटी, रवि पाल, विक्रम जंतवाल मौजूद रहे।

पीरुमदारा में निकली राम की भव्य शोभा यात्रा

पीरूमदारा में शोभा यात्रा निकालते लोग। ● अमृत विचार

पीरुमदारा (रामनगर)। अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर पीरुमदारा, इंटर कॉलेज से शोभायात्रा प्रारंभ होकर साई मंदिर, बद्री विहार, शांतिकुंज से होते हुए शिव मंदिर पर समाप्त हुई। मंदिरों में हवन पूजन, सुन्दर कांड किया गया। कई स्थानों पर बच्चों ने सड़कों पर रंगोली बनाई। जगह-जगह भव्य आतिशबाजी की गई। इस दौरान मुकेश रावत, विधायक दीवान सिंह बिष्ट, पूरन शर्मा मौजूद रहे।

हनुमान धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हनुमान धाम में उमड़े श्रद्धालु। ● अमृत विचार

रामनगर। अंजनी ग्राम हनुमान धाम में राम जी और पवनसुत हनुमान के दर्शनों के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मीडिया प्रभारी पवन अग्रवाल ने बताया कि सुबह आठ बजे से ही भक्तों की लंबी कतार लगती रही। कथा वाचक शशांक भारद्वाज ने राम कथा का वाचन किया। शाम चार बजे प्रसिद्ध कथा वाचक अजय यानिक ने सुंदरकांड का पाठ करने के साथ ही भजनों की शानदार प्रस्तुति भी दी। देर सायं गंगा आरती में भी लोग शामिल हुए। इस दौरान राजीव अग्रवाल, विधायक दीवान सिंह बिष्ट, सतनाम सिंह, सुरेंद्र मित्तल, प्रेम जैन, राजीव गुजर, सतीश गर्ग, पवन सिंघल, अजित गोयल, अंशुल अग्रवाल समीर आदि मौजूद रहे।

भीमताल झील में दीप दान का आयोजन हुआ

भीमताल झील में दीप दान करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

भीमताल : श्री अयोध्या धाम में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में बोर्ड चालक कल्याण समिति ने हिंदू मुस्लिम एकता का परिचय देते हुए दिन में प्रसाद वितरित और शाम को दीपदान का आयोजन किया। इस दौरान अध्यक्ष देवेंद्र सिंह फर्त्याल, उपाध्यक्ष मनोज कुमार, सचिव मनोज रावत, कोषाध्यक्ष सलीमुल्लाह, मेंबर रफीक उल्ला, मेंबर राशिद उल्लाह, तेजेंद्र पडियार, उमेश भट्ट, योगेश सिंह आदि मौजूद थे।

दीपों से जगमगाया संस्कृत महाविद्यालय

हल्द्वानी : रामचंद्र की प्राण प्रतिष्ठा के वसर पर श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय रेलवे बाजार में सभी अध्यापकों व छात्रों ने सुंदरकांड का पाठ किया। साथ ही राम रक्षा स्तोत्रों के पारायण के साथ दीपोत्सव किया। जिसमें भूतपूर्व प्रधानाचार्य डॉ. गोपाल दत्त त्रिपाठी एवं गिरीश चंद्र तिवारी आदि उपस्थित रहे।

श्रीराम भक्ति में डूबी रिवर कालोनी

रिवर वैली कालोनी के मां भगवती मंदिर में सुंदरकांड का पाठ करतीं महिलाएं।

हल्द्वानी : कमलुवागांजा गौड़ स्थित रिवर वैली कालोनी के मां भगवती मंदिर में भव्य सुंदरकांड, कीर्तन भजन का आयोजन किया गया। विधायक बंशीधर भगत, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट, पूर्व प्रदेश महामंत्री और मंडी परिषद अध्यक्ष गजराज बिष्ट, लामाचौड़ मंडल अध्यक्ष धीरज पांडे के साथ बड़ी संख्या में महिलाओं ने सुंदरकांड का पाठ और भजन गाए। तत्पश्चात भंडारा आयोजित किया गया। इस दौरान कालोनी अध्यक्ष कैप्टन सोबन सिंह भड़, गोविंद रावत, टीएस पोखरिया, धन सिंह कुंजवाल, कुंदन गड़िया, बलवंत डांगी, नरेंद्र सामंत, गणेश जोशी, नवीन जोशी, युवा कपिल त्रिपाठी, संतोष बिष्ट, जगदीश जोशी, बालम गैड़ा, जगदीश बेलवाल, महेश बसेड़ा, राजेंद्र मेहरा, आदि मौजूद थे।

वितरकों ने दी प्राण प्रतिष्ठा की शुभकामनाएं

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर समाचार पत्र वितरक बंधुओं ने भी खुशियां मनाते हुए सभी को इस पुनीत अवसर पर शुभकामनाएं दीं। इस दौरान जय श्रीराम के नारे लगाए गए।

ग्रीन सिटी पत्र कल्याण समिति

हल्द्वानी। ग्रीन सिटी पत्र कल्याण समिति, हल्द्वानी के वितरकों ने सोमवार सुबह सेंटर पर दीप जलाकर सभी वितरक भाइयों को मिष्ठान वितरण करने के साथ ही शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर आतिशबाजी भी की गई। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष संजय तिवारी, मनोज डालाकोटी, अजय जैसवाल, रमेश तिवारी, राकेश दुआ, मनोज कुडाई, पूरन बुडलाकोटि, विपिन गुरवंत, अभिषेक शर्मा, जीवन सनवाल, मासीवाल, ग्रीश चौधरी आदि मौजूद रहे।

देवभूमि पत्र संवाहक कल्याण समिति

देवभूमि पत्र संवाहक कल्याण समिति, हल्द्वानी के वितरकों ने सोमवार सुबह सेंटर पर श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह की सभी वितरक भाइयों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मिष्ठान वितरण के साथ ही आतिशबाजी भी की गई। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष चंदन सिंह राणा, कृष्णा नंद जोशी, हरीश रावत, बाला दत्त नैनवाल, नीरज पंत, कैलाश रौतेला, सुनील गुप्ता, राजन बिनवाल, विवेक गुप्ता, कैलास आर्या, मनीष जोशी, ईश्वर दत्त जोशी, संतोष कनवाल, विकाश चोपड़ा आदि मौजूद रहे।

'लोक में राम' विषय पर संपन्न हुई विचार गोष्ठी

रामनगर। सरोकार साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था रामनगर एवं पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के संयुक्त तत्वावधान में "लोक में राम" विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विनोद प्रसाद सिमल्टी, संयुक्त सचिव, उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर तथा अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एमसी पांडे ने की। विचार गोष्ठी में इतिहास विभाग के प्राध्यापक डॉ. शरद भट्ट ने बीज वक्तव्य देते हुए कहा कि राम भारतीय चिंतन धारा के आदर्श पुरुष हैं। राज्यकर अधिकारी और प्रतिष्ठित कहानीकार मितेश्वर आनन्द ने लोक शब्द की अवधारणा और लोक में राम की महत्ता पर अपने विचार रखे। मुख्य वक्ता विनोद प्रसाद सिमल्टी ने राम के जीवन से जुड़े के विविध प्रसंगों के माध्यम से जन जन में नैतिकता व सामाजिक मर्यादा कैसे स्थापित हो सकती है, इस पर व्याख्यान दिया। सरोकार संस्था के सचिव डॉ.अनुपम शुक्ल, प्राचार्य एमसी पांडे, डॉ.सुमन कुमार, डॉ. शिप्रा पंत और डॉ.अलका ने विचार रखे।

श्रीराम के आगमन पर घर-घर जले दीप, धार्मिक अनुष्ठान

सुंदरकांड, संकीर्तन व भव्य झांकी ने मोहा मन, वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ भव्य अनुष्ठान, जगह-जगह हुए भंडारे, भीड़ उमड़ी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: कुसुमखेड़ा स्थित पीतांबरा धाम में भगवान राम का प्राण प्रतिष्ठा समारोह उत्साह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में सुबह 10:00 बजे से सुंदरकांड का आयोजन किया गया और भगवान राम की भव्य झांकियां के साथ ही मधुर भजन प्रस्तुत किए गए। प्रशांत जोशी के सुंदरकांड गायन और दिव्या जोशी के भजनों ने लोगों को मन्त्र मुग्ध कर दिया। विशेष रूप से 6 नवंबर 1992 को कारसेवा के मध्य राम मंदिर से प्राप्त शिला का पूजन किया गया। इस मौके पर कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, पार्षद बीडी जोशी, प्रमोद पंत, गिरीश चंद्र कांडपाल, भुवन चन्द्र, उर्वा दत्त, राजीव अग्रवाल, सुधीर तालियान, लक्ष्मण सिंह आदि उपस्थित रहे।

चंबल पुल स्थित अटल पार्क में निर्मित राम मंदिर में दोपहर दो बजे से अयोध्या में रामलला के अपने मंदिर में विराजमान होने के प्रतीकात्मक रूप से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भव्य अनुष्ठान का आयोजन किया गया। राम मंदिर में भजन, कीर्तन, सुंदरकांड आदि के बाद शाम पांच बजे दीप प्रज्वलित कर आरती उतारी गई। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया।

ऊंचापुल हरिनगर स्थित शिव शक्ति धाम मंदिर में अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर सुबह 10 बजे से सुन्दरकांड का पाठ किया गया। इसके बाद आरती की गई और लोगों ने प्रसाद के रूप में हलवा-पूरी ग्रहण किया। इस मौके पर मनोज जोशी, प्रमोद पंत, नवीन शर्मा, टीकम सिंह आदि उपस्थित रहे।

अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर नैनीताल डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक परिसर में प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में बैंक कर्मचारियों सहित अन्य लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर पूर्व बैंक अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र सिंह नेगी, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, सीडीओ अशोक कुमार पांडे, अध्यक्ष मंडी परिषद अनिल कुमार डब्बू, पूर्व बैंक संचालक राजेंद्र सिंह रावत, रवींद्र सिंह रैकुनी आदि उपस्थित रहे।

शिवमंदिर दमुवाढूंगा में रामलला मूर्ति प्रतिष्ठा के अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम हुए। इस दौरान बच्चों ने राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान का रूप धारण किया। मंदिर सुंदरकांड, भजन और यज्ञ का भी आयोजन हुआ।

सामाजिक एवं सांस्कृतिक समिति शीशमहल ने भगवान राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन के उपलक्ष्य में रामलीला मैदान में पूजा अर्चना और प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर मनोज कुमार तिवारी, गिरीश चंद्र तिवारी, एनडी तिवारी, दिनेश चंद्र फुलारा, सुरेश चंद्र तिवारी आदि उपस्थितरहे।

नवाबी रोड स्थित अरुणोदय संस्था में श्रीरामोत्सव के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ हल्दूचौड़ के गायत्री परिजनों ने दीप यज्ञ और राम भजन का शिक्षाप्रद और मनमोहक कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर सरस्वती सुयाल, दीप्ति भट्ट, इन्दु जोशी, ललिता जोशी, एमबी जोशी, कैलाश तिवारी, डीके पलड़िया, जीडी सती, मीरा तिवारी, भगवती पांडे, सुषमा तिवारी उपस्थित रहे।

अयोध्या राम मंदिर में भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में गोरापड़ाव के ग्राम फत्ताबंगर में खिचड़ी और हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। क्षेत्र के लोगों ने सामूहिक रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर महेंद्र नेगी, गोपाल जोशी, भुवन तिवारी, विनोद लोशाली, माधवानंद तिवारी, अनिल बमेठा, राजू तिवारी, रितेश लोशाली, दीपू लोशाली, बीरबल, गुड्डू लोशाली, रतनपति लोशाली, बुद्धि कांडपाल, चेतन बमेठा आदि मौजूद रहे।

रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर बाजारों में काफी भीड़ रही। लोगों ने दीये, फूल, पटाखे, मिठाई, मोमबत्ती, धूपबत्ती, बिजली की मालाएं आदि सामान खरीदा। बेस अस्पताल के बाहर झंडे आदि बेच रहे अंकित यादव ने बताया कि उनका सामान दोपहर तक बिक गया।

तिकोनिया चौराहे पर राम भक्तों की ओर से भंडारे का आयोजन कराया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भंडारे में पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया। इसमें मुख्य रूप से तिकोनिया चौराहा, भोटिया पड़ाव, रामपुर रोड समेत अन्य जगहों पर भंडारे का आयोजन चलता रहा।

भाजपा युवा मोर्चा के जिला मंत्री व रामलीला कमेटी अध्यक्ष योगेश रजवार के नेतृत्व में रानीबाग चित्रशिला धाम के मां जिया रानी मंदिर में कार्यक्रम हुआ। मातृ शक्ति ने रानीबाग रामलीला भवन तक कलश यात्रा निकाली व भजन कीर्तन किए। रामलीला भवन में सुंदर कांड पाठ व प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मोहन बुदलाकोटी, मनोज गोस्वामी, अभिषेक गोस्वामी, चन्द्रमोहन नोगाई, चंदन रजवार, सुरेश जंतवाल, ललित पांडेय, हेमंत तकुली, सौरव गोस्वामी, दीपक बिष्ट, मानस रजवार, योगी अधिकारी, संजय, पवन, हेमा, भावना, ईशा, हेमंत आदि रहे।

श्रीराम मंदिर में आयोजित भजन संध्या में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

त्रिमूर्ति मंदिर में सुंदर कांड का पाठ करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

कुसुमखेड़ा स्थित पीतांबरा धाम में सजी झांकी। ● अमृत विचार

नवाबी रोड पर प्रसाद बांटते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

अरुणोदय धर्मशाला में दीपोत्सव कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

शिवमंदिर दमुवाढूंगा में रामलला मूर्ति स्थापना दिवस के अवसर पर राम परिवार के रूप में सजे बच्चे। ● अमृत विचार

मुखानी में श्रीराम की आरती उतारतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

फत्ताबंगर में खिचड़ी और हलवे का प्रसाद बांटते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

धमाल | भजन सम्राट लखवीर लक्खा ने किया मंत्रमुग्ध

दुनिया चले न श्रीराम के बिना, राम जी...

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : अंजनी ग्राम हनुमान धाम में तीन दिवसीय हवन पूजन हुआ।

सायं चार बजे से भजन सम्राट लखवीर सिंह लक्खा ने भजन संध्या के दौरान अपनी जादुई आवाज में जैसे ही दुनिया न चले श्री राम के बिना, श्री राम न चले हनुमान के बिना भजन सुनाया श्रद्धालु अपने स्थान पर नाचने लगे। खुश होंगे हनुमान राम नाम तू गाए जा, वीर के भी शिरोमणि बलवान जब चले, हनुमान जब चले, मारुति तेरी राम कथा का सार तुम्हारी आंखों में, जैसे भजनों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

लोग भजनों पर झूमते रहे। इस दौरान विधायक दीवान सिंह बिष्ट, राजीव अग्रवाल, पवन अग्रवाल, सतनाम सिंह, राजीव अग्रवाल गूजर, प्रेम जैन, सुनील गोयल, शिशुपाल रावत, ओम टंडन, दिनेश अग्रवाल, जय गोपाल अग्रवाल, संजीव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

हनुमान धाम में प्रस्तुति देते भजन सम्राट लखवीर सिंह लक्खा। ● अमृत विचार

भगवा रंग के गुब्बारों से सजी मटर गली।

भगवा रंग के गुब्बारों से सजाई गई हल्द्वानी की मटर गली

हल्द्वानी, अमृत विचार : मटर गली व्यापारी एसोसिएशन ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मौके पर मटर गली स्थित मंदिर में सुंदरकांड का पाठ किया। इसके बाद आरती की गई और लड्डू का प्रसाद वितरित किया गया। भगवा रंग के गुब्बारों से गेट बना कर पूरी गली को सजाया गया था। व्यापारियों ने जय श्री राम और जो बोले सो निहाल सतश्री अकाल के जयकारे लगाए। शाम को भक्तिमय गीतों के कार्यक्रम हुए। इस मौके पर दलजीत सिंह दल्ली, अतुल गुप्ता, रोहित गौड़, प्रिंस गुप्ता, डिंकी नागपाल, सौरभ सिंघल, गौरव यादव, प्रीतम सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, टिंकू, त्रिलोक गुप्ता आदि मौजूद रहे।

डस्टबिन होने के बाद भी यहां-वहां फेंका कूड़ा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: रामभक्ति में लोग इस कदर डूबे दिखे कि पर्यावरण संरक्षक का ख्याल शायद ही किसी को रहा। शहर में जगह-जगह प्रसाद बंटा। लगभग सभी पंडालों पर लोगों की अच्छी-खासी भीड़ रही। लोगों ने स्कूटी, बाइक, कार आदि रोककर प्रसाद लिया लेकिन प्रसाद खाकर ज्यादातर ने पत्तल, कटोरी, चम्मच, गिलास आदि यहां-वहां फेंक दिए व बेशर्मी से चलते बने।

खान चंद्र मार्केट के बाहर लगे पंडाल पर तीन-चार डस्टबिन रखे हुए थे, बावजूद इसके लोग सड़क किनारे नालियों में कूड़ा डालते दिखे। रामलीला मैदान के गेट के पास लगे पंडाल के आयोजक शायद डस्टबिन रखना ही भूल गए तो लोगों ने भी कूड़ा इधर-उधर फेंकने में कोई हिचक नहीं दिखाई।

प्रसाद खाने के बाद फेंका गया कूड़ा। ● अमृत विचार

काशीपुर में श्रीराम की शोभायात्रा निकालते रामभक्त। ● अमृत विचार

काशीपुर में चामुंडा मंदिर में सुंदरकांड का पाठ करते रामभक्त। ● अमृत विचार

शहर में राम नाम की रही धूम, निकाली गई शोभायात्रा

अयोध्या में भगवान श्रीराम के प्राण-प्रतिष्ठा की खुशी में मंदिरों को सजाकर किया गया सुंदरकांड पाठ और भजन कीर्तन का आयोजन

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : अयोध्या में संपन्न हुए श्री रामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष में सोमवार को काशीपुर में भी राम नाम की धूम रही। रामचंद्र जी का डोला यात्रा मुख्य बाजार स्थित मनसा देवी मंदिर से प्रारंभ होकर किला बाजार, मुख्य बाजार, एमपी चौक, रामनगर रोड होते हुए वापस रामलीला मैदान पर संपन्न हुई।

शोभायात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया रास्ते में लोगों ने राम भक्तों के लिए चाय, कॉफी, हलुआ, बिस्किट, फल दूध, जलेबियां आदि की व्यवस्था की गई थी। रामलीला समिति और स्वास्तिक परिवार की ओर से भगवान राम का डोला पहली बार शहर में निकल गया था। सुबह मित्र मंडली की ओर से गिरीताल रोड पर पुरानी अनाज मंडी चौराहे के पास लड्डू का वितरण किया गया। इसी तरह एमपी चौक, बाजपुर रोड, कुंडेश्वरी रोड, रामनगर रोड सहित शहर के सभी प्रमुख स्थानों पर राम भक्त प्रसाद वितरण कर रहे थे। देर शाम भगवान राम की भव्य आरती में लोग शामिल हुए। आयोजन समिति के अध्यक्ष सुशील अग्रवाल, महेश चंद्र, सुरेश मित्तल, मनोज कुमार, आकाश गर्ग, अभिषेक पाठक, मुकेश गुप्ता, संजीव प्रज्ञा आदि ने लोगों का आभार जताया।

काशीपुर में प्रसाद वितरण करते रामभक्त। ● अमृत विचार

जगह-जगह किया प्रसाद वितरित: काशीपुर शहर पूरी तरह से श्री राम की भक्ति में लीन रहा। जगह-जगह राम भक्तों ने स्टॉल लगाकर वहां से गुजरने वाले लोगों को हलुआ और मिठाई का प्रसाद वितरित किया।

बार एसोसिएशन ने भी मनाया समारोह

काशीपुर : काशीपुर बार एसोसिएशन के तत्वावधान में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के अयोध्या में बन रहे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में समारोह मनाया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश चौबे ने कहा कि आज ऐसा महसूस होता है कि पूरे भारतवर्ष में रामराज आ गया हो, अयोध्या में राम मंदिर बना इस और एक कदम है। वहां पर वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा, अनूप शर्मा, नृपेंद्र कुमार चौधरी, सूरज कुमार, सौरभ शर्मा, हिमांशु बिश्नोई, सतपाल सिंह बल आदि मौजूद रहे।

रंगोली के माध्यम से दर्शाई गई श्री राम की कथा

काशीपुर : श्री रामलीला कमेटी व स्वास्तिक परिवार की ओर से आयोजित रामलीला मैदान में बनाई रंगोली आकर्षण का केंद्र रही। जिसे देख हर कोई आश्चर्यचकित था। रंगोली में श्री राम की कथा व सीता मां व हनुमान के चित्र भी दर्शाएं गए थे। रंगोली को हल्द्वानी निवासी कुसुम पांडे की 14 सदस्यीय टीम ने चार दिन की कड़ी मेहनत के बाद बनाया है।

लोगों ने घरों पर जलाए दीये, आतिशबाजी की

काशीपुर : प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद देर शाम लोगों ने अपने घरों और मंदिरों में दिए जलाकर आतिशबाजी की। वहीं शोभायात्रा के बाद जमकर आतिशबाजी की गई। कई स्थानों पर भी सामूहिक दीप प्रज्वलित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

एलईडी में लाइव देखा प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम

काशीपुर : नगर के कई इलाकों में अयोध्या में श्री मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम लाइव देखने के लिए बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई गई। लोगों ने लाइव रामलला के दर्शन किए। रामलला के दर्शन के दौरान कई लोग भावुक भी दिखाई दिए।

मंदिरों में हुआ सुंदरकांड का पाठ

काशीपुर : अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर के सभी मंदिरों को फूल मालाओं से सजाया गया। इस दौरान नगर के गिरीताल मंदिर, चामुंडा मंदिर, रामलीला मैदान, नागनाथ मंदिर, मोटेश्वर महादेव मंदिर, मनसा देवी मंदिर, चैती मंदिर समेत अन्य मंदिरों में सुंदरकांड और भजन कीर्तन का आयोजन हुआ। पूरा शहर भक्तिमय दिखाई दिया।

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर सीडीओ ने किया पौधरोपण

पुलिस लाइन स्थित मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे सीडीओ।

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर सीडीओ विशाल मिश्रा ने अधीनस्थों के साथ पहले पूजा अर्चना की और राज्य की तरक्की की प्रार्थना करने के बाद पौधरोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ रखने का आह्वान किया। इसके अलावा एसएसपी ने अधीनस्थों के साथ पुलिस लाइन स्थित मंदिर में पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की।

सोमवार को सीडीओ विशाल ने कलेक्ट्रेट में एडीएम जय भारत सिंह, एडीएम अशोक कुमार जोशी, एसडीएम मनीष बिष्ट, एसडीएम गौरव पांडे, ओसी कलेक्ट्रेट डॉ. अमृता शर्मा, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमा शंकर नेगी सहित अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ पूजा अर्चना कर श्री राम की आराधना की। सीडीओ ने कहा कि भगवान राम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात कर आत्मिक सुख का अनुभव होता है। सभी को अपने दायित्वों के साथ ही सामाजिक दायित्वों का भी कुशलतापूर्वक निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में ग्लोबल वार्मिंग एवं पर्यावरण प्रदूषण से विश्व के प्रभावित हो रहा है। ऐसी परिस्थितियों में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है।

इस मौके पर तहसीलदार दिनेश कुमार कुटोला, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी जगदीश चंद्र उप्रेती, गणेश चंद्र जोशी, वैयक्तिक सहायक कमलेश पंत आदि मौजूद रहे। उधर, एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ पुलिस लाइन स्थित मंदिर में पूजा अर्चना की और दिए जलाकर सुख समृद्धि की कामना की और प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके, आईपीएस प्रशिक्षु निहारिका तोमर, सीओ रेवाधर मठपाल, कोतवाल धीरेंद्र कुमार, विजेंद्र कुमार शाह, विक्रम राठौर आदि मौजूद रहे।

चुघ ने परिवार संग लिया राम का आशीर्वाद

अमृत विचार, रुद्रपुर

अमृत विचार : भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक और राम भक्त भारत भूषण चुघ ने शहर के विभिन्न मंदिरों में पहुंचकर शीश नवाकर प्रभु श्री राम का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज कि वह पीढ़ी सौभाग्यशाली है जो प्रभु राम का दिव्य और भव्य मंदिर देख रही हैं जो सैकड़ों वर्षों की तपस्या का फल है।

इस मंदिर निर्माण के लिए तमाम कारसेवकों ने अपने जीवन का बलिदान दिया और लाखों साधु संतों ने श्री राम मंदिर के लिए आहुति दी। ऐसे मे आज 22 जनवरी का दिन इतिहास के पन्नों में सदैव के लिए दर्ज हो जाएगा कि जब अयोध्या धाम में भव्य और दिव्य मंदिर में प्रभु राम लाल विराजमान हो रहे हैं। उन्होंने ओमेक्स स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर से शोभायात्रा में प्रतिभाग किया। इसके बाद कस्तूरी वाटिका के सेंट्रल पार्क में अपने परिवार सहित 11 कुंडीय यज्ञ हवन में भाग लिया और पूर्णाहुति दी। इसके बाद करतारपुर रोड स्थित मोटेश्वर महादेव मंदिर, बालाजी धाम दरबार, वसुंधरा एन्क्लेव, अटरिया मंदिर और दुर्गा मंदिर में पहुंचकर दीप जलाए और प्रभु श्री राम का गुणगान किया। 11 कुंडीय हवन यज्ञ में उनके साथ उनकी पत्नी कनिका चुघ व अन्य परिजन भी मौजूद थे। इस दौरान अनुज शर्मा, प्रीति शर्मा, प्रेम सिंह, सीडी सिंह, शंकर शर्मा, शिवम अग्रवाल, अजय ठाकुर, विष्णु अग्रवाल, दीपक शर्मा, राज कोली, सनी पासवान, दीपक राणा, शिवकुमार, शिबू समेत कस्तूरी वाटिका परिवार के तमाम सदस्य मौजूद थे।

परिवार के साथ आशीर्वाद लेते भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक चुघ।

अखंड रामायण पाठ का किया आयोजन

नानकमत्ता, अमृत विचार: सोमवार को अयोध्या धाम में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के शुभ अवसर पर नगर के बालाजी मन्दिर, जगदम्बा मन्दिर में श्री राम दूत सेना ने सुन्दरकाण्ड पाठ के साथ ही हवन और भण्डारे का आयोजन किया।

इधर ग्रामीण क्षेत्र के श्री नन्दीश्वर मन्दिर ध्यानपुर गांव में पशुपति नाथ शिव मन्दिर में कलश यात्रा के बाद अखंड रामायण व हवन कर कन्याओं को भोजन कराया। साथ ही मन्दिरों और पूरे क्षेत्र में राम भक्तों ने अपने घरों में दीये जलाकर खुशियां मनाई। इस मौके पर श्री राम दूत सेना के मनोज गर्ग, निथिन मित्तल, प्रमोद अग्रवाल, कैलाश जोशी, ओम प्रकाश गुप्ता, केतन आदि रहे।

श्रीराम के भजनों पर झूमा नगर

संवाददाता, शक्तिफार्म

अमृत विचार: अयोध्या नगरी में प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर पूरा क्षेत्र एवं राम भक्तों का रोम रोम राम मय उठा। इस अवसर पर नगर में निकली भव्य झांकी में 'चौखट पर चलकर आज चारों धाम आए हैं' की धुनों पर राम भक्त झूम उठे।

अयोध्या नगरी में प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर, पूरा क्षेत्र भी राम मय हो उठा। प्रातः काल से ही नगर के सनातन धर्म मंदिर समेत क्षेत्र के तमाम गांव के मंदिरों में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। तत्पश्चात जगह-जगह राम भक्तों द्वारा खिचड़ी प्रसाद वितरण किया गया। सनातन धर्म मंदिर से टैगोर नगर तक उल्लास पूर्ण माहौल के साथ, भव्य झांकियां निकाली गईं। जिसमें प्रभु राम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान एवं भगवान वाल्मीकि का मनमोहक झांकी मन मोह लिया। इस दौरान पूरा नगर "जय श्री राम, "जय श्री राम" के गगन भेदी उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। इस मौके पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अजय जायसवाल, सुनील विश्वास, सनातन धर्म मंदिर कमेटी अध्यक्ष वीरेंद्र अग्रवाल, रविन्द्र अग्रवाल, योगेंद्र रावत, जयंत मंडल, सुमित मंडल, राजा हालदार, मयंक अग्रवाल, रविंद्र विश्वास, मनोज विश्वास रहे।

शक्तिफार्म में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर निकाली गईं भव्य झांकियां।

श्री राम की प्राण-प्रतिष्ठा पर घर-घर पूजे गए मर्यादा पुरुषोत्तम

संवाददाता, सितारगंज

अमृत विचार: अयोध्या में भगवान श्री राम प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर समस्त मंदिरों और घरों में भगवान श्री राम का पूजन हुआ। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने मुख्य चौराहे पर जन समुदाय के साथ राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का लाइव प्रसारण भी देखा। इस दौरान सनातनियों में जबरदस्त उत्साह देखा गया।

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के आयोजन से पूर्व क्षेत्र को भव्य तरीके से सजाया गया है। रविवार को भगवान श्री राम-लक्ष्मण, माता सीता, हनुमान समेत भारत माता की आकर्षक झाकियों के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली गई। सोमवार को सनातन धर्म मंदिर प्राचीन भूमिया देवी मंदिर, मोनी बाबा मंदिर, शिव शक्ति दुर्गा मंदिर आदि के साथ ही घर-घर में विशेष पूजन हुआ। यहां मुख्य चौराहे पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने सनातनियों के साथ राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का लाइव प्रसारण देखा। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान जगह-जगह लंगरों का भी आयोजन किया गया था। इस दौरान सनातनियों ने घर-घर भगवा छाएगा रामराज फिर आएगा, जय श्री राम के नारों से वातावरण गूंजायमान कर दिया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, महेश मित्तल, सुखदेव सिंह, आदेश ठाकुर, मोहित तिवारी, संजय गोयल, मनीष मित्तल,सौरभ अरोरा, राकेश त्यागी, सुमन राय, पंकज गहतोड़ी, संदीप गुप्ता सोनू,व समस्त रामभक्त मौजूद रहे।

सितारगंज में सुंदरकांड पाठ का आयोजन करते लोग। ● अमृत विचार

सुप्रिया कालोनी में सुंदरकांड का आयोजन

सितारगंज : अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर सुप्रिया कॉलोनी में वार्ड वासियों ने सुंदरकांड का आयोजन किया था जिसमें कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने भी सम्मिलित होकर भगवान श्री राम के जयकारे लगाए। कार्यक्रम में राम भक्त भाव विभोर दिखे। यहां सनातनियों ने कहा कि अयोध्या में 500 वर्ष बाद भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। जिसके वे सब साक्षी बन रहे हैं। इस मौके पर सुप्रिया कॉलोनी में भंडारे का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा सहित धर्मेंद्र चौधरी, अजय शर्मा, त्रिलोक शर्मा, सतेंद्र चौहान, अतुल शर्मा, भुवन गढकोटी, सभासद पंकज गहतोड़ी, पी सी गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, विजय सक्सेना, हरि सिंह पंवार, पंकज नंदा, सुधीर श्रीवास्तव, सचिन शर्मा, विपुल शर्मा, आशीष अग्रवाल आदि शामिल रहे।

पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज

विशेष चिकित्सा:- ● भूख न लगना ● कब्ज ● अपच ● गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारीरिक अंगों का विकास रूकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ● बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ● खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।

शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुडायें।

शादी से पहले या शादी के बाद सफल बनाएं
सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
● शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
● हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
● इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
● वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
● योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।

घर बैठे मेडिसिन डाक व कोरियर से प्राप्त करें।
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 14 जनवरी 2024, रविवार
28 जनवरी 2024, रविवार
होटल नागपाल बड़ा गुरुद्वारा के सामने
गोल-मार्केट-रुद्रपुर (उधम सिंह नगर)
9837069463
7599211076

रुद्रपुर के अटरिया मंदिर में सोमवार को हवन यज्ञ कराते पंडित महेश शास्त्री। ● अमृत विचार

रुद्रपुर के बालाजी मंदिर में भजन कीर्तन करते रामभक्त। ● अमृत विचार

हवन-यज्ञों के बीच श्रीराम के जयकारों से गूंजा शहर

हजारों लोगों ने किए श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के लाइव दर्शन, पांच मंदिर, एलाइंस कॉलोनी, डीडी चौक, शक्ति विहार में लगे एलईडी स्क्रीन

कार्यालय संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: अयोध्या धाम में श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के साथ ही शहर में जगह-जगह उत्सव धूमधाम से मनाया गया। हजारों लोगों ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह का लाइव प्रसारण देख श्रीराम के दर्शन किये। इस दौरान श्री राम चरित मानस का पाठ एवं भजन कीर्तन का भी आयोजन हुए। दिनभर श्रीराम के भजनों और नारों से वातावरण राममय हो गया। इसके अलावा गली-मोहल्लों में भी श्री राम की शोभा यात्रा निकाली गयी।

सोमवार को सुबह से शहर के मंदिरों, कालोनियों, गली-मौहल्लों में श्री राम के भजन सुनायी देने लगे थे। रामभक्तों स्थानीय मंदिरों में पहुंचने लगे थे। मंदिरों को बिजली की रोशनी के साथ ही फूलों से सजाया गया था। शहर के प्रमुख पांच मंदिर में श्री सनातन धर्म सभा की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। सुबह से मंदिर में भक्तों ने भजन कीर्तन और रामनाम का स्मरण करना शुरू दिया था। इस दौरान सभी भक्तों ने श्री रामलला का लाइव प्रसारण देखा।

कार्यक्रम के बाद मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। साथ ही श्रद्धालुओं ने शिव मंदिर में जलाभिषेक किया और पूजा अर्चना की। इससे पूर्व विधायक शिव अरोरा ने पांच मंदिर में गर्व से कहो हम हिंदू के स्लोगन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सभा के सरपरस्त नंदलाल भुड्डी, रोहिताश, उप प्रधान तिलक राज घई, विजय जग्गा, महिला मंडल की अध्यक्ष शशि अरोरा, सुरेश राजदेव समेत कई भक्त लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम महेश बब्बर की देखरेख में संपन्न हुए।

शक्ति विहार में हाथों में दीपक लेकर पूजा-अर्चना करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

बालाजी मंदिर में धूमधाम से मना श्री राम का प्राण प्रतिष्ठा उत्सव

रुद्रपुर : शहर के आदर्श कॉलोनी स्थित बालाजी मंदिर में भी सुबह से रामभक्तों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गयी थी। सुबह राम भक्तों ने पहुंचकर पहले मंदिर में श्री राम समेत अन्य देवी-देवताओं के दर्शन किया। इसके बाद श्री राम चरित मानस का पाठ एवं भजन कीर्तन का आयोजन हुआ। यहां मंदिर के मंहत रमेश वशिष्ठ ने पूजा अर्चना करायी। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। इसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

अटरिया मंदिर में हवन यज्ञ कर देश की सुख समृद्धि की कामना की

रुद्रपुर : शहर के प्रसिद्ध अटरिया मंदिर में भी सुबह से भक्तों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गयी थी। यहां मंदिर के पंडित महेश शास्त्री ने हवन यज्ञ कराया और देश की सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान हजारों रामभक्त मौजूद रहे। मंदिर में सुबह ही श्री राम के भजन कीर्तनों का दौर चलता रहा। यह सिलसिला देर सायं तक चला। इस दौरान महंत पुष्पा देवी, प्रशांत शर्मा, अनिल कुमार शर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे।

श्रीराम भक्तों ने लाइव देखा प्राण प्रतिष्ठा उत्सव

संवाददाता, रुद्रपुर

आस्था

- रामभक्तों ने अयोध्या धाम से देखा लाइव प्रसारण
- दिनभर चलता रहा श्री राम चरित मानस का पाठ और भजन कीर्तन

अमृत विचार: शक्ति विहार कालोनी के सेंटल पार्क में श्री रामलला का प्राण प्रतिष्ठा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। अयोध्या में आयोजित समारोह का लाइव प्रसारण किया गया। निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने सैकड़ों लोगों के साथ लाइव प्रसारण देखा। इस दौरान पार्क में श्री राम चरित मानस का पाठ एवं भजन कीर्तन का भी आयोजन हुआ। जिससे पूरा वातावरण राममय हो गया।

सोमवार को निवर्तमान मेयर रामपाल ने सपरिवार सैकड़ों लोगों के साथ लाइव प्रसारण देखा। इस मौके पर निवर्तमान मेयर ने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में भारी उत्साह है। 500 वर्षों की लम्बी तपस्या के बाद आखिरकार राम लला अयोध्या स्थित भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। यह हर भारतीय के लिए गर्व का पल है। उन्होंने कहा कि हर हिंदु सदियों से रामलला के आगमन का सपना देख रहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सरकार में करोड़ों हिंदुओं का सपना पूरा हुआ है।

उन्होंने कहा कि श्री राम मंदिर की स्थापना के साथ भारत राम राज्य की ओर अग्रसर हुआ है। दुनिया में आने वाला समय भारत का है। भारत की नेतृत्व क्षमता को अब विश्व के देश भी मान रहे हैं। इस अवसर पर जेबी सिंह, किशोर शर्मा, हरीश पनेरू, मदन मोहन बिष्ट, पवन पांडे, डॉ. थिंड, बिट्टू शर्मा, देव शर्मा, सीपी शर्मा, डॉ. पाल, उपदेश सक्सेना, आशीष कुमार, कल्पना सिंह सरस्वती पाल, ममता बिष्ट, आभा शर्मा, निधि गुप्ता, रंजीत शाह शर्मा, तनुजा, दीपा चंद्रा, कविता पारुल सुषमा मौर्य बीएस पाल सहित सैकड़ों कालोनीवासी उपस्थित रहे।

राम भक्ति

पांच मंदिर में श्री राम के भजनों पर झूमतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

हवन यज्ञ का आयोजित करते सामिया ग्रुप सिटी के लोग। ● अमृत विचार

डीडी चौक पर रामभक्तों ने देखा लाइव प्रसारण

रुद्रपुर : शहर के प्रमुख चौराहे डीडी चौक पर रामभक्तों ने अयोध्या धाम से श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लाइव देखा। मौके पर एसएसपी मंजूनाथ टीसी भी मौजूद रहे। इस दौरान डीडी चौक पर श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा शुरू होते ही लोगों ने जय श्री राम के नारे लगाने शुरू कर दिये। व्यस्ततम चौराहा होने के कारण पुलिस लोगों की भीड़ को भी व्यवस्थित कराया।

सामिया लेक सिटी में आयोजित हुआ हवन यज्ञ

रुद्रपुर : सामिया लेक सिटी में अयोध्या धाम में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान सामिया ग्रुप के लोगों ने हवन यज्ञ कर भंडारे का आयोजन किया। इस दौरान कॉलोनी के लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। हवन यज्ञ कार्यक्रम में डायरेक्टर कैलाश कुमार, एसडी बहुगुणा, अमोद शुक्ला, जीएम मरगूब त्यागी, मोहम्मद अशीम, विकास कक्कड़, कुंदन सिंह राठौर, राकेश कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे।

दीपकों से श्रीराम लिखते विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

महेशपुर गांव में दीपावली जैसा जश्न

रुद्रपुर, अमृत विचार : अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा जश्न में डूबे विधायक शिव अरोरा ने प्रभु श्रीराम के अयोध्या में विराजमान होने पर महेशपुर गांव में आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया। इस दौरान विधायक अरोरा ने कहा कि आज प्रभु श्रीराम अपने धाम अयोध्या में पधारे हैं। इस खुशी में आतिशबाजी कर दीपावली के रूप में इस पर्व को मना रहे हैं। हर घर उमंग उत्साह है और मंदिर गली चौराहों पर सिर्फ सिर्फ राम नाम की गूंज है। इस दौरान दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता, प्रीत ग्रोवर, राजेश बजाज, सुशील बजाज, चंद्रसेन कोली, मनोज मदान, मयंक कक्कड़, अंकित बठला, मनीष मुंजाल, सुरेश विश्वास, विपुल नारंग, राज बजाज व अन्य लोग मौजूद रहे।

श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देख भावुक हो गये विधायक अरोरा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर एलाइंस कॉलोनी में बड़ी एलईडी स्क्रीन लगायी गयी थी। विधायक शिव अरोरा ने कॉलोनी के लोगों के साथ प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लाइव देखा। इस दौरान लाइव कार्यक्रम को देखकर विधायक अरोरा भावुक हो गयी। साथ ही कहा कि यह पल मेले जीवन के लिए स्वर्णिम पल है।

सोमवार को लाइव कार्यक्रम को देखने के बाद विधायक अरोरा ने कहा कि 500 वर्ष की करोड़ों हिन्दू सनातनियों की तपस्या को साकार होते देख साक्षी बने। हम सभी को सदियों से इस पल का इंतजार था। अयोध्या धाम में प्राण प्रतिष्ठा के दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के संतों की मौजूदगी में की। इस क्षण को देखने के लिये हमारी आंखे तरस गयी थी। उन्होंने यह घड़ी उन करोड़ों बलिदान के बाद आई है इसमें लाखों कारसेवकों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी।

6 दिसंबर 1992 की घटना को याद करते हुए उन्होंने बताया कि ढांचा विध्वंस के समय अपनी चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा छोड़ आंदोलन में शामिल होने अयोध्या पहुंचे थे। वह इस क्षण ओर संघर्ष को याद करते हुए भावुक हो गये। प्राण प्रतिष्ठा के बाद आरती कार्यक्रम में भाग लिया और प्रभु श्रीराम कि आरती कर समस्त क्षेत्र के सुख सम्रद्धि की कामना की। वहीं विधायक अरोरा ने प्राण प्रतिष्ठा के बाद सामूहिक हनुमान चालीसा का गुणगान भी किया। इस मौके पर राजकुमार चौधरी, हरनाम चौधरी, मनोज मित्तल, हरीश अरोरा, मनोज मदान, मयंक कक्कड़, अनमोल विर्क, राजेश पप्पल, विकास सागर, सुनील सागर, सोनू वर्मा, गौरव अरोरा, राजेश डाबर, वंश डाबर, शुभ शर्मा, वासु गुम्बर मौजूद रहे।

श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लाइव देखते विधायक अरोरा।

डीडी चौक पर लाइव प्रसारण देखते राम भक्त। ● अमृत विचार

पांच मंदिर में जलाभिषेक करते भक्त। ● अमृत विचार

श्रीराम की आस्था में रंगे बच्चे

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः जहां एक ओर देश भर में अयोध्या राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हर वर्ग में उत्साह का माहौल है। वहीं वार्डों के अलावा कॉलोनियों में भी आस्था का नजारा बच्चों में भी देखने को मिला। जहां छोटे-छोटे बच्चे हाथों में राम ध्वज लेकर साइकिल से भ्रमण करते दिखे और श्रीराम के उद्घोष लगाकर लोगों को इस उत्सव में सजग होने का आह्वान करते रहे। बच्चों में आस्था को देखकर हर किसी ने उत्साहवर्धन किया।

सोमवार की सुबह होते ही जहां राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का नजारा हर जगह देखने को मिला। वहीं शहर की बस्तियों और कॉलोनियों में छोटे छोटे बच्चे साइकिल और हाथों में राम ध्वज लेकर जय श्रीराम के उद्घोष लगा रहे थे। यही नहीं बच्चे गली गली जाकर लोगों को राम उत्सव के लिए प्रेरित भी कर रहे थे। जब मुकेश नाम के बच्चे से प्राण प्रतिष्ठा के बारे में पूछा तो बच्चे ने बेधड़क बताया कि वर्षों इंतजार के बाद राम मंदिर का निर्माण हुआ है। राम मंदिर बनना हर हिंदू का सपना था। जब वह सपना पूरा हुआ है तो उसे सोकर नहीं, बल्कि लोगों को जगाकर राम उत्सव में शामिल होने का मौका नहीं छोड़ना चाहिए। यही कारण है कि बच्चों ने टोली बनाकर साइकिल से राम ध्वज भ्रमण शुरू कर दिया। बच्चों की आस्था देखकर हर कोई उत्साहपूर्वक उत्साहवर्धन करने लगा।

रुद्रपुर में साइकिल से राम ध्वज लेकर उल्लास मनाते बच्चे। ● अमृत विचार

हंगामा ट्रांजिट कैंप से निकली शोभायात्रा रोकने का है मामला, चौकी के पास पुलिस ने रोका, हंगामा होने पर दी अनुमति

भीड़ के तेवर देख बैकफुट पर आयी आवास विकास पुलिस

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : 22 जनवरी की दोपहर को निर्धारित रूट को लेकर शोभायात्रा के आयोजक और आवास विकास पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक हुई। काफी देर तक हुई जद्दोजहद के बाद आखिरकार पुलिस को बैकफुट पर आना पड़ा और पुलिस ने आगे जाने की अनुमति दी। पुलिस के इस रुकावट को लेकर शोभायात्रा में शामिल भीड़ ने उग्र तेवर दिखाए।

सोमवार को ट्रांजिट कैंप इलाके से राधा गोविंद समिति और विवेकानंद क्लब की ओर से अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। जो सिडकुल ढाल से होते हुए जगतपुरा मार्ग से जैसे ही आवास विकास चौकी तिराहे पर पहुंची तो आवास विकास चौकी प्रभारी अरविंद बहुगुणा सहित पुलिस बल ने शोभायात्रा को रोक दिया। पुलिस का कहना था कि शोभायात्रा के रविंद्र नगर मुख्य मार्ग पर जाने से यातायात बाधित हो सकता है, जबकि शोभायात्रा की अनुमति मार्ग आवास विकास का इलाका है।

वहीं आयोजकों का कहना था कि अनुमति में साफ तौर पर लिखा है कि ट्रांजिट कैंप से यात्रा रविंद्र नगर मुख्य मार्ग से होते हुए किच्छा बाईपास से कैप के अंदर प्रवेश करेगी। इस दौरान आयोजित और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक होने शुरू हुई। इससे शोभायात्रा में मौजूद भीड़ का पारा चढ़ गया और भीड़ ने हंगामा करना शुरू कर दिया। भीड़ के उग्र तेवर देख आखिरकार पुलिस को बैकफुट पर आना पड़ा और पुलिस सुरक्षा में शोभायात्रा को रविंद्र नगर मार्ग से निकाली गयी। वहीं पुलिस टीम द्वारा बेवजह शोभायात्रा को रोकने को लेकर आयोजकों में नाराजगी देखने को मिली।

आवास विकास तिराहे पर शोभा यात्रा को रोकती पुलिस। ● अमृत विचार

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अपि मेरुसमं प्राज्ञमपि शुरमपि स्थिरम्।
तृणीकरोति तृष्णैका निमेषेण नरोत्तमम्।।

भले ही कोई व्यक्ति मेरु पर्वत की तरह स्थिर, चतुर, बहादुर दिमाग का हो लालच उसे पल भर में घास की तरह खत्म कर सकता है।

संपादकीय

अब आगे क्या

लंबे इंतजार के बाद अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे भारतीय समाज की परिपक्वता के बोध का क्षण बताते हुए कहा कि ये अवसर सिर्फ विजय का नहीं, विनय का भी है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूरा देश 'राममय' हो गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि हम 'त्रेता युग' में आ गए हैं। इस समारोह में संतों, राम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े लोगों और मनोरंजन, खेल और उद्योग जैसे क्षेत्रों की मशहूर हस्तियों सहित लगभग आठ हजार लोग शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने युवाओं से देश के उत्कर्ष का आह्वान करते हुए महत्वपूर्ण सवाल उठाया कि अब आगे क्या। साथ ही प्रेरणा दी कि भारत युवा शक्ति की ऊर्जा से भरा है और इसे झुकना या बैठना नहीं है। देश की युवा पीढ़ी चांद पर तिरंगा फहरा रही और 15 लाख किलोमीटर दूर अंतरिक्ष में यान पहुंचा रही है। आने वाला समय सफलता और सिद्धि का है। राम मंदिर भारत के उत्कर्ष का साक्षी बनेगा। उन्होंने कहा कि कालचक्र बदल रहा है हम समर्थ, सक्षम, दिव्य भारत के निर्माण की सौगंध लेते हैं। परंपरा की पवित्रता और आधुनिकता की अनंतता, दोनों ही पथ पर चलते हुए भारत, समृद्धि के लक्ष्य तक पहुंचेगा।

राम मंदिर समाज के हर वर्ग को उज्ज्वल भविष्य के पथ पर बढ़ने की प्रेरणा लेकर आया है। प्रत्येक देशवासी संकल्प लें कि राष्ट्र निर्माण के लिए पूरा जीवन लगा देंगे। ये मंदिर, मात्र एक देव मंदिर नहीं है। ये भारत की दृष्टि का, भारत के दर्शन का, भारत के दिग्दर्शन का मंदिर है। ये राम के रूप में राष्ट्र चेतना का मंदिर है। सुखद संयोग है कि मंदिर निर्माण से आगे बढ़कर वर्तमान पीढ़ी एक कालजयी क्षण की गवाह बनी है। जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि युग की मांग है हमें अपने अंतःकरण को विस्तार देना होगा। हमारी चेतना का विस्तार, देव से देश तक, राम से राष्ट्र तक होना चाहिए। वास्तव में आने वाला समय सफलता का है। परंपरा की पवित्रता और आधुनिकता के पथ पर चलते हुए भारत समृद्धि के लक्ष्य तक पहुंचेगा। यानि आने वाला समय अब सिद्धि का है। ये भव्य राम मंदिर भारत के उत्कर्ष, भारत के उदय का और भव्य भारत के अभ्युदय का साक्षी बनेगा। आज अयोध्या का ये उत्सव रामायण की वैश्विक परंपराओं का भी उत्सव बना है। ऐसे में निश्चित ही राम मंदिर विकसित भारत का साक्षी बनेगा।

आमजन के राम

के.विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

आमजन का राम से रिश्ता दशहरा में नए सिरे से जुड़ता है। रामलीला एक लोकोत्सव है जिसमें राम की जनपक्षधरता अभिव्यक्त होती है। राजा से प्रजा, फिर वे नर से नारायण बन जाते हैं। सीता को चुरा कर भागने वाले रावण से शौर्यपूर्वक लड़ने वाले गीध जटायु को अपनी गोद में रखकर राम उसकी सुश्रुषा करते हैं, फिर उसकी अंत्येष्टि करते हैं जैसे वह उनका कुटुंबीजन हो।

राम की कहानी युगों से भारत को संवारने में उत्प्रेरक रही है। इसीलिए राष्ट्र के समक्ष सुरसा के जबड़ों की भांति फैले हुए सद्य संकटों की राम कहानी समझना और उनका मोचन इसी से मुमकिन है। शर्त यही है राम में रमना होगा, क्योंकि वे 'जन रंजन भंज न सोक भयं' हैं। बापू का अनुभव था कि जीवन के अधेरे, निराश क्षणों में रामचरित मानस में उन्हें सुकून मिलता था। राममनोहर लोहिया ने कहा था कि 'राम का असर करोड़ो के दिमाग पर इसलिए नहीं है कि वे धर्म से जुड़े हैं, बल्कि इसलिए कि जिन्दगी के हरेक पहलू और हरेक कामकाज के सिलसिले में मिसाल की तरह राम आते हैं। आदमी तब उसी मिसाल के अनुसार अपने कदम उठाने लग जाता है।' इन्हीं मिसालों से भरी राम की किताब को एक बार विनोबा भावे ने सिवनी जेल में ब्रिटेन में शिक्षित सत्याग्रही जेसी कुमारप्पा को दिया और कहा, 'दिस रामचरित मानस ईज बाईबल एंड शेक्सपियर कम्बाइंड।' लेकिन इन दोनों अंग्रेजी कृतियों की तुलना में राम के चरित की कहानी आधुनिक है, क्योंकि हर नई सदी की रोशनी में वह फिर से सुनी, पढ़ी और विचारित होती है। तरोताजा हो जाती है। गांधी और लोहिया ने सुझाया भी था कि हर धर्म की बातों की युगीय मान्यताओं की कसौटी पर पुनर्समीक्षा होनी चाहिए। गांधीजी ने लिखा था, 'कोई भी (धार्मिक) त्रुटि शास्त्रों की दुहाई देकर मात्र अपवाद नहीं करार दी जा सकती है।' (यंग इण्डिया, 26 फरवरी 1925)। बापू ने नए जमाने के मुताबिक कुरान की भी विवेचना का जिक्र किया था। लोहिया तो और आगे बढ़े। उन्होंने मध्यकालीन रचनाकार संत तुलसीदास के आधुनिक आलोचकों को चेताया: 'मोती को चुनने के लिए कूड़ा निगलना जरूरी नहीं है, और न कूड़ा साफ करते समय मोती को फेंक देना।' रामकथा की उल्लास-भावना से अनुप्राणित होकर लोहिया ने चित्रकूट में रामायण मेला की सोची थी। उसके पीछे दो प्रकरण भी थे। कामदगिरी के समीप स्फटिक शिला पर बैठकर एक बार राम ने सुंदर फूल चुनकर काशाय वेशधारिणी सीता को अपने हाथों से सजाया था। (अविवाहित) लोहिया की दृष्टि में यह प्रसंग राम के सौन्दर्यबोध और पत्नीव्रता का परिचायक है, जिसे हर पति को महसूस करना चाहिए। स्वयं लोहिया ने स्फटिक शिला पर से दिल्ली की ओर देखा था। सोचा भी था कि लंका की तरह केंद्र में भी सत्ता परिवर्तन करना होगा। तब नेहरू कांग्रेस का राज था। फिर लोहिया को अपनी असहायता का बोध हुआ था, रावण रथी, विरथ रघुवीर की भांति। असमान मुकाबला था, हालांकि लोहिया के लोग रथी हुए उनके निधन के बाद।

लोहिया रामचरितमानस के छोटे किस्सों का उद्धरण करते थे और आमजन की जिज्ञासा जगाते थे ताकि राम पर चर्चा व्यापक हो। मसलन बड़े भाई राम अक्सर अनुज लक्ष्मण को उकसाते थे। जब धनुष टूटा तो नाराज परुशुराम से लक्ष्मण का विवाद तीखा था। शूर्पणखा को टालने के लिए फिर राम ने लक्ष्मण को एवजी बनाया। दोनों में संवाद का आयमन क्या था? लोहिया ने अपने राम को साधारण मनुष्य जैसा ही देखा था।

लोहिया रामचरितमानस के छोटे किस्सों का उद्धरण करते थे और आमजन की जिज्ञासा जगाते थे ताकि राम पर चर्चा व्यापक हो। मसलन बड़े भाई राम अक्सर अनुज लक्ष्मण को उकसाते थे। जब धनुष टूटा तो नाराज परुशुराम से लक्ष्मण का विवाद तीखा था। शूर्पणखा को टालने के लिए फिर राम ने लक्ष्मण को एवजी बनाया। दोनों में संवाद का आयमन क्या था? लोहिया ने अपने राम को साधारण मनुष्य जैसा ही देखा था। महात्मा गांधी के विषय में एक अचंभा अवश्य होता है। द्वारका के निकट सागर किनारे वे पैदा हुए पर जीवनभर सरयू तटी राम के ही उपासक रहे। वे द्वारकाधीश को मानों भूल ही गए। शायद इसलिए कि गांधीजी जनता के समक्ष राम के मर्यादित उदाहरण को पेश करना चाहते हों। रामराज ही उनके सपनों का भारत था, जहां किसी भी प्रकार का ताप नहीं था, शोक न था।

आमजन का राम से रिश्ता दशहरा में नए सिरे से जुड़ता है। रामलीला एक लोकोत्सव है जिसमें राम की जनपक्षधरता अभिव्यक्त होती है। राजा से प्रजा, फिर वे नर से नारायण बन जाते हैं। सीता को चुरा कर भागने वाले रावण से शौर्यपूर्वक लड़ने वाले गीध जटायु को अपनी गोद में रखकर राम उसकी सुश्रुषा करते हैं, फिर उसकी अंत्येष्टि करते हैं जैसे वह उनका कुटुंबीजन हो। रामकथा के टीकाकार जितना भी बालि के वध की व्याख्या करें, वस्तुतः राम का संदेशा, उनकी मिसाल, असरदार है कि न्याय और अन्याय के बीच संघर्ष में तटस्थ रहना अमानवीय है। अपनी समदृष्टि, समभाव के बावजूद राम को वंचित और शोषित सुग्रीव प्यारा है। सत्ता पाकर सुग्रीव पंपानगर के राज प्रसाद में रहते हैं मगर वनवासी राम किष्किंधा पर्वत पर कुटी बनाकर रहते हैं। कुछ ऐसा ही गांधी जी भी करते रहे। प्रवास में दिल्ली की भंगी कालोनी और लंदन में श्रमिक बस्ती ईस्ट एंड इलाके में टिकते थे, अट्टालिकाओं से दूर। सत्ता से युद्ध में राम ने वस्तुतः लोकशक्ति का प्रयोग किया। बजाय सामंतों और सूबेदारों के, आमजन को भर्ती कर जनसेना संगठित की। ऐसी गठबंधन की सेना जो न सियासत में न समरभूमि में कभी दिखी है। विजय के बाद आभार ज्ञापन में वानरों से राम कहते हैं: 'तुम्हरे बल मैं रावन मारयो।' वाहवाही लूटने की लेशमात्र भी इच्छा नहीं थी इस महाबली में। निष्णातों के आकलन में भारत को राष्ट्र का आकार राम ने दिया। सुदूर दक्षिण के सागरतट पर शिवलिंग की स्थापना की और निर्दिष्ट किया कि गंगोत्री के जल से जो व्यक्ति रामेश्वरम के इस लिंग का अभिषेक करेगा उसे मुक्ति मिलेगी। अब हिंदुओं में मोक्ष प्राप्ति की होड़ लग गई, मगर इससे हिमालय तथा सागरतट तक भौगोलिक सीमाएं तय हो गई। चित्रकूट के भरतकूप में समस्त तीर्थों का जल डलवाकर भारतभूमि की भावात्मक एकसूत्रता को बलवती बनाया। आज अक्सर दावा पेश होता है देश में अनुसूचित जातियों और जनजातियों को राष्ट्र की मुख्यधारा में समाविष्ट करने के अभियान की। मगर भारतीय संविधान बनने के सदियों पूर्व, (तब वोट बैंक भी नहीं होते थे) वनवासी राम ने दलितों, पिछड़ों और वंचितों को अपना कामरेड बनाया, मसलन निषादराज गुह, और भीलनी शबरी। आज के अमरीका से काफी मिलती जुलती अमीरों वाली लंका पर रीछ-वानरों द्वारा हमला करना और विजय पाना इक्कीसवीं सदी के मुहावरें में पूंजीवाद पर सर्वहारा की फतह कहलायेगी। सभ्यता के विकास के विभिन्न चरणों का लेखा जोखा सर्वप्रथम परूशुराम की कुल्हाड़ी (वन उपज पर अवलंबित समाज,) फिर धनुषधारी राम (तीर द्वारा व्यवस्थित समाज) और हल लिए बलराम (कृषि युग का प्रारंभ) से निरूपित होता है। लोगों को दर्द होता है जब जब राम को वोट से जोड़ने का प्रयास किया जाता है। सर्वोच्च न्यायालय में रामसेतु पर संप्रग सरकार ने बेहूदा बयान दर्ज कराया कि राम काल्पनिक थे। नतीजे में कांग्रेस को माफी मांगनी पड़ी, जनता के सामने रोना धोना पड़ा, अदालत से बयान वापस लेना पड़ा। रामसेतु पर राजनीति शुरू से लंगड़ी थी। रेंग भी न पाई। हिंदु-बहुल सरकार के हलफनामे की तुलना में तो मुसलमान साहित्यकारों के राम के मुतल्लिक उद्‌गार अधिक ईमानदार रहे। अल्लामा इकबाल ने कहा था कि, 'राम के वजूद पे है हिन्दोस्तां को नाज'। इस इमामे हिंद पर शायर सागर निजामी ने लिखा, 'दिल का त्यागी, रूह का रसिया, खुद राजा, खुद प्रजा।' मुगल सरदार रहीम और युवराज दारा शिकोह तो राम के मुरीद थे ही।

राम को आधुनिकता के प्रिज्म में देखकर कहानीकार कमलेश्वर ने कहा था कि रामायण ब्राह्मण बनाम ठाकुर की लड़ाई है। (राही मासूम रजा पर गोष्ठी 20 अगस्त 2003: जोकहरा गांव, आजमगढ़)। यह निखालिस विकृत सोच है। यह उपमा कुछ वैसी ही है कि रावण और राम मूलतः पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के थे तो यह पूरब-पश्चिम की जंग थी। रावण के पिता विश्वेश्रवा गाजियाबाद में दूधेश्वरनाथ मंदिर क्षेत्र के निवासी थे। आजकल नोएडा प्रशासन इस पर शोध भी करा रहा है। भला हुआ कि अवध के राम और गाजियाबाद के रावण अब उत्तर प्रदेश में नहीं है, वर्ना राज्य के विभाजन के आंदोलन का दोनों आधार बन जाते। कमलेश्वर और उनके हमख्याल वाले भूल गए कि राम का आयाम उनके नीले वर्ण की भांति था। आसमान का रंग नीला होता है। उसी की तरह राम भी अगाध, अनंत, असीम हैं। इसीलिए आम जन के प्रिय हैं।

प्रसंगवश

गांधी और सुभाष चंद्र बोस

127 वीं जयंती पर

गांधी जी ने कहा, 'चूंकि मौलाना आजाद के मना करने के बाद पट्टाभि सीतारमैय्या मेरे कहने पर उम्मीदवार थे। इसलिए यह उनकी नही मेरी हार है। यह मेरी नीतियों-कार्यक्रमों की हार है। सुभाष चंद्र बोस ने विनम्रता के साथ इसे गांधी की निजी हार मानने से असहमति व्यक्त की, 'डेलीगेट्स को उनके (गांधी के) पक्ष या विपक्ष में वोट डालने को नहीं कहा गया था।' गांधी की आहत भावनाओं को शांत करने के लिए उन्होंने कहा, 'मेरे लिए यह त्रासद होगा कि मैं अन्य लोगों का विश्वास अर्जित कर लूं, लेकिन देश के महानतम व्यक्ति का विश्वास प्राप्त करने में विफल रहूं।' फिर भी गांधी जी से सुभाष बाबू की दूरियों की वजह क्या थी? क्या ये टकराव सिर्फ नीतियों-कार्यक्रमों और शैली का था? शायद ही इससे इंकार किया जा सके। पर शायद सिर्फ़ इतना काफी नहीं होगा। दो दिग्गजों के व्यक्तित्व का भी यह टकराव था। अपरोक्ष ही सही। अहम भी टकरा रहे थे। बेशक सुभाष बाबू गांधी जी का बहुत आदर करते थे। आजादी के आंदोलन में उनकी अगुवाई भी सहज स्वीकार्य थी। लेकिन वह पटेल, नेहरू, राजेन्द्र प्रसाद आदि की तरह गांधी जी के अनन्य भक्त और अनुयायी नहीं थे। उनके लिए गांधी जी की इच्छा आखिरी और शिरोधार्य नहीं थी। वह प्रतिद्वंद्वी नहीं थे। पर उन्होंने असहमति और सवाल के अपने अधिकार संजो रखे थे। उसके इस्तेमाल में वह चूके नहीं और नतीजे सामने थे।


राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

कांग्रेस से सुभाष बाबू के अलगाव के बाद दोनों ने निजी स्तर पर रिश्तों की मर्यादा को बनाए रखा। अगस्त 1939 में सुभाष बाबू को पटना में काले झंडे दिखाए जाने का गांधी जी ने विरोध किया। 1940 में कांग्रेस की योजनाओं से अलग रहकर काम करते सुभाष बाबू गिरफ्तार हो गए। कांग्रेस और गांधी जी से सवाल हुआ कि बचाव में क्यों आगे नही आए? 9 जुलाई 1940 को सेवाग्राम में गांधी जी ने कहा, 'सुभाष बाबू जैसे महान व्यक्ति की गिरफ्तारी मामूली बात नही है। लेकिन सुभाष बाबू ने अपनी लड़ाई की योजना बहुत समझ-बूझ और हिम्मत से बनाई है। वह मानते हैं कि उनका तरीका सबसे अच्छा है। उन्होंने मुझसे बड़ी आत्मीयता से कहा कि जो कुछ कार्य समिति नहीं कर पाई, उसे कर दिखाएंगे। वह विलंब से ऊब चुके हैं। मैंने उनसे कहा कि आपकी योजना के फलस्वरुप मेरे जीवनकाल में स्वराज मिल गया तो बधाई का पहला तार मेरी ओर से आपको मिलेगा।'

17 अगस्त 1941 को जब सुभाष बाबू कलकत्ता के एल्गिन रोड स्थित आवास से बिन बताए गायब हुए तो उनके भाई शरत चन्द्र बोस को गांधी जी ने तार भेजकर पूछा, 'सुभाष के बारे में खबर चौंकाने वाली है। कृपया सच्चाई तार से सूचित करें, चिंतित हूं।

1943 में गांधी जी के जन्मदिन 2 अक्टूबर पर बैंकाक रेडियो से नेताजी सुभाष चंद्र बोस का संदेश प्रसारित हुआ, 'मन की शून्यता के क्षणों में महात्मा गांधी का उदय हुआ। वह अपने साथ लाए असहयोग का, सत्याग्रह का एक अभिनव-अनोखा तरीका। ऐसा लगा कि विधाता ने ही उन्हें स्वतंत्रता का मार्ग दिखाने के लिए भेजा है। स्वतः ही सारा देश उनके साथ हो गया। 'ये नेताजी थे जिन्होंने 6 जुलाई 1944 को सिंगापुर रेडियो से अपने प्रसारण में प्रथम बार गांधी जी को राष्ट्रपिता संबोधित किया और कहा,' भारत की आजादी की आखिरी लड़ाई शुरु हो चुकी है। आजाद हिन्द फौज हिंदुस्तान की धरती पर लड़ रही है। सारी दिक्कतों के बावजूद आगे बढ़ रही है। ये हथियारबंद संघर्ष तब तक चलेगा, जब तक ब्रिटिश को देश से उखाड़ नहीं देंगे। दिल्ली के वायसराय हाउस पर तिरंगा फहरेगा। 'पल भर की खामोशी बाद उनका अगला वाक्य मन की अतल गहराइयों से निकला। दिलों में उतरा और इतिहास में दर्ज हो गया, 'राष्ट्रपिता, हिंदुस्तान की आजादी की लड़ाई में हम आपका आशीर्वाद मांगते हैं।' गांधी जी ने नेताजी की विमान दुर्घटना की मृत्यु की खबर पर कहा,' उन जैसा दूसरा देशभक्त नहीं। वह देशभक्तों के राजकुमार थे। '24 फरवरी 1946 को हरिजन में लिखा,' आजाद हिंद फौज का जादू हम पर छा गया है। नेताजी का नाम सारे देश में गूंज रहा है। वे अनन्य देश भक्त हैं (वर्तमान काल का प्रयोग जानबूझकर कर रहा हूं)। उनकी बहादुरी उनके सारे कामों में चमक रही है। उनका उद्देश्य महान था। पर वह असफल रहे। असफल कौन नहीं रहा? हमारा काम तो यह देखना कि हमारा उद्देश्य महान और सही हो। सफलता हर किसी की किस्मत में लिखी नही होती।' उनके रास्ते अलग हो गए थे। मंजिल एक थी। उसे हासिल करने की निष्ठा पर सवाल नही था। वैचारिक मतभेद थे। लेकिन परस्पर सम्मान-आत्मीयता शेष थी। यही उन्हें जोड़ती रही। दूर से भी पास करती रही।

राम राज्य की स्थापना में सहयोग दें


राकेश शर्मा
अध्यक्ष, इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

अब मंदिर निर्माण तो हो गया लेकिन अब संकल्प लेने का भी समय है कि हम रामायण के सकारात्मक पात्रों की तरह जीवन जिएं और राम राज्य की स्थापना करने में सहयोग दें।

श्री राम जन्मभूमि में राम लला नव निर्मित भव्य, दिव्य एवं सौम्य श्री राम मंदिर में प्रवेश कर चुके हैं। पूरा देश हर्षोल्लास में है। कुछ लोग श्री रामजन्म भूमि के आंदोलन के महत्व की हत्या कर किसी एक वर्ग को अपने पक्ष में करना चाह रहे थे। ऐसे तत्व आज भी सनातन को समाप्त करने वालों का मूक समर्थन करते दिखते है, हिंदू और हिंदुत्व को अलग कर देखते हैं। ये वही लोग हैं जो राम को काल्पनिक बताते हैं, रामायण को मिथ्या बताते हैं। ख़ैर ऐसे लोगों की चर्चा करना भी समय की बर्बादी है।

यह कहते हैं धर्म को राजनीति से अलग रखना चाहिए और भाजपा श्री राम मंदिर के निर्माण को राजनैतिक रूप से भुनाना चाहती है। धर्म इस देश की आत्मा और आस्था है, इसे आप राजनीति से कैसे अलग कर सकते है। विश्व हिंदू परिषद ने जब राम जन्म भूमि निर्माण के आंदोलन को प्रारंभ किया तो सिर्फ और सिर्फ भाजपा ही थी जिन्होंने राजनैतिक रूप से इस मुद्दे को समर्थन दिया, बाक़ी सभी पार्टियों ने इसका विरोध किया। आंदोलन के प्रारंभ में तो कांग्रेस सरकार के भय से हज़ारों कार्यकर्ता भेष बदल बदल कर गांव-गांव जाकर इस आंदोलन में जान फूंक रहे थे और तत्कालीन सरकार कारसेवकों को जेल में ठूंस रही थी। भाजपा ने यदि आस्था की जगह राजनीति को चुना होता तो इस मुद्दे पर अपनी चार सरकारें क्यूं गिरने देते। इसके लिए असंख्य कार सेवकों की क़ुर्बानी और भाजपा, संघ, विश्व हिंदू परिषद, साधु संतों का त्याग विशेषकर अयोध्या के सभी साधु संतों का योगदान है। वरिष्ठ वकील परसरण को भी इस अवसर पर नमन करना चाहिए जो सर्वोच्च न्यायालय में 92 वर्ष की अवस्था में मुकदमा लड़कर जीते।

मैं अयोध्या से लौटा मंदिर की भव्यता , सुंदरता और लोगों का भाव देखकर मन आह्लादित हो गया। वृद्ध, महिलाओं, बच्चों को सैकड़ों मील से नंगे पाओं सफ़र कर, श्रीराम नाम का जयकारा लगाते हुए, कलश यात्रा निकालते हुए मेरा मन उनके सामने श्रद्धा से झुक गया। सब अवरोधों के बावजूद श्री राम मंदिर का निर्माण इन्ही की आशीषों से पूरा हुआ है जो जन्म जन्मांतर से यही कहते रहे कि हमारे ठाकुर का, हमारे राम का मंदिर बनवा दो जिसे बाबर ने 1528 में तुड़वाकर यहां एक विवादित ढांचा खड़ा कर दिया जिसके नींचे हिंदू मंदिर होने के सबूत अपनी गवाही देते रहे। जिसे आज़ादी के बाद भी सरकार ने स्वीकार नहीं किया।

जिन लोगों ने आजादी के बाद राम मंदिर निर्माण की नींव रखी उनमें केके नायर का नाम बड़ी इज्जत से लिया जाता है। जब 1949 में विवादित ढांचे में राम लला की मूर्ति अवतरित हुई और यह सूचना पंडित नेहरू तक पहुंची तो उन्होंने उस समय के उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री गोविंद वल्लभ पंत को आदेश दिया कि इसकी जांच कराकर उन्हें विस्तृत रिपोर्ट भेजी जाए। मुख्यमंत्री श्रीपंत ने इसका जिम्मा केके नायर को दिया।

श्री नायर ने रिपोर्ट दी कि हिंदू इस स्थान को राम जन्मभूमि मानकर पूजा करते हैं और मुस्लिम अवरोध पैदा करते हैं। श्री नायर ने यह भी कहा कि यहां विशाल राम मंदिर बनना चाहिए और मुसलमानों को अन्यत्र मस्जिद की जगह दे देनी चाहिए। इस रिपोर्ट के आधार पर श्री नायर ने ऑर्डर निकाल दिया कि मुस्लिम इस विवादित ढांचे से पांच सौ मीटर दूर रहें।

नायर ने मुख्यमंत्री के इस आदेश को मानने से इंकार कर दिया जिसके लिए उन्हें नौकरी से मुक्त कर दिया गया। हालांकि बाद में अदालत ने इस आदेश को निरस्त कर श्री नायर को बहाल कर दिया। इसके बाद तो कोर्ट कचहरी में तीस वर्ष तक संघर्ष का इतिहास तो वर्तमान में सभी ने देखा है। सर्वोच्च न्यायालय ने राम मंदिर निर्माण के पक्ष में 9 नवंबर, 2019 को निर्णय दिया और आज हम हिंदू आस्था का केंद्र, राम मंदिर, राष्ट्र मंदिर अयोध्या धाम की धरा पर देख पा रहे हैं।

स्वतंत्रता के बाद जितनी सरकारें आईं उन्होंने भारतीय संस्कृति, आस्था की कोई परवाह नहीं की। विश्व हिंदू परिषद ने रामजन्म भूमि आंदोलन की संरचना की और भाजपा ने इसे पूर्ण समर्थन दिया। उन्होंने इस मुद्दे को अपने चुनाव घोषणा पत्र में बार-बार जगह दी और न्यायालय के निर्णय के बाद इसके निर्माण में पूरा सहयोग दिया। अब जब राम मंदिर निर्माण पूरा हो गया है तो हमें लालकृष्ण आडवाणी, अटल बिहारी वाजपेयी, मुरली मनोहर जोशी, नरेंद्र मोदी, साध्वी ऋतंभरा, उमा भारती, जगद्‌गुरु रामभद्राचार्य को भी स्मरण रखना चाहिए जिन्होंने इस आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई। जी हां, अब मंदिर निर्माण तो हो गया लेकिन अब संकल्प लेने का भी समय है कि हम रामायण के सकारात्मक पात्रों की तरह जीवन जिएं और राम राज्य की स्थापना करने में सहयोग दें।

सोशल फोरम

राम एवं जनतांत्रिक मूल्य

राम को समझना अपने आप में न केवल एक नायक को समझना है वरन देश काल की सीमाओं से परे एक युगांतरकारी नायक को समझना है। राम ने पिता के वनवास का आदेश स्वीकार किया वह भी तब पूरा जनमानस राम के साथ था। यहां तक कि जिस भरत को राज्य दिया गया वह भी राम के साथ थे। यह वनवास आदेश की घटना दशरथ और राम दोनों के चरित्र के बारे मे बहुत कुछ कहती है। वह एक राजसत्ता का दौर था। प्रजा राजा को किसी वचन या भविष्य के किसी आश्वासन पर नहीं चुनती थी फिर भी दोनों के लिए वचन का महत्व था। वह जानते थे कि अगर वचन का पालन नहीं होगा तो प्रजा असंतुष्ट होगी। इसीलिए जब चित्रकूट में भरत राम को वापस चलने का आग्रह करते हैं तो राम पिता को दिए वचनों का हवाला देते हैं और सारे अयोध्या वासियों से कहते है कि पिता को दिए वचनों का पालन अनिवार्य है। राम के चरित्र पर दो सवालिया निशान खड़े किए जाते हैं। एक सीता की अग्नि परीक्षा का और दूसरा सीता के परित्याग का।

वीरेंद्र ओझा
आयकर आयुक्त

यह दोनों ही घटनाएं यह बताती हैं कि राम को प्रजा की सोच की और जनता में जा रहे संदेश की बहुत चिंता थी। राम को न तो कभी सीता के सत्व पर कोई आशंका थी और न ही राम और सीता के महान पारस्परिक प्रेम पर कोई सवाल है। संभवत राम उस परंपरा को खत्म करने पर आमादा थे और उसकी शुरूआत उन्होंने अपने ही प्रण से की। वह शत्रु को भी युद्ध के पहले समझा कर उसको युद्ध से रोकने का प्रयास अवश्य करते हैं पर उनका चरित्र एक सशक्त प्रतिरोध में यकीन रखता है। उनका नैतिक मूल्य खून खराबे में यकीन नहीं रखता। वह शांतिपूर्ण समझौते के पक्षधर हैं पर कभी वह ऐसा कोई संदेश जनता में देना नहीं चाहते कि उनकी शांतिप्रियता में कहीं से भी कायरता का अंश दिखे।

राम ने किष्किंधा जीता, लंका जीती पर किसी का राज्य में न तो विलय किया न ही अधीनस्थ किया। वह राज्य की संप्रभुता के समर्थक थे। वह जाति व्यवस्था एवं समाज के सड़े गले मूल्यों में यकीन नहीं रखते थे। वह निषाद को कहते हैं कि तुम मेरे भाई भरत की तरह मुझे प्रिय हो। राम को समझना जनतांत्रिक मूल्यों को एक नए सिरे से समझना भी है।

-फेसबुक वॉल से

दुर्लभ जीवों का अयोध्या में प्रकट होना अच्छा संकेत

दिनेश चंद्र शर्मा
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

इन संपूर्ण परिस्थितियों का विहंगम अवलोकन करने पर ज्ञात होता है कि अयोध्या रामायण काल से भी पहले से समृद्ध प्राकृतिक संपदा वाला क्षेत्र रहा है। आज भी तो कमोवेश वैसी ही भौगोलिक परिस्थितियां वहां मौजूद है।

अयोध्या में ही नहीं अपितु संपूर्ण विश्व के रामभक्तों में भी हर्ष छाया हुआ है। हम जानते हैं कि जब हम मन से प्रसन्न होते हैं तो हमें संपूर्ण प्रकृति ही मुस्कुराती और गुनगुनाती सी महसूस होती है। ऐसी स्थिति में यदि कोई सुखदायक संकेत या अनपेक्षित शुभ लक्षण दिखाई दे जाए तो फिर कहना ही क्या।

इस समय अयोध्या में उत्साह और उमंग अपने चरम पर है। अतः प्रकृति की मुस्कराहट और खिलखिलाहट भी बढ़ गई है। किसी भी स्थान पर जैव विविधता की समृद्धि भी एक अच्छा संकेत ही तो है। लुप्तप्राय गिद्धों और कुछ अन्य जीव जंतुओं का अयोध्या क्षेत्र में पधारना रामभक्तों के साथ-साथ पर्यावरण प्रेमियों के लिए भी सुखदायक समाचार है। दिसंबर 2023 के अंतिम सप्ताह में मिल्कीपुर तहसील के खंडासा थाना क्षेत्र के धरौली गांव के आसपास स्थित बागों में दर्जनों गिद्धों के झुंड दिखायी पड़े थे। रामभक्त इस घटना को जटायु व सम्पाती के वंशजों के आगमन के रूप में देख रहे हैं। वन विभाग के अधिकारियों ने उनके संरक्षण के लिए आवश्यक कार्यवाही भी आरंभ कर दी थी। इसी समय अयोध्या में जामवंत के वंशजों- भालुओं के आने के समाचार भी प्राप्त हुए थे, साथ ही नागलोक का प्रतिनिधित्व करने के लिए नागों के पधारने के अपुष्ट समाचार भी प्राप्त हुए हैं। भालुओं व नागों के आगमन के समाचारों की पुष्टि तो नहीं हो सकी है किन्तु यहां दुर्लभ जीव जंतुओं के प्रकट होने का क्रम चलता रहता है। जनवरी 2023 में केवल 15 दिनों के अंतराल में ही मिल्कीपुर क्षेत्र में दर्जनों अजगर दिखाई पड़े थे। स्पष्ट है कि इस क्षेत्र में अजगरों का समृद्ध निवास है। वनकर्मियों ने उन्हें रेस्क्यू किया था, उनका कहना था कि सर्दी के मौसम में अजगर धुप सेंकने के लिए बाहर निकल आते हैं। इसीलिए ये अजगर दिखायी पड़े हैं।

दरअसल रामायण काल से ही अयोध्या की भौगोलिक स्थितियां ऐसी हैं कि यहां समृद्ध जैवविविधता पनपती है। यह एक ग्रामीण संस्कृति वाला जिला है। इसमें कुल 1272 गांव हैं, शुद्ध खेती योग्य भूमि 171000 हेक्टर है जिसमे ऐसी फसलें उगाई जाती हैं जो कि जैव विविधता के दृष्टि से अनुकूल हैं। अयोध्या के पास स्थित सुनवा व टिकरी के जंगल जैव विविधता की दृष्टि से अति समृद्ध हैं। अयोध्या से मात्र 24 किलोमीटर की दूरी पर स्थित समदा झील भी जैव विविधता के मामले में अग्रणी है। मान्यता है कि यह झील भगवान श्रीराम के समय से ही अस्तित्व में है पहले यहां समदा नदी बहती थी। राम के युग से पूर्व ही यह नदी सूख गई थी, उसके अवशेषों के रूप में यह झील अस्तित्व में आयी थी। यहां दुर्लभ वनस्पतियों एवं स्वदेशी और विदेशी पक्षियों व अन्य जीव जंतुओं के आवास हैं।

इन संपूर्ण परिस्थितियों का विहंगम अवलोकन करने पर ज्ञात होता है कि अयोध्या रामायण काल से भी पहले से समृद्ध प्राकृतिक संपदा वाला क्षेत्र रहा है। आज भी तो कमोवेश वैसी ही भौगोलिक परिस्थितियां वहां मौजूद है। इसलिए जैव विविधता के मामले में रामराज्य की स्थापना कोई असंभव कार्य तो नहीं है, हां चुनौतीपूर्ण कार्य अवश्य है। इसी चुनौती को यहां बड़े पैमाने पर हावी लकड़ी माफिया प्रस्तुत कर रहे हैं। साथ ही खेतों में रासायनिक उर्वरकों का अंधाधुंध उपयोग भी समस्या को और भी बढ़ा रहा है। स्पष्ट है कि अयोध्या एवं आसपास के क्षेत्र में रामायण कालीन दुर्लभ जीव जंतुओं का प्रकट होना कोई चमत्कार नहीं है अपितु एक सुखद संयोग या फिर शुभ संकेत ही है। आने वाले समय में जबकि अयोध्या में बड़ी संख्या में धार्मिक पर्यटक पधारेंगे तब वहां कि गतिविधियों को इकोफ्रेंडली बनाए रखना भी जरुरी है। अयोध्या को जैव विविधता की दृष्टि में रामायण कालीन स्थिति को प्राप्त कराना हम सभी का स्वप्न होना चाहिए, और इसी दिशा में हम सभी को अपनी क्षमता भर प्रयास भी करना चाहिए।

आपका पत्र

मील का पत्थर

'रामोत्सव विशेषांक', 'अमृत विचार' की अद्यतन सतत व नियमित यात्रा में एक मील का पत्थर सिद्ध हो रहा है। अस्तु एक संग्रहणीय अंक है। (हालांकि सामान्यतः दैनिकों के अंकों के साथ, 'संग्रहणीय', या 'संग्रहेय' जैसी चीज की नियति कम होती है।)

विरले प्रकरणों पर ही ऐसे विशेषांक प्रकाशित हुआ करते हैं। इस प्रयास की गणना भी प्रकारान्तर से, 'प्राण प्रतिष्ठा' कर्मकांड के क्रियाकलापों के अंतर्गत ही की जाएगी। आपकी टीम इस ऐतिहासिक कार्य के लिए बधाई की पात्र है। सभी स्तरीय एवं प्रामाणिक आलेख आकर्षण के साथ छापे ही गए है, विज्ञापन आदि आनुषंगिक सामग्री को भी बहुत करीने के साथ लगाया गया है। मैं डिजाइनर को हृदय से बधाई देता हूं। काश! मैं भी कुछ शब्द रूपी पुष्पों से 'रामोत्सव विशेषांक' में सहयोग कर पाता। एक बार पुनः बधाई देता हूं।

-ओमप्रकाश मंजुल
पूरनपुर, पीलीभीत।

बाजपुर में हिन्दू राष्ट्र के ध्वज के साथ रैली निकालते युवा। ● अमृत विचार

लोगों ने अपने घरों और प्रतिष्ठानों में प्रज्जवलित किए दीपक, हर तरफ हुआ दीपावली सा उत्सव, मंदिरों में आयोजित किए गए कार्यक्रम

अयोध्या में श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा पर जगमग हुआ नगर

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार : राम मंदिर के शुभारंभ पर लोगों ने अपने घरों में और लोगों ने अपने प्रतिष्ठानों पर दीप प्रज्वलित किए। इस दौरान पूरा शहर के घर और प्रतिष्ठान दीपावली पर्व की तरह जगमगा उठे।

सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अयोध्या में राम मंदिर के शुभारंभ पर नगर में लोगों ने घर-घर दीप जलाए गए इस दौरान अनहद इंडस्ट्रीज स्वामी लवली हुड़िया के नेतृत्व में सैकड़ों कर्मियों ने राम मंदिर के शुभारंभ पर कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान डॉ. आंचल ढींगरा एवं मुस्कान हुड़िया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान डॉ. आंचल ढींगरा ने कहा कि 500 वर्ष के संघर्ष के बाद आज भगवान राम अपने महलों में पधारे हैं। इस दौरान लोगों ने राम मंदिर के शुभारंभ पर एक दूसरे को बधाई देते हुए एक दूसरे को मिठाई भी खिलाई।

इस मौके पर अनहद ग्रुप के स्वामी लवली हुड़िया, अभिमन्यु ढींगरा, अनहद हुंडिया, नरेश अरोरा रमेश हुड़िया, बृजेश गुप्ता, राहुल हुड़िया, मोहित बठला, अशोक हुड़िया, श्रीधा हुड़िया, शगुन बत्रा, अशोक हुडिया, रजत हुड़िया, शीतल सैनी आदि रहे।

श्री राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर 2100 दीये जलाकर जय श्री राम लिखा गया। ● अमृत विचार

अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा पर बाजपुर राममय

घर-मंदिरों में हुए धार्मिक अनुष्ठान, जगह-जगह किया गया भंडारों का आयोजन, निकाली गईं शोभायात्राएं

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में श्रीरामलला विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बाजपुर क्षेत्र में भगवान श्रीराम के नाम की गूंज रही। भगवान श्रीराम के अथाह प्रेम में डूबे श्रीराम के भक्तों ने श्रद्धाभाव व उल्लास पूर्वक अपने घरों व मंदिरों के साथ ही कार्यालयों, प्रतिष्ठानों में धार्मिक अनुष्ठान किए।

इस दौरान कृपानिदान सियावर श्रीरामचंद्र की जय..., सीताराम-सीताराम, भज प्यारे तू सीताराम... आदि भजनों का गायन किया। पूरा माहौल भगवान श्रीराम के रंग में सराबोर नजर आया। अनेक स्थानों पर भंडारे हुए तथा खीर-हलुवा आदि के प्रसाद का वितरण किया गया। उत्साह से सराबोर श्रीरामभक्तों ने खूब आतिशबाजी भी की। वहीं श्रीरामलीला कमेटी व विहिप की ओर से संयुक्त रूप से रामलीला परिसर, कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर स्थित श्रीखाटू श्याम मंदिर में, श्रीबालाजी घाटा संजय कालोनी, श्रीबालाजी घाटा बांकेनगर, शनि मंदिर, प्रचीन शिव मंदिर हल्द्वानी बस अड्डा, शिव मंदिर चीनी मिल, मां दक्षिणेश्वरी काली पीठ मंदिर सिंह कालोनी चकरपुर, नीलकंठ महादेव मंदिर गांधीनगर, वार्ड नंबर-11 पीपल के पास शनि मंदिर, श्री संकट मोचन शक्तिपीठ दरबार माता कालका जी मंदिर वार्ड नंबर-तीन,दुर्गा मंदिर नई बस्ती चकरपुर, बन्नाखेड़ा, बरहैनी, हरिपुरा हरसान आदि में हवन-यज्ञ करवाया गया तथा दोपहर में इन सभी जगहों पर भंडारे का आयोजन हुआ।

अनेक मंदिरों व स्थानों सुंदरकांड के पाठ करवाए गए। बही नगर में रेडीमेड सेंटर सहित अनेकों दुकानों के सामने प्रयाद वितरण किया गया अनेक जगह अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में श्रीरामलला विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा को लाइव दिखाया गया। नगर को दुल्हन की तरह सजाया गया। हल्द्वानी बस अड्डे से लेकर रेलवे फाटक तक व रामराज रोड पर प्रकाश व्यवस्था के साथ ही भगवा गुब्वारों लगाए थे। इसके अतिरिक्त उत्साही युवा हिन्दुराष्ट्र लिखे बडे बडे ध्वज लेकर बाजार में बाइक पर रैली निकालते देखे गए। इसके अतिरिक्त तीन मंदिर में बाल रुप में भगवान श्रीराम की झांकी सजाई गई। तथा अनेक जगह जमकर आतिशवाजी की गई।

बाजपुर में रैली निकालते बजरंग दल व विहिप के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

शांतिपुरी के मंदिरों में अखंड रामायण पाठ व भंडारे आयोजित

संवाददाता, शांतिपुरी

अमृत विचार: अयोध्या के नवनिर्मित भव्य श्री राम मंदिर में आराध्य देव भगवान श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शांतिपुरी के विभिन्न मंदिरों में अखंड रामायण पाठ, सुंदरकांड, हवन यज्ञ एवं पूजा अनुष्ठान संपन्न हुए। इस दौरान हजारों की संख्या में लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया तो वहीं देर शाम लोगों ने अपने-अपने घरों के आगे तथा आसपास के मंदिरों में दीप जलाकर जश्न मनाया।

क्षेत्र के ग्राम शांतिपुरी नंबर दो स्थित मनसा देवी मंदिर में सामूहिक अखंड रामायण पाठ का आयोजन मुख्य यजमान तारा सिंह कोरंगा व पत्नी गायत्री कोरंगा के नेतृत्व में किया गया। प्रातः 11 बजे पाठ संपन्न होने पर पूर्णाहुति तथा कीर्तन भजन के साथ प्रसाद वितरण एवं भंडारा आयोजित हुआ। जिसमें सैकड़ो की संख्या में आसपास के गांव से आए महिला एवं पुरुष राम भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान लोगों ने परस्पर एक दूसरे को भगवान श्री राम के 500 वर्षों के बाद नए एवं भव्य मंदिर में प्रवेश करने की बधाई दी। इसके अलावा शांतिपुरी नंबर एक, दो, तीन, चार, पांच, जय ग्राम, जवाहरनगर, नगला, गोलगेट, शीशम भुजिया, शिवपुरी नंबर छः, शांतिनगर, ढाकानी, सत्संग आश्रम, गांधीनगर, सत्रह एकड़ आदि विभिन्न मंदिरों में अखंड रामायण पाठ, सुंदरकांड एवं भजन कीर्तन आयोजित किए गए। बाल कलाकारों ने भगवान गणेश व राम परिवार की झांकी निकाली।

अखण्ड रामायण पाठ करने वालों में धर्मानंद शास्त्री, दिनेश चंद्र जोशी, प्रमोद जोशी, पुष्कर मेहता, रमेश लोहनी, मनोहर जोशी, आनंद बल्लभ जोशी, बबलू सूठा, बिजेन्द्र जोशी, नेहा ठाकुर, कुंदन कोरंगा, हयात सिंह कोरंगा, दिग्विजय खाती, जगदीश काण्डपाल, हेमू सूठा, पूर्व प्रधान घनानंद तिवारी, प्रधान रोहित तिवारी आदि रहे।

शांतिपुरी के मंसा देवी मंदिर शांतिपुरी नंबर दो में आकर्षक झांकी निकालते स्थानीय कलाकार। ● अमृत विचार

श्रीराममय हुआ दिनेशपुर क्षेत्र रामभक्तों ने मनाया दीपोत्सव

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार : श्री अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रमों के चलते नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों को भव्य रूप से सजाया गया था। कई मंदिरों में सुंदरकांड का पाठ, भजन- कीर्तन व भंडारे का आयोजन हुआ। शाय घरों व मंदिरों में दीपोत्सव मनाया गया।

सोमवार को कोहरे व कड़ाके की ठंड के चलते अनुष्ठान का कार्यक्रम हुआ। श्रीबालाजी मंदिर चरनपुर में श्रीबालाजी महाराज को चोला चढ़ाया गया। तत्पश्चात सुंदरकांड का पाठ, भजन- कीर्तन के साथ आरती व प्रसाद के बाद भंडारे का प्रसाद वितरण हुआ। बाजारों में चहल-पहल कम देखी गई। अधिकांश लोग घरों व सार्वजनिक स्थानों पर लगे एलईडी से अयोध्या में श्रीरामलाल की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का प्रसारण देख रहे थे। शाम को दीपोत्सव मनाया गया एवं जमकर आतिशबाजी हुई। इस मौके पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ब्लॉक अध्यक्ष सूबेदार मेजर हिम्मत सिंह कुंवर, पुजारी विक्रम डोगरा, आलोक पाठक, रतन डोगरा, प्रेम कांडपाल, लवेंद्र डोगरा, गंगा देऊपा, भुवन डोगरा, हरीश देऊपा, मोहन जोशी, गोपाल डोगरा, मान सिंह आदि रहे।

श्री बालाजी मंदिर चरनपुर में सुंदरकांड का पाठ करते श्रद्धालु।

जय श्री राम के उद्घोष से गूंज उठा वातावरण

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : अयोध्या के श्रीराम मंदिर में रामलला के विराजमान होने को लेकर सोमवार को नगर और ग्रामीण क्षेत्र राममय हो गया। चारो दिशाएं जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठी। नगर के मुख्य मार्गों पर आतिशबाजी के साथ शोभायात्राएं निकाली गई। रामलीला मैदान सहित कई स्थानों पर हवन पूजन और भंडारों का आयोजन किया गया।

रामलीला मैदान से निकलने वाली भव्य शोभायात्रा के लिए कड़ाके की ठंड के बावजूद रामभक्त अंधेरे से ही इकट्ठे होने लगे। सैकड़ों रामभक्तों के साथ सात बजे जय श्री राम के उद्घोष के साथ शोभायात्रा निकाली। नगर के सभी मार्गो पर जय श्रीराम के उद्घोष के साथ शोभायात्रा निकाली। जिसमें हनुमान जी की झांकी, पंजाबी डांस भांगड़ा और छोलिया नृत्य करते कलाकार चल रहे थे। इतना ही नहीं ग्रामीण क्षेत्र से आई दर्जनों रामभक्तों की टोलियों द्वारा भी आतिशबाजी करते हुए शोभायात्रा निकाली गई। जिससे आज पूरा नगर और ग्रामीण क्षेत्र जय श्रीराम के उद्घोष और राम भजनों से गूंजता रहा। रामलीला मैदान में सहित विभिन्न स्थानों पर बड़ी-बड़ी स्क्रीन लगाकर अयोध्या में रामलला के विराजमान होने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की जा रही प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण लोगों ने देखा और जय श्री राम के नारे लगाए। मेलाघाट रोड, पीलीभीत रोड, टनकपुर रोड, सितारगंज रोड पर जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया गया और जलपान कराया गया। वहीं रामलीला मैदान में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

आरपी पब्लिक स्कूल, आवास विकास कॉलोनी, खटीमा फाइबर्स, सिद्धेश्वर शिव मंदिर, बैजनाथ मंदिर, हनुमान मंदिर में सुंदर पाठ और भंडारे का आयोजन किया गया। भारत नेपाल सीमा से लगे मेलाघाट नगरा तराई, नारायण नगर, झनकईया आदि क्षेत्र में भी लोगों ने शोभायात्रा निकाली। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आवास के निकट स्थित विद्यालय में भव्य हवन पूजन का कार्यक्रम किया गया जो करीब दो घंटे तक चला जिसमें सैकड़ों रामभक्तों ने शिरकत की। वहीं नगर और ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में राम भजन बजाए गे। कार्यक्रमों में रमेश चंद जोशी मनोज बाजवा सतीश गोयल हरि जोशी गंभीर सिंह धामी अनमोल अग्रवाल दिनेश अग्रवाल नंदन सिंह खड़ायत, अमित पांडे, मोहनी पोखरिया, अचल शर्मा, जीवन धामी, राजीव अग्रवाल, किशन सिंह किन्ना रहे।

खटीमा के नगरा तराई कालापुल पर आयोजित हवन पूजन में शिरकत करते राम भक्त।

रामलीला मैदान पर आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

आस्था का सैलाब | हजारों की संख्या में राम भक्तों ने भगवान श्री राम के गगनभेदी जयकारे लगाकर पूरा वातावरण बना दिया भक्तिमय

प्राण-प्रतिष्ठा पर किच्छा में सड़कों पर उमड़ा राम भक्तों का सैलाब

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार : अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष में नवयुवक कला केंद्र के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान राम भक्तों का जन सैलाब सड़कों पर उमड़ा नजर आया। हजारों की संख्या में राम भक्तों ने भगवान श्री राम के गगनभेदी जयकारे लगाकर वातावरण भक्तिमय बना दिया।

युवाओं ने दर्जनों दो पहिया वाहनों पर भगवा ध्वज लगाकर नगर के विभिन्न क्षेत्रों में रैली निकाली। नवयुवक कला केंद्र के तत्वाधान में पुरानी गल्ला मंडी स्थित रामलीला मंच से भव्य शोभायात्रा प्रारंभ हुई। शोभायात्रा में बाहर से आए कलाकारों ने भगवान भोलेनाथ का अर्धनारीश्वर रूप, राम भक्त हनुमान आदि का रूप धारण करते हुए नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी। इस दौरान श्री राम मंदिर का सुंदर मॉडल आकर्षण का केंद्र रहा। नवयुवक कला केंद्र के कलाकारों ने वनवास के दौरान भगवान श्री राम, माता सीता एवं लक्ष्मण का किरदार निभा कर नाट्य प्रस्तुत किया। पुरानी गल्ला मंडी से प्रारंभ हुई भव्य शोभायात्रा नगर के महाराणा प्रताप चौक, मुख्य बाजार, पंडित दीनदयाल चौक, बरेली रोड, अंबेडकर चौक, आवास विकास होती हुई पुराना गल्ला मंडी पहुंचकर समाप्त हुई। नगर के तमाम स्थानों पर बड़े-बड़े पंडाल लगाकर गणमान्य लोगों द्वारा भव्य शोभायात्रा का जोरदार स्वागत कर प्रसाद वितरण किया गया। शोभायात्रा में गुरुकुल स्कूल के दर्जनों बच्चों ने भी बैंड बाजे के साथ प्रतिभाग किया। सबसे आगे पारंपरिक ध्वज लेकर सनातन धर्म सभा एवं नवयुवक कला केंद्र के पदाधिकारियों के साथ गणमान्य लोग पैदल चल रहे थे। उसके पीछे बैंड बाजे की धुन पर भक्ति मय भजनों से पूरा वातावरण राममय हो गया। इस दौरान सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किए गए थे।

किच्छा में शोभायात्रा में शामिल सैकड़ों राम भक्त। ● अमृत विचार

कांग्रेसियों ने शोभायात्रा का जोरदार स्वागत

किच्छा : नगर के बरेली मार्ग पर कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ की अगुवाई में तमाम कांग्रेसियों ने शोभायात्रा का जोरदार स्वागत कर प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि करोड़ों सनातन प्रेमियों का सपना आज साकार हुआ है और भगवान राम सभी के आराध्य हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी को भगवान राम के आदर्श को जीवन में धारण कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन एवं उनसे प्रेरणा लेकर अपने माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करना चाहिए। मौके पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, कांग्रेस प्रदेश महासचिव सुनीता कश्यप, कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू, कांग्रेस जिला महामंत्री गुलशन सिंधी, गिरीश चिटकारा, राजेश प्रताप सिंह, अक्षय बावा, किन्नू शुक्ला, राकेश खुराना, ओमप्रकाश दुआ, मेजर सिंह, छोटेलाल कोली, दिलीप, गुरदास कालरा, धर्मेंद्र आदि मौजूद रहे।

खटीमा में मझोला से खटीमा के लिए निकली शोभायात्रा में शिरकत करते श्रद्धालु।

मझोला से खटीमा तक निकाली शोभायात्रा

खटीमा, अमृत विचार : अयोध्या के श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर यहां मझोला स्थित प्राचीन शिव मंदिर में दो दिवसीय अखंड पाठ रामायण का आयोजन रखा गया। इस दौरान मंदिर से निकली शोभायात्रा रामलीला मैदान खटीमा तक जय श्री राम के उद्घोष के पहुंची। शोभायात्रा में विधायक भुवन कापड़ी भी शामिल हुए। वहीं मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ने और पूजा-अर्चना कर रहा था। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन मंदिर महंत बाबा समुद्र गिरी ने किया। कार्यक्रम में राजेश पटेल, ग्राम प्रधान महेंद्र पटेल, श्याम सिंह पटेल, पूर्व प्रधान गोविंद राम, क्षेत्र पंचायत सदस्य सार्थक पटेल, परमेश्वरी लाल, श्याम सिंह पटेल, देव पटेल, राहुल पटेल, पूर्व प्रधान देवी राम आदि थे।

सार-संक्षेप

कार से भिड़ंत में बाइक सवार दो युवक घायल

बाजपुर। कार व बाइक की भिड़ंत में दो लोग घायल हो गए जिन्हें राहगीरों की मदद से उपचार के लिए निजी चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है। सोमवार सुबह दोराहा-बाजपुर मुख्यमार्ग पर शहरी के बाहरी छोर पर स्थित मलेरिया मोड़ के नजदीक कार व बाइक के बीच आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। जिसमें दो लोगों के चोटें आई हैं। वहीं हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोगों व राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। आनन-फानन में घायलों को नगर के निजी चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है। घायलों में से एक युवक का नाम नरपतनगर स्वार रामपुर (उप्र) निवासी अरमान बताया जा रहा है, जबकि दूसरे घायल का नाम व पता मालूम नहीं हो सका।

मोबाइल झपटने का आरोपी पुलिस को सौंपा

बाजपुर। महिला का मोबाइल छीनकर भाग रहे एक युवक को लोगों ने दौड़कर पकड़ लिया और मौके पर पहुंची पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस आरोपित से कोतवाली में पूछताछ कर रही है। सोमवार को वार्ड नंबर-तीन मोहल्ला आलापुर निवासी एक महिला सड़क पर जा रही थी। आरोप है कि एक युवक ने झपट्टा मारकर मोबाइल फोन छीन लिया और भागने लगा। महिला के शोर मचाने पर लोगों ने दौड़कर आरोपित को पकड़ लिया। बाद में सूचना पर पहुंची पुलिस के सुपुर्द कर दिया। बताया जाता है कि पकड़े जाने पर आरोपित ने मोबाइल नाली में फेंक दिया। पुलिस ने बताया कि अभी घटना की कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

घटना के बाद मौके पर मौजूद पुलिस व लोग।

अश्लील चित्र फेसबुक पर वायरल करने पर मामला दर्ज

खटीमा। पुलिस ने एक युवक के खिलाफ भगवान श्रीराम के गीत को अभद्र भाषा और अश्लील चित्र के साथ फेसबुक पर वायरल करने का मामला दर्ज किया है। अलबत्ता मामले में गिरफ्तारी नहीं हुई है। बानूसी निवासी हिमांशु कन्याल ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि उलधन निवासी फरियाद रजा ने फेसबुक पर भगवान श्रीराम के गीत को अभद्र भाषा और अश्लील चित्रों के साथ वायरल किया है। जिससे ग्रामीणों की भावनाएं आहत हुई हैं। यह भी कहा कि जब गांव के लोग उससे मिलने गए तो उसने न केवल भगवान श्रीराम के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग किया। बल्कि जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस से मामला दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है। जिस पर पुलिस ने हिमांशु कन्याल की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ धारा 153-ए/295-ए/506 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया है।

प्राण-प्रतिष्ठा के चलते स्थगित रहा अनशन

बाजपुर। तहसील परिसर में चल रहे भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन स्थल पर सोमवार को आंदोलनकारियों ने प्रभु श्रीरामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की सभी को बधाई दी। साथ ही प्राण प्रतिष्ठा समारोह के चलते क्रमिक अनशन किसान प्रतिज्ञा के बाद एक दिन के लिए स्थगित रखा गया। भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम सबके हैं और आज हम सबको अपनी भावनाएं रामलला प्राण प्रतिष्ठा से जोड़नी चाहिए। लंबे समय के बाद आज देशवासी रामलला को अपने मंदिर में विराजमान होते देख रहे हैं। यह क्षण हम सबके लिए भावुक करने वाले हैं। इस मौके पर भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा, सत्याग्रह के अगुवा रजनीत सिंह सोनू, अमरनाथ शर्मा, शेर सिंह, पाल सिंह, जसवीर सिंह भुल्लर, कौशलेंद्र प्रताप सिंह, सतनाम डांगी, सुखवंत सिंह बिरहा, सिकंदर सिंह, इस्टपाल सिंह, जसमीत सिंह भुल्लर आदि मौजूद थे।

अलग-अलग मामलों में तीन युवक गिरफ्तार

काशीपुर। बीती रात पुलिस ने टांडा उज्जैन निवासी राजू पुत्र मनीराम को अवैध 40 पाउच शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। वहीं मोहल्ला महेशपुरा निवासी फरमान को एक चाकू के साथ धर दबोचा। पुलिस टीम में टांडा उज्जैन चौकी प्रभारी मनोज जोशी, कांस्टेबल मनोहर, जगत सिंह व देवानंद शामिल रहे। उधर, आईटीआई पुलिस के कांस्टेबल दीपक जोशी व उमेश तोमक्याल ने गश्त के दौरान 55 पाउच कच्ची शराब के साथ मंगल बाजार को जाने वाले कच्चे रास्ते से तस्करी कर ले जाते फौजा निवासी मंगल बाजार आलू फार्म को गिरफ्तार किया।

एसएसपी ने जिले के 30 थाना और चौकी प्रभारियों के किए स्थानांतरण

नीमा की जगह पंकज बने बाजार चौकी प्रभारी, तबादला सूची से विभाग में मचा हड़कंप

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : अयोध्या धाम में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर लोग पूजा पाठ कर रहे थे। वहीं एसएसपी ने अचानक जिले के 30 थाना एवं चौकी प्रभारियों की तबादला सूची जारी कर दी।

इससे पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। सोमवार को जारी सूची के आधार पर एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने अनिल जोशी को कोतवाली जसपुर से थानाध्यक्ष दिनेशपुर, दीपक जोशी को काशीपुर से कोतवाली रुद्रपुर, दरोगा कपिल कंबोज को काशीपुर से थाना गदरपुर, सुरेंद्र प्रताप सिंह को जसपुर सूत मिल चौकी प्रभारी से प्रभारी चौकी सरकड़ा सितारगंज, अशोक कुमार को कोतवाली रुद्रपुर से प्रभारी चौकी प्रतापपुर नानकमत्ता, चंदन सिंह बिष्ट को सितारगंज सिडकुल चौकी प्रभारी से प्रभारी चौकी धर्मपुर जसपुर, गणेश दत्त भट्ट को प्रभारी चौकी धर्मपुर से प्रभारी चौकी गूलरभोज, गणेश दत्त पांडेय को गदरपुर से थाना ट्रांजिट कैंप, जितेंद्र कुमार को प्रभारी चौकी पैगा आईटीआई से प्रभारी चौकी बगवाड़ा रुद्रपुर स्थानांतरित किया है।

मंजूनाथ टीसी।

इसी तहर जितेंद्र सिंह खत्री को थाना केलाखेड़ा से कोतवाली रुद्रपुर, मुकेश कुमार मिश्रा को कोतवाली रुद्रपुर से थाना गदरपुर, नीमा बोहरा को बाजार चौकी रुद्रपुर से प्रभारी चौकी प्रतापपुर काशीपुर, पंकज महर को प्रभारी चौकी झनकट खटीमा से प्रभारी चौकी बाजार रुद्रपुर, जय प्रकाश चंद्र को कोतवाली रुद्रपुर से कोतवाली काशीपुर, भगवान गिरि गोस्वामी को प्रभारी चौकी बन्नाखेड़ा से प्रभारी डीसीआरबी, सीसीटीएनएस पुलिस कार्यालय, महेश चंद्र कांडपाल को पुलिस लाइन से चुनाव सेल पुलिस कार्यालय, धीरज टम्टा को ट्रांजिट कैंप से प्रभारी चौकी सूत मिल जसपुर, अनिल उपाध्याय को थानाध्यक्ष दिनेशपुर से प्रभारी चौकी पैगा आईटीआई, राकेश कठायत को चौकी प्रभारी गूलरभोज से थाना पंतनगर, सुप्रिया नेगी को कोतवाली काशीपुर से थाना आईटीआई, विक्रम सिंह चौकी प्रभारी सरकड़ा से प्रभारी चौकी बन्नाखेड़ा, अशोक कांडपाल को प्रभारी चौकी बगवाड़ा से प्रभारी चौकी झनकट, पवन जोशी को थाना पुलभट्टा से प्रभारी चौकी महतोष गदरपुर, धीरज लाल वर्मा को नादेही प्रभारी से थाना पुलभट्टा, संजय सिंह को थाना पंतनगर से प्रभारी चौकी नादेही, ओमप्रकाश को प्रभारी चौकी महतोष से कोतवाली जसपुर, प्रकाश चंद्र भट्ट को थाना ट्रांजिट कैंप से प्रभारी चौकी सिडकुल सितारगंज, कीर्ति बल्लभ भट्ट को प्रभारी चौकी चूका थाना झनकईयां से थाना नानकमता, लक्ष्मण दत्त जोशी को थाना नानकमत्ता से प्रभारी चौकी चूका और विजेंद्र कुमार को प्रभारी चौकी प्रतापपुर से थाना खटीमा भेजा गया। एसएसपी ने तत्काल नवीन तैनाती पर जाने का भी आदेश दिया है।

श्रीराम के नाम का राजनीतिक उपयोग कर रही भाजपा: आर्य

संवाददाता, बाजपुर

आरोप

- नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर रखे अपने विचार

अमृत विचार : नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि भगवान श्रीराम हम सबके आराध्य हैं, हमारी आस्था व विश्वास के प्रतीत हैं और हमारे कण-कण में विद्यमान हैं। भारतीय जनता पार्टी राम के नाम का भी राजनीतिकरण कर रही है।

यशपाल आर्य।

सोमवार को सिंचाई विभाग अतिथिगृह में पत्रकारों से वार्ता करते हुए आर्य ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम के आधे-अधूरे बने मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा हुई है और हमारे आदी शंकराचार्य ने साफ तौर पर कहा कि इसकी आवश्यकता नहीं है। हम घर बनाते हैं, कोई नया कारोबार आदि करते हैं तो सबसे पहले व्यवस्थाओं को पूर्ण करते हैं, फिर शुभारंभ किया जाता है और हमारे सनातन व अन्य धर्मों में भी इसका जिक्र होता रहा है, लेकिन भाजपा इतनी उतावली क्यों है तथा आधे-अधूरे श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा का क्या औचित्य है। प्राण-प्रतिष्ठा का यह काम रामनवमी के दिन भी हो सकता था, जो बेहतर होता, क्योंकि इस दिन भगवान श्रीराम का प्रकाटय हुआ। उन्होंने कहा कि महज आने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए ही श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा का काम किया गया है, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी का चेहरा बेनकाब हो चुका है। महंगाई, भ्रष्टाचार, बेकारी है तमाम मुद्दे हैं, संविधान व लोकतंत्र खतरे में है और चुनाव में जाने के लिए भाजपा के पास कोई मुद्दा है ही नहीं। इसलिए भगवान राम के नाम को लेकर चुनाव में जाना चाहते हैं। लेकिन जनता सब समझ रही है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से अल्मोड़ा के युवक की मौत

दुखद

- सड़क किनारे गाड़ी का कर रहा था इंतजार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : सोमवार सुबह सड़क किनारे गाड़ी का इंतजार कर रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार मूल रूप से गांव भुजान बोहरा रानीखेत अल्मोड़ा और हाल निवासी आवास विकास जगतपुरा निवासी 38 वर्षीय आनंद सिंह बोरा सोमवार सुबह गदरपुर रोड किरतपुर मोड़ के पास सड़क किनारे खड़े होकर वाहन का इंतजार कर रहा था। इस बीच अचानक किसी अज्ञात वाहन ने युवक को टक्कर मार दी। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर पड़ा रहा।

राहगीरों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। दरोगा मुकेश मिश्रा ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मचा है। दरोगा मुकेश मिश्रा ने बताया कि घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है। जल्द आरोपी पकड़ा जाएगा।

ई-रिक्शा चालक को रोककर लूटी नगदी

रुद्रपुर : आवास विकास चौकी इलाके में ई-रिक्शा चालक को रोककर हजारों रुपये की नगदी लूटने और मारपीट कर चोटिल करने का मामला सामने आया है। चालक की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार छतरपुर मार्ग निवासी इंदल सिंह ने बताया कि वह ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण पोषण करता है। आरोप है कि 21 जनवरी को वह जगतपुरा ट्रांजिट कैंप में मकान मालिक के कहने पर किरायेदारों से 20 हजार रुपये की नगदी लेकर लौट रहा था। इस बीच वह आवास विकास अटारिया मार्ग पुलिस लाइन के समीप पहुंचा तो पीछे से बाइक सवार दो युवक आए और हाथापाई शुरू कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने उसे मारपीट कर चोटिल कर दिया और जेब में रखी बीस हजार रुपये की नगदी भी लूट ली।

मोबाइल शॉप में धधकी आग

- घटना ट्रांजिट कैंप के मछली मार्केट की, लाखों का नुकसान
- दमकल विभाग ने पाया आग पर काबू

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : थाना ट्रांजिट कैंप स्थित मछली मार्केट में मौजूद एक मोबाइल की दुकान में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और दुकान में रखा सारा सामान जलकर स्वाहा हो गया। सूचना मिलने पर दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। अग्निकांड में दुकान स्वामी को लाखों का नुकसान होने का अनुमान है। क्षति का आकलन किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार ट्रांजिट कैंप के राजा कॉलोनी निवासी पवन कुमार की वार्ड-तीन स्थित मछली मार्केट में वंश इंटरप्राइजेज मोबाइल की दुकान है। बताया कि सोमवार की सुबह रोजमर्रा की भांति दुकानदार ने पूजा अर्चना की और दुकान बंद कर घर चला गया। थोड़ी देर बाद अचानक दुकान के अंदर से धुंआ उठने लगा तो स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना दुकान स्वामी को दी। दुकान का शटर उठाया तो आग की लपटे उठ रही थी और आग ने अपना विकराल रूप धारण कर लिया था। जिसे देखकर स्थानीय लोगों ने आग को बुझाने का प्रयास किया। मगर आग पर काबू नहीं पाया गया।

अग्निकांड के बाद दुकान पर लगी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। दुकान स्वामी पवन कुमार ने बताया कि अग्निकांड में दर्जनों मोबाइल, एसेसरीज, दो एलईडी, एक लैपटॉप, नगदी सहित तमाम सामान जलकर स्वाहा हो गया। अग्निकांड में करीब छह लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी होगी। सूचना मिलने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, भाजपा नेता अजीत साहा सहित तमाम लोगों ने अग्निकांड को लेकर अफसोस जताते हुए दुकानदार को आर्थिक सहायता दिलाने का भरोसा जताया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं में होगा नई ऊर्जा का संचार

तैयारी

- कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष 28 को पहुंचेंगे देहरादून

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : देहरादून में 28 जनवरी को प्रस्तावित कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के कार्यकर्ता सम्मेलन की सफलता को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। जिसके चलते नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने सोमवार को सिंचाई विभाग के अतिथिगृह सभागार में बाजपुर, गदरपुर, काशीपुर व जसपुर के पदाधिकारियों की बैठक ली जिसमें ब्लाक व नगराध्यक्षों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पहली बार देहरादून आ रहे हैं। उनके आगमन से कार्यकर्ताओं में एक नई ऊर्जा का संचार होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में देश के हालात सही नहीं हैं। देशभर में एक अजीब सा डर का माहौल बना हुआ है। इस दौरान चारों ब्लाकों के पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। संचालन विधायक प्रतिनिधि डीके जोशी ने किया। इससे पहले भगवान श्रीराम दरबार के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करने के साथ ही माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किए गए। इस मौके पर कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष हरमिंदर सिंह ढिल्लन, नैनीताल के पूर्व विधायक संजीव आर्य, निवर्तमान पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा, पूर्व जिलाध्यक्ष जितेंद्र कुमार शर्मा, विधायक प्रतिनिधि राजकुमार, कांग्रेस नगराध्यक्ष सत्यवान गर्ग, पूर्व प्रमुख पति जीत सिंह, दलित नेता अनिल वाल्मीकि, कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष नवदीप सिंह कंग आदि रहे

कांग्रेस ने नियुक्त किये दो वार्डों के अध्यक्ष

काशीपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के निर्देशानुसार काशीपुर में वार्ड अध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर विचार विमर्श किया गया। जिसके तहत महानगर अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन ने वार्ड नंबर 09 खड़कपुर देवीपुरा में वार्ड कमेटी का गठन किया। मंडलम अध्यक्ष रामचंद्र तिवारी के निवास स्थान पर हुई बैठक में खड़कपुर देवीपुरा वार्ड नंबर 09 के अध्यक्ष पद पर अजीत सिंह और वैशाली कॉलोनी वार्ड नंबर 10 के अध्यक्ष पर शैलेंद्र गौतम को सर्वसम्मति से चुना गया। इस दौरान वक्ताओं ने कांग्रेस को प्रत्येक वार्ड में मजबूत करने का संकल्प लेते हुए आगामी चुनाव में एकजुट होकर जुट जाने का आह्वान भी किया। इस दौरान बैठक की अध्यक्ष मंसूर अली ने की। वही बैठक में मोहम्मद आरिफ, अनुपम तिवारी, जसवंत सिंह, अजीत सिंह, संजीव तिवारी, हनीफ, अमन कुमार, विश्वास आदि मौजूद रहे।

श्मशान घाट में शवदाह को लेकर आपस में भिड़े दो पक्ष

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : जसपुर खुर्द के पशुपति विहार स्थित श्मशान घाट में शवदाह को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। एक पक्ष आबादी क्षेत्र से श्मशान को शिफ्ट करने पर अड़ा है, तो दूसरा पक्ष वहां परंपरागत ढंग से अंतिम संस्कार कराने की बात कह रहा है।

विवाद की सूचना पर पहुंचे तहसीलदार व थाना आईटीआई प्रभारी ने उत्तेजित लोगों को समझा बुझाकर शव का अंतिम संस्कार कराया। उन्होंने समाधान निकाले जाने तक वहां यथास्थिति बनाए रखने की बात कही है।

जसपुर खुर्द के पशुपति विहार में तीन बीघा से अधिक भूमि राजस्व अभिलेखों में बतौर श्मशान दर्ज है। लोग यहां वर्ष 1962 से शवों का अंतिम संस्कार करते रहे हैं। यहां आसपास आबादी होने पर लोग वहां से श्मशान घाट हटाने की मांग करने लगे। इसे लेकर बीते 11 अक्टूबर,2023 को भी विवाद हो चुका है।

पशुपति विहार स्थित श्मशान घाट के विवाद को लेकर मौके पर मौजूद पुलिस व भीड़।

कालोनीवासियों ने शमशान घाट हटाने के लिए एसडीएम को भी प्रार्थना पत्र दिया है। एसडीएम दोनों पक्षों से वार्ता कर समाधान निकलने का प्रयास कर रहे हैं। सोमवार को नीझड़ा के लोग एक व्यक्ति का शव लेकर श्मशान घाट पहुंचे। सूचना पर दूसरे पक्ष के लोग भी वहां आ गए। शवदाह को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी। उनका कहना था कि शवदाह के लिए गंगेबाबा रोड के शमशान घाट जाना चाहिए। नए बसे लोगों के दिवंगत परिजनों का अंतिम संस्कार भी वहीं होता है। विवाद की सूचना पर तहसीलदार पंकज चंदोला, आईटीआई थाना प्रभारी प्रवीण सिंह कोश्यारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। तहसीलदार चंदोला ने दोनों पक्षों को सुनकर श्मशान घाट की भूमि पर यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए। कहा कि विवाद का समाधान न होने तक श्मशान घाट में अंतिम संस्कार जारी रहेगा।

सहायक प्रोफेसर ने मालिक पर लगाया धमकाने का आरोप

- वेतन के बकाया 5 हजार रुपये न देने की बात कही

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : एक शिक्षक ने जसपुर स्थित लॉ कॉलेज के मालिक पर गाली गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

आईटीआई थाना पुलिस को दी तहरीर में श्यामपुरम कालोनी निवासी सोमेश कुमार पुत्र प्रमोद कुमार ने कहा है कि वह जसपुर स्थित एक लॉ कॉलेज में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत था। महाविद्यालय का वातावरण अव्यवस्थित होने के कारण 25 जुलाई 23 को उसने नौकरी छोड़ दी थी। जिसके बाद कॉलेज पर उसके वेतन के शेष 5000 रुपये बकाया हैं। रुपये मांगने पर कॉलेज के मालिक वरुण गहलोत आनाकानी कर सैलरी बाद में देने को टाल देते थे। बीती 15 सितंबर 2023 को उन्होंने कॉल कर उनसे अपनी सैलरी मांगी। जिस पर वरुण ने उसके साथ अभद्रता की और काशीपुर आकर उन्हें जान से मारने की धमकी दी। उसके पास दोनों की बातचीत की रिकॉर्डिंग भी है तहरीर पर पुलिस ने आरोपी वरुण के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

> आरोप निराधार व गलत हैं। वह कॉलेज में आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत थे। उनके व्यवहार व परफॉर्मेंस के आधार पर उनको नौकरी से हटा दिया गया था। उसके बाद वह लगातार नौकरी पर रखने का दबाव बना रहे थे और बार-बार फोन आदि माध्यमों से संपर्क कर परेशान कर रहे थे।
>
> **-वरुण गहलोत, मालिक, एनएस गहलोत मेमोरियल लॉ कॉलेज जसपुर।**

आरोप-प्रत्यारोप सोशल मीडिया पर बेहद आक्रामक तेवर दिखा रहे पूर्व विधायक, स्थानीय विधायक ने आरोपों पर दिया करारा जवाब

ठुकराल की फिसलती जुबान पर भाजपा हाईकमान की नजर

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : अपनी फिसलती जुबान के कारण हमेशा चर्चाओं में रहने वाले पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल पिछले कुछ दिनों से एक बार फिर चर्चाओं में आने लगे हैं। सोशल मीडिया में इंटरव्यू देने के दौरान जिस प्रकार ठुकराल अपना आक्रामक तेवर दिखा रहे हैं और स्थानीय विधायक सहित पार्टी हाईकमान पर भी तीखे प्रहार करते दिख रहे हैं।

पूर्व विधायक के इस तेवर का स्थानीय विधायक ने भी करारा जवाब दे डाला। जिसके बाद इलाके में राजनीतिक चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। पूर्व विधायक की फिसलती जुबान पर हाईकमान की भी नजर है। ऐसे में पूर्व विधायक के भाजपा में जाने की राह में रोड़ा अटक सकता है। बताते चलें कि 14 फरवरी 2022 को विधानसभा चुनाव में टिकट कटने और निर्दलीय चुनाव हारने के बाद से ही पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए थे और विजयी भाजपा प्रत्याशी शिव अरोरा पर लगातार कटाक्ष करना शुरू कर दिया था। कुछ माह तक जुबानी जंग शांत दिखी।

> भाजपा में किसी को लाने का अधिकार भाजपा शीर्ष नेतृत्व का होता है। मगर पिछले कुछ दिनों से पूर्व विधायक सोशल मीडिया में मुझ पर, प्रदेश के सीएम पर बेवजह की टिप्पणी कर रहे हैं और अपने भाई को निगम मेयर का चुनाव लड़ाने का दावा कर रहे हैं। लगातार बयानबाजी के बाद उन्होंने पलटवार किया। बावजूद किसी को संरक्षण देकर अनैतिक और गैरकानूनी कार्य करने वालों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। **-शिव अरोरा, विधायक रुद्रपुर**

> सोशल मीडिया पर लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात को रखा है और किसी के ऊपर कोई कटाक्ष या फिर अनर्गल बयानबाजी नहीं की। बेवजह साजिश कर छवि धूमिल करने का प्रयास पुन: शुरू हो चुका है। बावजूद भाजपा में जाने या नहीं जाने को लेकर वह कोई अपना बयान नहीं देना चाहते हैं। समर्थकों का निर्णय ही सर्वोपरि रहेगा। दो बार विधायक रहकर हमेशा विकास की राजनीति की है। **-राजकुमार ठुकराल, पूर्व विधायक**

मगर वर्ष 2023 में पूर्व विधायक ठुकराल ने स्थानीय विधायक अरोरा पर अनर्गल बयानबाजी करना शुरू कर दिया। जिसका जवाब देते हुए स्थानीय विधायक ने पत्रकार वार्ता कर पूर्व विधायक ठुकराल की क्रिया कलापों को जगजाहिर कर दिया और अब 2024 की शुरुआत होते ही जनवरी माह में पिछले कुछ दिनों से पूर्व विधायक ठुकराल सोशल मीडिया में इंटरव्यू देते हुए दिख रहे हैं। इस बार भी वह स्थानीय विधायक पर हत्या करवाने, भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी को बढ़ावा देने के साथ ही एक इंटरव्यू में प्रदेश के मुख्यमंत्री धामी को शादी समारोह में नहीं आने को लेकर नाराजगी जता रहे हैं। इसके अलावा एक इंटरव्यू में अपने भाई को नगर निगम चुनाव में लड़ने का ऐलान भी कर चुके हैं। इंटरव्यू के दौरान कई बार पूर्व विधायक ठुकराल की फिसलती जुबान और अनर्गल बयानबाजी चर्चा का विषय बनी हुई है। जिसका बचाव करते हुए विधायक शिव अरोरा ने भी एक इंटरव्यू में ठुकराल को करारा जवाब देते हुए अपने इरादे साफ कर दिए हैं। अब देखना यह है कि अनुशासनात्मक वाली भाजपा क्या ठुकराल के अनर्गल बयानबाजी को नजरअंदाज करती है या फिर ठुकराल के भाजपा में आने की राह में रोड़ा अटका देती है। जानकारों का कहना है कि लगातार विधायक पर अनर्गल बयानबाजी को लेकर भाजपा हाईकमान ने करनाल के इंटरव्यू की वीडियो मंगवाकर बयानबाजी पर अपनी नजर रखनी शुरू कर दी है। ऐसे में माना जा रहा है कि यदि पूर्व विधायक की फिसलती जुबान जहां टिकट को कटवा सकती है। वहीं भाजपा में जाने की राह में मुश्किल भी पैदा कर सकती है। जिसको लेकर विधायक अरोरा एवं पूर्व विधायक ठुकराल आमने सामने आने लगे हैं।

किलपुरा रेंज में हाथी का शिकार हुआ अधेड़

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : विरिया मझोला गांव के पास किलपुरा रेंज में हाथी ने एक अधेड़ व्यक्ति को अपना शिकार बना डाला। जबकि दूसरा पेड़ पर होने के कारण बच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

विरिया मझोला निवासी मो. सुलेमान (50) पुत्र मो. सद्दीक और मो. रऊफ पश्चिमी किलपुरा तृतीय बीट में भैंस चराने और जानवरों के लिए पत्ते काटने गए थे। मो. रऊफ ने बताया कि रविवार शाम वह पेड़ पर पत्ते काटने चढ़ा था जबकि सुलेमान पेड़ के नीचे था। इसी दौरान वहां एक हाथी आ गया और उसने सुलेमान को मार डाला। हाथी के जाने के बाद वह नीचे उतरा और घटना की जानकारी ग्रामीणों को दी और लोग वहां पहुंचे। इस दौरान वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। मृतक के शव का पैनल में पोस्टमार्टम कराया गया। इधर उपप्रभागीय वनाधिकारी संचिता वर्मा ने बताया कि मामला संदिग्ध है। उन्होंने एसडीम रविंद्र सिंह बिष्ट से पैनल में पोस्टमार्टम करवाने के लिए कहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा है। विधायक भुवन कापड़ी ने नागरिक अस्पताल पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया।

एक नजर

मुख्यमंत्री धामी आज आएंगे इंद्रपुरी गांव में

लोहाघाट। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंगलवार को भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल माहरा के पिता हयात सिंह माहरा के निधन पर परिजनों को शोक संवेदना देने इजड़ा गांव पहुंचेंगे। उनके साथ पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी भी होंगे। मुख्यमंत्री के इस दौरे को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुख्यमंत्री के हैली को लैंड कराने के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज इंद्रपुरी में उतारा जाएगा। मुख्यमंत्री 11 बजकर 45 मिनट में इंद्रपुरी हेलीपैड में उतरकर श्री मेहरा के आवास में जायेंगे तथा कुछ समय वहां रुकने के बाद सीधे देहरादून को निकल जायेंगे।

शराब के 112 पव्वों के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया

बनबसा। पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से दो लोगों को 112 पव्वे अवैध देसी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। वार्ड नंबर 5 झोपड़ पट्टी को जाने वाले रास्ते के पास से अंकित सक्सेना निवासी नई बस्ती वार्ड नंबर 5 झोपड़पट्टी मीना बाजार के कब्जे से 57 पव्वे अवैध शराब और मीना बजार शिव मंदिर को जाने वाले रास्ते पर रेलवे स्टेशन के सामने से पिंकी सक्सेना निवासी नई बस्ती वार्ड नंबर 5 मीना बाजार थाना बनबसा के कब्जे से 55 पव्वे अवैध देसी शराब बरामद की।

युवक 2.45 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार

बनबसा। पुलिस ने एक युवक को 2 .45 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। रविवार को अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए चलाए गए चेंकिंग अभियान के दौरान एनएचपीसी को जाने वाले सड़क पुख्ता पर भरत गिरी निवासी वार्ड नंबर 5 नई बस्ती को 2 .45 ग्राम अवैध स्मैक के साथ पकड़ा।

पनुवानौला में जागेश्वर व्यापार मंडल का गठन

अल्मोड़ा। विकास खंड धौलादेवी के पनुवानौला में व्यापार मंडल की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक वपार मंडल के जिलाध्यक्ष सुशील साह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि पनुवानौला बाजार में किसी भी बाहरी व्यक्ति को व्यापार की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अलावा महीने के अंतिम रविवार को बाजार पूर्ण तरीके से बंद रहेगा। वपार मंडल द्वारा लिए गए निर्णय का सभी ने स्वागत किया। इसके बादवपार मंडल की नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। जिसमें गोपाल मेहरा को अध्यक्ष, मनीष नेगी को सचिव, जगदीश गैड़ा को कोषाध्यक्ष, मधुसुदन बिनवाल, विनोद वर्मा, राजेंद्र सिंह बनौला, बची सिंह, राजेंद्र सिंह सुयाल, नवीन बिनवाल, नारायण दत्त को संरक्षक मनोनीत किया गया।

फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का प्रकाशन

अल्मोड़ा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सीएस मर्तोलिया ने बताया कि जनपद की सभी छह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 1 जनवरी की अर्हता तिथि के आधार पर तैयार की गई विधान सभा निर्वाचक नामावलियों का सोमवार को विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। मतदाता सूची समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, कार्यालय सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व तहसीलदार द्वाराहाट, चौखुटिया, सल्ट, स्याल्दे, भिकियासैंण, रानीखेत, सोमेश्वर, अल्मोड़ा, भनोली, जैती एवं लगगड़ा तथा जनपद की समस्त विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में सम्मिलित 920 मतदेय स्थलों पर नियुक्त बीएलओ के पास आम मतदाताओं के निशुल्क अवलोकन के लिए रखी गई है।

राममय हुई सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा

सुबह से भजन-कीर्तन, सुंदरकांड के पाठ व शोभायात्राओं से माहौल हुआ भक्तिमय

जिले के सल्ट ब्लॉक में निकाली गई शोभायात्रा में उमड़े श्रद्धालु। ● अमृत विचार

शोभायात्रा में शामिल चौखुटिया के बोनाफाइड स्कूल के बच्चे। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में भी सोमवार को माहौल भक्तिमय बना रहा।

भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन पर जहां भक्तों का उल्लास देखने लायक था, वहीं श्रद्धालु दिन भर मंदिरों में पूजा अर्चना, भजन कीर्तन, रामलीला, सुंदर कांड जैसे आयोजनों में व्यस्त दिखाई दिए। हर ओर बस बोलो जय श्रीराम का उद्घोष और राम भक्ति में डूबे श्रद्धालुओं के अलावा और कुछ नजर नहीं आया।

सोमवार तड़के स्नान कर श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचे और भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना की। अल्मोड़ा पिथौरागढ़ क्षेत्र के सांसद अजय टम्टा ने नंदा देवी मंदिर में पूजा अर्चना की और मां नंदा का आशीर्वाद लिया। श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शिरडी सांई कृपा धाम में बच्चे राम, सीता, लक्ष्मण हनुमान आदि का देश धारण कर मंदिर में पहुंचे। धाम में श्रद्धालुओं ने उनकी पूजा अर्चना की। नंदा देवी मंदिर व राम शिला मंदिर में भी सुंदर कांड पाठ हुआ। मंदिर में रामलीला, महाआरती और भंडारे का आयोजन हुआ।

एनटीडी में भी श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर सुंदरकांड व भंडारा लगाया गया। जिले के विकास खंड सल्ट में भी श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा पर भव्य कार्यक्रम हुए। विकास खंड में मौलेखाल से लेकर जालीखान तक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के हजारों लोगों ने उल्लाय के साथ प्रतिभाग किया।

मानिला में भी सुंदर कांड और शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिले के लमगड़ा, धौलादेवी, भैंसियाछाना, चौखुटिया, भिहियासैंण आदि क्षेत्रों में राम भक्त दिन भर धार्मिक आयोजनों में व्यस्त रहे। अलग-अलग स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में संजय भट्ट, सोनू उपाध्याय, मनोज वर्मा, मनोज सनवाल, नरेंद्र वर्मा मुन्ना, अनूप साह, बाला दत्त जोशी, गीता मेहरा, मीना, रवि गोयल, संतोष मिश्रा, चंद्रेश पांडे, राजेंद्र, गिरीश उप्रेती, मुरारी लाल अग्रवाल, नीरज बिष्ट, जागेश्वर मंदिर समिति की प्रबंधक ज्योत्सना पंत, मुकेश भट्ट, षष्टी भट्ट, हरीश भट्ट आदि ने सहयोग किया।

कर्नाटक खोला में रामलीला का आयोजन

अल्मोड़ा। अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा और उद्घाटन समारोह को लेकर अल्मोड़ा के कर्नाटक खोला में महिलाओं की रामलीला का मंचन किया। सोमवार को श्री भुवनेश्वर महादेव मंदिर एवं रामलीला समिति कर्नाटक खोला की ओर से आयोजित रामलीला के शुभारंभ में राजा दशरथ के यज्ञ से राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न के जन्म, राजा जनक के हल चलाने से सीता जन्म का मंचन हुआ। इसके बाद स्वयंवर, सीताहरण, लंकादहन, रावण परिवार के वथ और राज्याभिषेक तक की लीला का मंचन हुआ। रामलीला देखने के लिए काफी लोग मौजूद रहे।

राममय हुई गेवाड़घाटी

बैरती। अयोध्या में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष में क्षेत्र में भी आयोजन हुए। गेवाड़घाटी राममय हो चली है। गड़स्यारी में सुन्दरकांड के पाठ का किया गया। देर सायं तक भक्त भजन कीर्तन में जमे रहे। क्षेत्र के पान, बैरती, भैनर, भगतोला, सुन्दरखोला, थामण, गैराड़, सेलागढ़ी, चितैली, ककनर उलैनी, अखोड़िया, मेहलचौंरा, बमनगांव, दड़माड़ बसभीड़ा, घुंघोली दंतोला एवं सिरोली आदि गांवों में दिनभर भजन कीर्तन का दौर जारी रहा।

भिंगराड़ा में भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

टनकपुर और बनबसा में शोभा यात्रा निकाली

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : सोमवार को अयोध्या में हुए भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर जनपद चम्पावत में जगह-जगह जय श्री राम के नारों से वातावरण पूरा भक्ति भाव हो उठा। साथ ही जिले मैदानी क्षेत्र टनकपुर और बनबसा में भी लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जगह-जगह कलश यात्रा सुंदर कांड पाठ के आयोजन के साथ भव्य शोभायात्रा भी निकली गई। जगह-जगह भंडारों का भी आयोजन किया गया। वहीं शारदा घाट में भक्ति संगीत कार्यक्रम से माहौल एकदम से भक्ति भाव हो उठा।

टनकपुर नवयुवक रामलीला कमेटी के तत्वावधान में बनबसा से टनकपुर तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। वहीं यह भव्य शोभा यात्रा बनबसा के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए टनकपुर के विभिन्न मार्ग से होकर शिवालय मंदिर पहुंची जहां इसका समापन हुआ। वहीं कार्कीफॉर्म वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा भी नगर क्षेत्र में स्कूली बच्चों द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। साथ ही गेंडाखाली राम मंदिर समिति ने बूम स्थित शारदा नदी से महिलाओं ने जल भरकर गांव में कलश यात्रा निकाली। इस दौरान राम भक्ति गीत भी पेश किए गए। इसके अलावा नगर और ग्रामीण क्षेत्र के साथ चम्पावत, लोहाघाट अन्य स्थानों में भी जगह-जगह इस कार्यक्रम को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला।

भिंगराड़ा में कलश यात्रा में शामिल हुईं सुंदर झांकियां

लोहाघाट। अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रामलीला मैदान भिंगराड़ा में सोमवार को धूम रही। रामलीला मैदान भिंगराड़ा में सोमवार को गाजे-बाजे के साथ पूजित अक्षत कलश यात्रा के साथ राम लक्ष्मण और सीता की सुन्दर झांकी निकाली गई। भगवान श्रीराम के जयकारों से पूरा पूरा भिंगराड़ा क्षेत्र जय श्रीराम के नारों से गुंजायमान रहा। खरही के शिव मंदिर एवं श्रीकृष्ण लीला मंच खरही में सुन्दर काण्ड का पाठ किया। शीला देवी मंदिर से सुबह 11 बजे पूजित अक्षत कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ। भिंगराड़ा में कलश यात्रा रामलीला मैदान से होकर ऐड़ी मन्दिर भिंगराड़ा तक निकाली गई। लधियाघाटी क्षेत्र के सभी मंदिरों में हनुमान चालीसा एवं राम आरती की गई उसके पश्चात सभी मंदिरों में दिये जलाकर रोशित किया गया।

रानीखेत में रही प्राण प्रतिष्ठा की धूम

श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा पर रानीखेत में निकाली शोभायात्रा में शामिल भक्त। ● अमृत विचार

संवाददाता, रानीखेत

▸▸ **चिड़ियानौला नगर पालिका क्षेत्र में बाबा हैड़ाखान मंदिर से क्षेत्र से शोभायात्रा निकाली गई**

अमृत विचार : अयोध्या में श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के ऐतिहासिक अवसर पर रानीखेत में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए।

केएमओयू स्टेशन से सदर बाजार, रोडवेज स्टेशन होते हुए कार्यक्रम स्थल श्री पंचेश्वर महादेव मन्दिर तक श्रीराम परिवार, दरबार की झांकी के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें जैनोली, नवोदय विद्यालय ताड़ीखेत, सिटी मांटेसरी स्कूल गनियाद्योली, विवेकानंद विद्या मंदिर रानीखेत के छात्रों तथा स्थानीय लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया व शोभा यात्रा को भव्य रूप प्रदान किया, वहीं चिड़ियानौला नगर पालिका क्षेत्र में भी बाबा हैड़ाखान मंदिर से क्षेत्र से शोभायात्रा निकली गई। उसके बाद स्थानीय शिव मंदिर में विशाल भंडारा लगाया गया। सुभाष चौक में खीर महाभोग का आयोजन, सब्जी मंडी के पास हलुआ व फलों का वितरण किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल श्री पंचेश्वर महादेव मंदिर में सुंदरकांड पाठ, भजन कीर्तन, यज्ञ हवन, महानिराजन तथा प्रसाद वितरण का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कई लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

श्रीराम को आज टेंट से मंदिर में मिला स्थान

संवाददाता, बागेश्वर

अमृत विचार : अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा आयोजन पर जनपद में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर बाबा बागनाथ नगरी समेत समूचा जनपद श्रीराम के जयघोष से गूंजा। कई स्थानों में कलश यात्रा के साथ भगवान राम की स्तुति की गई। कई जगह भंडारे का आयोजन किया गया।

श्रीराम शिला पूजन के अवसर पर श्रीराम सेवा समिति व रामलीला कमेटी समेत भक्तों ने शोभायात्रा निकाली। भजन कीर्तन किए गए। स्टेट बैंक तिराहे पर भाजपा जिला इकाई द्वारा प्रसाद वितरित किया। इसके अलावा व्यापार संघ अध्यक्ष कवि जोशी के नेतृत्व में व्यापार संघ ने बाबा बागनाथ मंदिर में खीर भंडारा लगाया। नुमाइश मैदान में रामलीला कमेटी द्वारा सार्वजनिक कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में विधायक पार्वती दास ने कहा कि भगवान राम को आज टैंट से मंदिर में स्थान मिला है जो हमारे लिए गर्व की बात है।

रामलीला मैदान में श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता व हनुमान के रूप में सजे कलाकार।

जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने भगवान राम मंदिर में मूर्ति स्थापना की बधाई देकर उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान पूर्व नपा अध्यक्ष सुबोध साह, भाजपा जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण, महामंत्री संजय परिहार, डा. राजेंद्र परिहार, एडवोकेट कुंदन परिहार, रामलीला कमेटी के ललित तिवारी, उपजिलाधिकारी मोनिका, तहसीलदार दीपिका आदि उपस्थित थे। उधर गरूड़ के राम मंदिर में भाजपा जिला महामंत्री घनश्याम जोशी के नेतृत्व में भंडारा व भजन कीर्तन आयोजित किए गए।

इसके अलावा कपकोट, काडा, काफलीगैर में भी विषेश कार्यक्रम हुए। देर सायं बाबा बागनाथ मंदिर में दीप दान व सुंदर काड का आयोजन किया गया। उधर द्वारिकाधीश मंदिर में भी विविध काम्रक्रम आयोजित किए गए।

बेटी ने ही चुराए थे मां के गहने, गिरफ्तार, अदालत से लोहाघाट बंदीगृह भेजा

टनकपुर, अमृत विचार : दिसंबर में जनपद चम्पावत के लोहाघाट से लगे एक गांव में एक अलमारी तोड़कर उसमें रखे करीब 6 लाख के सोने, चांदी के आभूषण व अन्य सामग्री चोरी के मामले में लोहाघाट की पुलिस ने पर्दाफाश करने में बड़ी सफलता हासिल की है। चोरी के मामले में पुत्री ने ही अपने मां के घर से इस घटना को अंजाम दिया था। फिलहाल पुलिस ने आरोपी पुत्री को गिरफ्तार कर उससे सामान बरामद कर लिया है साथ ही उसे अदालत में पेश करने के बाद लोहाघाट न्यायिक बंदीगृह में भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने बताया कि 29 दिसंबर को शिकायतकर्ता पुष्पा देवी पत्नी नारायण सिंह निवासी ग्राम डेंसली, पोस्ट भुमलाई, थाना लोहाघाट ने तहरीर दी थी। उसने कहा था कि उनके घर से अलमारी का ताला तोड़कर स्वर्ण व चांदी के आभूषण चोरी कर ली गई हैं। शिकायतकर्ता की तहरीर के आधार पर थाना लोहाघाट में अभियोग पंजीकृत किया गया। उनके आदेश पर चोरी की घटना का खुलासा करने तथा अभियुक्तों को गिरफ्तार किये जाने के लिए थानाध्यक्ष लोहाघाट के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस ने सोमवार को घटना का खुलासा महिला की पुत्री को ही दोषी पाया। घटना को अंजाम देने वाली निशा बिष्ट पत्नी परमजीत सिंह, निवासी सिंह कॉलोनी रुद्रपुर को लोहाघाट के ग्राम डैसली क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने निशा के कब्जे से चोरी करीब 6 लाख के आभूषण व एक एप्पल मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया। पुलिस ने उसे अदालत में पेश करने के बाद लोहाघाट न्यायिक बंदीगृह भेज दिया है।

अल्मोड़ा में आज से होगी महिला क्रिकेट प्रतियोगिता

अल्मोड़ा। नगर में पहली बार महिला क्रिकेट प्रतियोगिता हो रही है। मां नंदा सर्वदलीय महिला समिति की ओर से आयोजित कराई जा रही प्रतियोगिता को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह है। समिति की गीता मेहरा ने बताया कि 23 जनवरी से एनटीडी स्थित हीरा डूंगरी मैदान में प्रतियोगिता होगी। इस दौरान राजेंद्र बोरा, बंटी जोशी, मनोज सनवाल, हरीश कनवाल, तारा जोशी, धीरू मर्तोलिया, गीता मेहरा, मीना भैसोड़ा, अर्जुन बिष्ट, कुलदीप मेर, महेंद्र सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

वर्ग पहेली-321

बाएं से दाएं

1. एक प्रकार का मीठा व्यंजन।
3. 1. सुनार का तराज़ू 2. लौहशलाका।
5. 1. जीवन के निर्वाह और रक्षा का उपाय या साधन, जीविका 2. रोज़ी-रोटी का प्रबंध।
8. 1. किसी दूसरे को बीनने या छांटने के काम में प्रवृत्त करना, चुनवाना 2. सिलाई आदि की सहायता से धागे से कपड़ा बनाना, बुनवाना।

ऊपर से नीचे

2. रोष से भरा, रोषयुक्त, रोषपूर्ण।
4. 1. दूर करना, हटाना 2. बंद करना 3. छिपाना 4. आच्छादित करना, ढकना 5. विचार या इच्छा को दबाना 6. रोकना 7. आत्मसंयम, आत्मनिग्रह 8. निग्रह 9. पसंद करना, चुनना 10. समाप्ति।
6. 1. मोटरयान
7. 1. चार कोनों वाला, चौखूंटा 2. जिसके या जिसमें चार कोण हो 3. चौकोर, चतुष्कोण।



वर्ग पहेली - 320 का हल

■	1 ए	■	2 अ	र	3 ना
■	क	■	रु	■	गां
■	म	■	णो	■	ग
4 हि	त	वा	द	■	■
फ़ा	■	■	य	■	5 जि
6 ज़	ख़	नी	■	■	ग
ती	■	■	7 प	ने	री

सुडोकू-38

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

6		3			8		7	9
	9		6			3		
2			9					1
		2			5		1	
9		4		7			3	2
1			3			7		
	5			8			6	
7			1			4		3
		1			4		2	

सुडोकू - 37 का हल

1	3	8	5	4	6	9	2	7
4	2	5	9	7	3	1	8	6
6	9	7	1	8	2	3	4	5
9	5	6	8	2	4	7	1	3
3	4	2	6	1	7	8	5	9
7	8	1	3	9	5	2	6	4
8	1	4	7	5	9	6	3	2
2	6	9	4	3	2	5	7	8
5	7	3	2	6	8	4	9	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 जनवरी, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-पौष,पक्ष-शुक्ल पक्ष,तिथि-त्रयोदशी 20 .39 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

आज का पंचांग



त्योहार/व्रत/दिवस-प्रदोष व्रत। मुहूर्त-अभिजित-11 .57-12 .40 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-09 .05-09 .48, 22 .59-23 .52 तक। दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शिशिर।

चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-आर्द्रा 24 जनवरी 06 .26 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

मेष — आज अधीनस्थ कर्मचारी आपसे काफी प्रसन्न रहने वाले हैं। दूर के स्थानों की यात्रा करने के योग बन रहे हैं। प्रियजनों के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। मीडिया और प्रकाशन समूह से जुड़े लोगों को आर्थिक लाभ प्राप्त होगा।

वृष — आज आप लोगों के लिए प्रेरणा का केन्द्र बनेंगे। घर का माहौल बहुत ही सुखमय रहेगा। कड़वी भाषा का प्रयोग करना उचित नहीं है। विवाहेत्तर संबंधों से दूरी बनाकर रखें। क्रोध पर नियंत्रण रखें। आपको कठोर निर्णय लेने पड़ेंगे।

मिथुन — आज किसी मांगलिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं। आप जो भी काम हाथ में लेंगे उसे पूरा करके ही दम लेंगे। व्यापार में काफी व्यस्तता रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपके प्रदर्शन की प्रशंसा होगी। रचनात्मक कार्यों में आप रुचि लेंगे।

कर्क — आज आप अपना मन शान्त रखें। घरेलू खर्च को लेकर आपका बजट गड़बड़ा सकता है। स्वार्थी लोग आपके संपर्क में रहेंगे। इसीलिए लोगों से सोच-समझकर ही अपनी बातें शेयर करें। पहले की गई गलती का खामियाजा आपको भुगतना पड़ेगा।

सिंह — आज प्रेमी जन के साथ मतभेद दूर होंगे। गलत बातों में अपना समय बर्बाद न करें। दिन की शुरुआत किसी शुभ खबर से होगी। व्यवसाय में आपको अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा। प्रेम संबंधों को पर्याप्त समय देंगे। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी।

कन्या — आज कारोबार में बड़ा ऑर्डर आपको मिल सकता है। सरकारी जॉब कर रहे लोगों का काम में ज्यादा मन नहीं लगेगा। रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी होने के कारण मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। अपने काम के प्रति निष्ठावान रहें।

तुला — आज मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा। धर्म-कर्म के प्रति बोरियत महसूस होगी। पिता के किसी निर्णय से आप नाराज हो सकते हैं। अनर्गल कार्यों में ज्यादा ध्यान न लगाएं। सहकर्मी आपकी काफी मदद करेंगे।

वृश्चिक — आज मन में कई तरह के विचार एक साथ आयेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों को लेकर उदासीन हो सकते हैं। मान-सम्मान में कमी आ सकती है। आपको धन की कमी महसूस होगी। लोगों से ज्यादा सलाह न लें वरना अनावश्यक भ्रमित हो जायेंगे।

धनु — आज नई तकनीक के प्रति जिज्ञासु रहेंगे। परिश्रम का बेहतरीन परिणाम प्राप्त होगा। आपके रुके हुए कार्य गतिशील होने की संभावना है। लेपटॉप व मोबाइल आदि की स्क्रीन के सामने ज्यादा समय न बितायें। आंखों में परेशानी और सिरदर्द की समस्या हो सकती है।

मकर — आज व्यापार में प्रतिद्वन्दियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। घर का वातावरण सुखद रहेगा। सरकारी जॉब कर रहे लोगों को प्रमोशन मिल सकता है। आपकी सलाह से लोगों को काफी लाभ मिलेगा।

कुंभ — आज लंबी दूरी की यात्रा आप कर सकते हैं। अटके हुए धन का लाभ आपको मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपको सुधार करने पड़ेगा। आपकी दिनचर्या अव्यवस्थित रहने वाली है। बच्चे माता-पिता के आदेश का सख्ती से पालन करें।

मीन — आज मन में साहसिक कार्य करने की इच्छाशक्ति जागृत होगी। अपनी कमियों को लेकर थोड़े कुण्ठित हो सकते हैं। अहङ्कारी व्यवहार के कारण स्वजन आपसे नाराज हो सकते हैं। अधिकारी वर्ग से अपना व्यवहार अच्छा रखें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
आर या पार — सुबह : 09 .40
प्रेम दिवाना — रात : 07 .11

SONY SMAX
अब तक छप्पन — सुबह : 09 .04
बैंक चोर — रात : 07 .00

Utsav Gold
वेटिंग.. — सुबह : 09 .00
दंबग — शाम : 04 .30

ZEE CINEMA
बीबी हो तो ऐसी — सुबह : 08 .58
डॉन — रात : 07 .00

colors CINEPLEX
काल — सुबह : 10 .18
वेलकम — शाम : 06 .58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पप्पू (लड़की को प्रपोज करते हुए)- मुझसे प्यार करोगी

लड़की- शक्ल देखी है अपनी, तुझसे प्यार करने से तो बेहतर है मैं सुसाइड कर लूं।

पप्पू- कमबख्त मर जाएगी पर किसी के काम नहीं आएगी।

पप्पू का जवाब सुनकर लड़की सन्न रह गई।

पत्नी : आप बहुत भोले हैं, आपको कोई भी बेवकूफ बना देता है।

पति : शुरुआत तो तेरे बाप ने की थी। फिर .... दे चप्पल- दे चप्पल

यह ऐतिहासिक पल कालखंड का बदलाव करेगा : राज्यपाल

अयोध्या में प्रभु श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर राजभवन ऑडिटोरियम में हुई राम भजन संध्या, अयोध्या से सीधा प्रसारण देखा

राजभवन में भजन संध्या का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ करते राज्यपाल गुरमीत सिंह।

अयोध्या में प्रभु रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर हरिद्वार में हरकी पैड़ी को रामनाम ध्वजा से सजाया गया, श्रद्धालुओं ने रंग बिरंगी रोशनियों से जगमगा हुए दिव्य तीर्थ के भव्य दर्शन किए।

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : अयोध्या में प्रभु श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर राजभवन ऑडिटोरियम में राम भजन संध्या आयोजित की गई। लक्ष्मी दास व उनकी टीम ने राम भक्ति पर आधारित भजनों से भाव-विभोर कर दिया। राजभवन में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का अयोध्या से सीधा प्रसारण भी देखा गया।

राज्यपाल गुरमीत सिंह और उनकी पत्नी गुरमीत कौर सहित राजभवन के अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिवारजन प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के साक्षी बने।

इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि आज राम लला मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा होना, भारत के इतिहास में एक महत्वपूर्ण घटना है। आखिरकार, आज समूचा राष्ट्र सबसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक क्षण का गवाह बना है। अयोध्या में श्री राम मंदिर का उद्घाटन, आज का आयोजन करोड़ों देशवासियों के लिए बहुत अविस्मरणीय पल है। यह ऐतिहासिक और आनन्दमयी पल कालखंड का बदलाव करेगा। इस अवसर पर सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, अपर सचिव स्वाति एस. भदौरिया, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक नितिन उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

हरकी पैड़ी पर दीपोत्सव, विशेष आरती

हरिद्वार, अमृत विचार : अयोध्या में श्रीराम लला विग्रह के दिव्य, भव्य, नव्य मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के पावन एवं गौरवशाली शुभ अवसर पर विशेष रामनाम ध्वजा से सजी हरकी पैड़ी पर श्रीगंगा सभा द्वारा दीपोत्सव व विशेष आरती कार्यक्रम आयोजित हुआ। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रतिभाग करते हुए दीपोत्सव में दीप प्रज्ज्वलित किया। देखते ही देखते पूरी हरकी पैड़ी हजारों दीपकों की रोशनी से जगमगा उठी तथा सभी दिशाएं आतिशबाजी तथा जय श्रीराम के उद्घोष से गुंजायमान हो गईं। इस अवसर पर महामंत्री श्रीगंगा सभा तन्मय वशिष्ठ, उज्ज्वल पंडित सहित काफी संख्या में साधु-सन्त, श्रद्धालु, जनप्रतिनिधि, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

श्रीराम बग्वाल के रूप में मना रामोत्सव

देहरादून। भाजपा ने श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा पर श्रीरामोत्सव को पार्टी मुख्यालय के साथ राज्यभर में हर्षोल्लास के साथ, श्रीराम बग्वाल के रूप में मनाया। संगठन स्तर पर प्रदेश के सभी पूजा स्थलों एवं प्रमुख स्थानों पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अयोध्या से प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के लाइव प्रसारण और आरती में प्रदेशभर में पार्टी पदाधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने जोशीमठ के प्रसिद्ध नरसिंह मन्दिर में श्री राम भगवान प्राण प्रतिष्ठा में श्रद्धालुओं के साथ सुन्दर कांड का पाठन किया। प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी उत्तरकाशी में एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान चिन्यालीसौड़ में इस युगांतरकारी घटना के साक्षी बने। प्रदेश भाजपा मुख्यालय में हनुमान चालीसा पाठ के साथ भजन संध्या एवं दीपोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, विधायक सविता कपूर, कौस्तुभानंद जोशी, कैलाश पंत, विश्वास डाबर, मधु भट्ट आदि मौजूद रहे।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में हुआ सुंदरकांड का पाठ

देहरादून, अमृत विचार : अयोध्या में श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश महिला कांग्रेस द्वारा सुन्दरकांड का पाठ एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में भागीदारी की। इसके अलावा प्रदेश के अन्य स्थानों पर भी महिला कांग्रेस ने सुन्दकांड पाठ का आयोजन किया। इस दौरान महिला कांग्रेस की अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने आरोप लगाया कि आज भगवान राम के नाम पर भी राजनीति हो रही है और मन्दिर निर्माण को श्रेय लेने का जो प्रयास हो रहा है जो कि निंदनीय है। कहा कि, आस्था व्यक्तिगत विषय है और भगवान राम के प्रति उनके भक्तों की आस्था युगों पुरानी है। सनातन धर्म को मानने वाले द्वारा हर वर्ष भगवान राम के अयोध्या आगमन पर दीपावली को उत्साह पूर्वक मनाया जाता है। राम नवमी की शोभायात्राएं भी निकाली जाती है और यह सब सदियों से होता आया है। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, डॉ. हरक सिंह, हीरा सिंह बिष्ट, गणेश गोदियाल, मथुरा दत्त जोशी, परविन्दर कौर, गरिमा माहरा दसौनी, गोदावरी थापली, अमरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में सुन्दरकांड का पाठ करतीं कांग्रेस कार्यकर्ता।

कैलेंडर का विमोचन करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

पीएम मोदी के 9 संकल्पों पर तेजी से करें अमल

- मुख्यमंत्री ने की उच्चस्तरीय बैठक, दिए निर्देश
- सूचना एवं लोक संपर्क विभाग के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखंड के वार्षिक कैलेंडर ''सशक्त नेतृत्व, समृद्ध उत्तराखंड'' का विमोचन किया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए 9 संकल्पों को राज्य स्तर पर क्रियान्वित करने के लिए कार्यों में तेजी लाई जाए। जल संरक्षण की दिशा में लगातार प्रयास किए जाएं। डिजिटल लेन-देन के लिए लोगों को जागरूक करने एवं स्वच्छता अभियान नियमित रूप से चलाने के भी मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए। कहा कि राज्य में वोकल फॉर लोकल को तेजी से बढ़ावा दिया जाए। देश में बने उत्पादों के अधिकतम इस्तेमाल करने का भी उन्होंने लोगों से आह्वान किया। कहा कि इससे देश की आर्थिकी तेजी से बढ़ेगी। राज्य में पर्यटन को और तेजी से बढ़ावा देने और प्राकृतिक खेती को और बढ़ावा देने के निरंतर कार्य करने के निर्देश दिए। श्रीअन्न और खेलों को नियमित अपनी दिनचर्या में शामिल करने के अलावा ड्रग और नशे की लत से दूर रहने के लिए समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाने को कहा। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, शैलेश बगोली, विनय शंकर पांडेय, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, एडीजी ए.पी. अंशुमन और महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी मौजूद रहे।

कैलेंडर में यह खास

इस वार्षिक कैलेंडर के माध्यम से उत्तराखंड के सभी 13 जनपदों के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटक स्थलों, स्थानीय उत्पादों, प्राकृतिक सौन्दर्य, पौराणिक स्थलों को चित्रों के माध्यम से दर्शाया गया। वार्षिक कैलेंडर के माध्यम से राज्य की पर्यटन नीति, सौर ऊर्जा नीति, सशक्त महिला समृद्ध प्रदेश, युवाओं के प्रति संवेदनशीलता एवं निवेश-रोजगार-समृद्धि के लिए सरकार द्वारा किए गए कार्यों की ओर लोगों के ध्यान आकर्षण के प्रयास किए गए हैं।

विकसित उत्तराखंड की झांकी दिखेगी

- सूचना विभाग के संयुक्त निदेशक केएस चौहान ने दी जानकारी

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : भारत पर्व के अवसर पर 23 से 31 जनवरी तक दिल्ली के लाल किले पर पहली बार उत्तराखंड की विकास यात्रा के दर्शन करने को मिलेंगे। इस बार झांकी की थीम 'विकसित उत्तराखंड' रखी गई है।

सूचना विभाग के संयुक्त निदेशक व नोडल अधिकारी के.एस. चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाबा केदार की धरती से 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखंड का बताया था, जिसकी दिशा में राज्य सरकार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में लगातार कदम बढ़ा रही है।

उन्होंने बताया कि 'विकसित उत्तराखंड' झांकी के अग्र भाग में कुमाऊंनी महिला को पारम्परिक वेशभूषा में स्वागत करते हुए दिखाया गया है और पारम्परिक व्यंजन मंडूवा, झंगोरा, रामदाना व कौणी की खेती अथवा राज्य पक्षी मोनाल को दर्शाया गया है। झांकी के मध्य भाग में होम स्टे को दिखाया गया है, इस योजना से हजारों ग्रामीणों को रोजगार मिल रहा है।

संयुक्त निदेशक चौहान ने बताया कि वर्ष 2023 में भारत सरकार ने पिथौरागढ़ जिले के सरमोली गांव को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव घोषित किया था। इसके अतिरिक्त लखपति दीदी योजना से राज्य की महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं।

स्वयं सहायता समूह में कार्य करते हुए स्थानीय महिलाएं व सुन्दर पहाड़ों में सौर ऊर्जा और मोबाइल टावर को भी उकेरा गया है। झांकी के अंतिम भाग में ऑल वेदर रोड़, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना, रोपवे और भारत के प्रथम गांव माणा के लिए रोड कनेक्टिविटी को दर्शाया गया है। इन योजनाओं से उत्तराखंड में यात्रियों के लिए आवागमन की सुविधा में आमूल-चूल परिवर्तन हुआ है।



उत्तराखंड की झांकी। ● अमृत विचार

दून में दो चौकी प्रभारी सस्पेंड

देहरादून : मसूरी में पुलिस टीम पर हुए हमले की घटना में प्रथम दृष्टया लापरवाही सामने आने पर एसएसपी देहरादून ने 2 चौकी प्रभारियो को निलम्बित कर दिया है।

महिला को गोली मारकर हत्या करने के प्रयास में थाना रायपुर में अभियोग की विवेचना के दौरान अभियुक्त शुभम की गिरफ्तारी के लिए 20 जनवरी को पुलिस मसूरी के होटल में पहुंची थी, जहां अभियुक्त द्वारा हमला किए जाने की घटना में प्रथम दृष्टया लापरवाही परिलक्षित होने पर एसएसपी ने उप निरीक्षक जयवीर सिंह, प्रभारी चौकी मयूर विहार तथा उप निरीक्षक सुनील नेगी चौकी प्रभारी बालावाला को निलम्बित किया है।

पीएनबी शाखा का उद्घाटन

संवाददाता, बनबसा

अमृत विचार : सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंक पंजाब नेशनल बैंक की शाखा बनबसा का सोमवार को पीएनबी हल्द्वानी मंडल प्रमुख प्रताप सिंह रावत ने किया।

इस अवसर पर उन्होंने विशिष्ट अतिथियों और ग्राहकों का स्वागत करते हुए जनसमुदाय को बताया कि हमारा बैंक अपने ग्राहकों को न्यूनतम दरों पर आवास ऋण, वाहन ऋण और वेतन भोगियों के लिए व्यक्तिगत ऋण भी प्रदान कर रहा है। साथ ही, उन्होंने बैंक की विभिन्न जमा एवं ऋण तथा डिजिटल व अन्य उत्पादों की जानकारी दी। इस अवसर पर उपमंडल प्रमुख संजीव पुरोहित, एमसीसी प्रमुख संजीव कुमार, अरविंद कुमार, धीरेंद्र यादव, साहिल सेठ, विशाल प्रिये, शाखा प्रमुख लक्ष्मण चंद, बैंक के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

बनबसा शाखा का उद्घाटन करते पीएनबी हल्द्वानी मंडल प्रमुख प्रताप सिंह रावत।

कर्नाटक से किया ठग गिरफ्तार

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : एसटीएफ ने साइबर गिरोह के ठग को कर्नाटक से गिरफ्तार किया है। यह गैंग अभी तक उत्तराखंड सहित 12 राज्यों में करीब 13 करोड़ रुपये की ठगी को अंजाम दे चुका है।

एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल के अनुसार, साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन पर एक व्यक्ति ने अज्ञात अभियुक्तों के खिलाफ 18.11 लाख रुपये की धोखाधड़ी का अभियोग पंजीकृत कराया था। निरीक्षक विकास भारद्वाज की विवेचना में सामने आया कि शिकायतकर्ता से ठगी रकम दिल्ली से जयपुर ट्रांसफर की गई थी। जिसके बाद एसटीएफ ने राजस्थान से कादिर खान और अनीश खान निवासी सीकर, राजस्थान को गिरफ्तार किया था। यहां से रकम की जिन खातों में निकासी की गई, उनके साक्ष्य मिलने के बाद एसटीएफ ने कर्नाटक से गैंग के सदस्य राघवेन्द्र पुत्र गणेश निवासी दावणगेर, कर्नाटक को गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी के अनुसार, साइबर गैंग के सदस्य ने दून निवासी पीड़ित व्यक्ति से व्हाट्सएप के माध्यम से सम्पर्क कर स्वयं को फ्लिपकार्ट का गिफ्ट गिविंग मैनेजर बताया था और यू ट्यूब चैनल्स को लाइक व सब्स्क्राइब करने का टास्क देकर घर बैठे लाभ कमाने का झांसा दिया था।

ममता जागी न प्यार कूड़े में फेंका नवजात

संवेदनहीनता

- होंठ कटा होने पर कर दिया था परित्याग, पिता पर रिपोर्ट
- पुलिस ने शिशु को उपचार को दून अस्पताल में भर्ती कराया

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: राजधानी के रायपुर क्षेत्र से संतान के प्रति संवेदनहीनता का मामला सामने आया है। न तो मां की ममता जागी और न ही पिता का प्यार, नवजात को कचरे के ढेर में फेंक दिया गया। पुलिस ने शिशु को उपचार के लिए दून अस्पताल में भर्ती कराते हुए आरोपी पिता के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, ग्रे कलर के बैग में 2-3 दिन का यह नवजात 18 जनवरी को कूड़े में पड़ा मिला था। अथक प्रयासों के बाद पता चला कि नवजात का जन्म से होंठ कटा हुआ था, जिसका जन्म 16 जनवरी को दून मेडिकल कालेज में हुआ था। अस्पताल के अभिलेखों में नवजात शिशु के पिता गिरीश भंडारी निवासी शक्ति विहार रायपुर देहरादून का नाम प्रकाश में आया।

नवजात के परिजन 17 जनवरी को कहीं दूसरी जगह इलाज कराने के नाम पर अस्पताल से ले गये थे और नवजात के माता-पिता ने उसकी जिन्दगी को खतरे में डालकर एक बैग में डालकर कचरे के ढेर के पास फेंककर नवजात शिशु का परित्याग कर दिया था। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। पुलिस सुरक्षा में नवजात का उपचार चल रहा है।

बांग्लादेशी चोरों की मदद करने में सुनार को गिरफ्तार किया

देहरादून, अमृत विचार : पटेल नगर थाना क्षेत्र में एक घर से लाखों रुपये कीमत के डायमंड, सोने व चांदी के आभूषण चोरी होने के मामले में पुलिस ने एक सुनार को कानपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, यह वारदात बीती 1 जनवरी को मिली पत्नी मनोज नेगी निवासी पटेल नगर के आवास पर हुई थी।

पुलिस ने सर्विलांस की मदद लेने के साथ ही 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इस मामले में तीन अभियुक्तों के कानपुर के एक होटल में ठहरने और साहबनगर कल्याणपुर, कानपुर निवासी सुनार गोविन्द शुक्ला (36) पुत्र महेश चन्द्र शुक्ला द्वारा इन अभियुक्तों की मदद करना सामने आया। उसके बाद उस पर कार्रवाई की गई।

उत्तर प्रदेश

पीतल कारोबारी की सड़क हादसे में मौत

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

अमृत विचार : मूंढापांडे क्षेत्र में रविवार देर रात हुए सड़क हादसे में मुरादाबाद के पीतल कारोबारी प्रदीप भटनागर (55) की मौत हो गई। उनके साथ स्कूटी सवार दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

जिला मुरादाबाद के मझोला थाना क्षेत्र के मोहल्ला जयंतीपुर में पीतल कारोबारी प्रदीप भटनागर का परिवार रहता है। रविवार को वह स्कूटी से पास के ही रहने वाले राहुल के साथ किसी रिश्तेदारी में रामपुर आए थे। रात को यहां से वापस जाते समय मूंढापांडे के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। जिससे वे दोनों घायल हो गए थे। राहगीरों ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां डॉक्टर ने पीतल कारोबारी प्रदीप भटनागर को मृत घोषित कर दिया था, जबकि उनके साथ घायल राहुल की हालत गंभीर होने पर उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया था। जिला अस्पताल पहुंचे परिजनों को पुलिस ने शव सौंपा दिया। मुरादाबाद के श्मशान घाट में देर शाम प्रदीप भटनागर का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

> मूंढापांडे में देर रात हुए सड़क हादसे में स्कूटी सवार व्यक्ति की मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम कराया गया था। बाद में परिजन शव को लेकर मुरादाबाद चले गए।
>
> **– मनोज कुमार, शहर कोतवाल**

अश्लील फोटो दिखाकर साढ़े तीन लाख रुपये ठगे

पीलीभीत। शादी का झांसा देकर बरेली के एक युवक ने शहर की युवती का शारीरकि शोषण करते हुए धोखे से उसकी फोटो वीडियो बना ली। जसिके बाद उसे ब्लैकमेल करने लगा। आरोपी दबाव बनाकर रुपये की मांग करने लगा। पीडति ने वीडियो वायरल न हो इसलिए बैंक की एफडी तुड़वाकर उसे साढे.तीन लाख रुपये दे दिए। मगर इसके बाद भी आरोपी रुपये मांगता रहा। अब शकियत मलिने पर पुलसि रपिोर्ट दर्ज कर जांच में जुटी है।

थाना सुनगढी क्षेत्र के एक मोहल्ले की नविासी युवती ने पुलसि को दी तहरीर में बताया कि बरेली जलि के नवाबगंज तहसील क्षेत्र के गांव कटैया नविासी संजीव कुमार से उसकी जान पहचान थी।

गर्भवतियों को प्रसव से पूर्व कराए श्रीराम के दर्शन

कार्यालय संवादाता, चन्दौसी

अमृत विचार : अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर चंदौसी स्थित एक निजी नर्सिंग होम के प्रसूति कक्ष में एक लघु राम मंदिर बनाया गया है। सोमवार को गर्भवती महिलाओं को प्रसव से पहले भगवान राम के दर्शन कराए गये।

सुभाष रोड स्थित आशी नार्सिंग होम की डॉक्टर वंदना सक्सेना ने बताया कि आज अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर उन्होंने अपने नर्सिंग होम के प्रसूति कक्ष, नवजात शिशु कक्ष को भगवा रंग से सजाया है। साथ ही नवजात कक्ष में एक लघु भगवान श्री राम का मंदिर भी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि हिन्दू गर्भवती महिलाओं को प्रसूति से पहले श्री राम की पूजा-अर्चना कराई जा रही है तथा उन्हें हनुमान चालीसा का पाठ भी कराया जा रहा है। डॉक्टर वंदना ने बताया, कि अस्पताल में सोमवार को कुल छह बच्चों का जन्म हुआ जिनमें तीन लड़के हैं। उनके नाम भगवान राम के नाम पर रखे गए हैं। साथ ही कन्याओं के नाम जानकी और सीता रखे गए हैं। एक नवजात शिशु के पिता मान सिंह ने बताया, कि आज बड़ी खुशी का दिन है। उनके घर तो बेटे के रूप में भगवान राम आए हैं। इसीलिए उन्होंने अपने बेटे का नाम राम रखा है ।

गंधक पोटाश पीसते समय धमाका, झुलसा किशोर

संभल। ऐचौड़ा कम्बोह थाना क्षेत्र में पत्थर पर गंधक पोटाश पीसते समय तेज आवाज के साथ धमाका हुआ। जिससे पत्थर के दो टुकड़े हो गए और किशोर बुरी तरह झुलस गया। गांव सेबड़ा जसरथ नगला निवासी नेमपाल सिंह का बेटा कामेश उर्फ पुष्पेंद्र (15 वर्ष) कक्षा आठ का छात्र है। कामेश ने श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में आतिशबाजी करने का मन बनाया। कामेश गंधक पोटाश को पत्थर (सिल) पर पीसने लगा। गंधक और पोटाश के एक साथ पीसने पर अचानक तेज आवाज के साथ धमाका हुआ। धमाके की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों ने आनन फानन में कामेश को मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

मां के हाथ से सड़क पर गिरी दो माह की बच्ची, मौत

निघासन। पलिया-निघासन स्टेट हाईवे पर सोमवार को भीषण हादसा हो गया। दो बाइकों के आमने-सामने की जोरदार टक्कर में एक बाइक पर बैठी महिला के हाथ से उसकी दो माह की बच्ची छिटककर सड़क पर जा गिरी। इस हादसे में बच्ची की मौत हो गई। इसके साथ दूसरी बाइक पर सवार एक युवक की भी जान चली गई। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि एक बाइक में आग लग गई। दुर्घटना के बाद मौके पर जुटे राहगीरों ने मिट्टी डालकर आग बुझाई। हादसे में बच्ची के मां-बाप समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी निघासन पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने घायलों को लखीमपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

छेड़छाड़ का विरोध करने पर युवती की गोली मारकर हत्या

मेरठ। मेरठ के ग्रामीण इलाके में सोमवार को कथित रूप से छेड़छाड़ का विरोध करने पर एक युवती की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। पुलिस के अनुसार, घटना जिले के फलावदा कस्बे में सोमवार की सुबह हुई। उस वक्त पेंठ बाजार में युवती मेडिकल स्टोर पर दवा लेने जा रही थी। बताया जाता है कि गांव के ही एक युवक ने युवती के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी युवक ने जेब से तमंचा निकाल कर उसे गोली मार दी और भाग गया। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। खून से लथपथ युवती ने अस्पताल ले जाने से पहले ही दम तोड़ दिया।

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में हुआ प्राण प्रतिष्ठा का प्रसारण

बरेली। बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में सोमवार को नजारा बदला नजर आया। आम दिनों में यहां मेडिकल संबंधी चर्चाएं छात्र-छात्राओं और शिक्षक करते नजर आते हैं, लेकिन सोमवार को माहौल राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भक्तिमय रहा। यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सभागार के साथ समस्त लेक्चर थियेटरों में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इसमें संस्थान के समस्त शिक्षकों, चिकित्सकों, छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से भाग लिया। इस दौरान श्रीराम के जयकारों से संस्थान गूंज उठा। इस मौके पर बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल, कुलपति डॉ. लता अग्रवाल, प्रतिकुलपति डॉ. किरण अग्रवाल, वरिष्ठ स्पाइन एवं ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. वरुण अग्रवाल, वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ. अर्जुन अग्रवाल, प्रधानाचार्य डॉ. शरद सेठ, डॉ. चीना गर्ग समेत समस्त विभागों के विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तस्लीम खान आदि उपस्थित रहे।

प्रभु की प्राण प्रतिष्ठा पर बलिहारी हुई रामनगरी...

रामोत्सव के रंग से सराबोर हुए गांव - गांव और गली - गली, जय श्री राम के साथ गूंजता रहा जर्रा - जर्रा

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : जहां जन्मे श्रीराम वही है अयोध्या धाम। 22 जनवरी 2024 का दिवस इतिहास के पन्नों पर सुनहरे अक्षरों में अंकित हो गया। प्रभु की प्राण प्रतिष्ठा पर अयोध्या ऐसी बलिहारी हुई कि सुधबुध खो बैठी। गांव - गांव गली - गली जय श्रीराम के उद्घघोष के बीच राम नाम संकीर्तन, अखंड रामायण पाठ, शोभा यात्राएं और भंडारों के साथ विविध आयोजनों की धूम रही। नगर से लेकर गांवों तक 800 से अधिक स्थानों पर जहां लोगों ने प्राण प्रतिष्ठा पूजन का लाइव प्रसारण देखा वहीं प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को सुनने के लिए दोपहर तक एलईडी स्क्रीन के आगे जमे रहे।

अयोध्या-फैजाबाद जुड़वा शहर में प्रवेश करते ही चौतरफा फूलों की लड़ियों और झालरों से सजे घर, जगह - जगह पंडाल सजा कर सुंदर कांड का पाठ और भंडारे सचमुच त्रेतायुग का आभास करा रहे थे। सहादतगंज से लेकर नयाघाट तक रामपथ और बाईपास प्रभु की आगुवनी में ऐसा सजा था कि लोग दांतों तले उंगली दबाने को मजबूर हो गए। नगर के सिविल लाइंस से लेकर चौक तक व्यापारी समाज की ओर से सुंदर कांड और भंडारे किए गए। चौक घंटाघर झालरों से सजाया गया। नगर के सभी क्षेत्रों में सुबह से देर रात तक चहुंओर रामोत्सव की धूम के बीच लोग दीपावली और बड़ा मंगल जैसे वातावरण का आनंद लेने के लिए सड़कों पर निकल पड़े। जिले की 835 पंचायतों और 1500 मजरों में भी रामोत्सव आनंदोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। आह्लादित अयोध्या वासी इतने मगन हुए कि सुबह से सांझ तक दैनिक दिनचर्या भूल कर भजन कीर्तन और कालोनियों में भंडारे में सहभागिता करते रहे।

बीकापुर में सड़कों पर नृत्य करते लोग।

रानीबाजार क्षेत्र में निकली राम दरबार की शोभायात्रा।

▸▸ भजनों और मोदी-योगी के गीतों के साथ हुए भंडारे, 800 स्थानों पर लोगों ने देखा प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण

अयोध्या धाम में रामोत्सव का एक रंग यह भी।

आनंदोत्सव का उल्लास और प्रभु श्रीराम के आगमन की खुशियां फूटीं

ग्रामीण अंचलों में सुबह से ही देवस्थान व मंदिरों पर श्रीराम के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। मंदिरों पर सुंदर कांड हनुमान चालीसा के पाठ के उपरांत हवन और आरती हुए। रानी बाजार हनुमान मंदिर पर आयोजित भंडारे में लोग उमड़ पड़े। हनुमान मंदिर रानी बाजार को और पूरी बाजार को रंग बिरंगी लाइट व भगवा ध्वज से दुल्हन की तरह सजा दिया गया। मिल्कीपुर, हैदरगंज, मसौधा, रुदौली, सोहावल समेत सभी क्षेत्रों में आनंदोत्सव मनाया जा रहा है।

देवस्थानों पर भजन-कीर्तन के साथ विविध आयोजन

पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा को यादगार पल बनाने के लिए सोमवार को सुबह से ही गांवों में स्थित मंदिर व देवस्थानों पर पूजन, कीर्तन, भजन से ग्रामीण क्षेत्र राममय हो गया है। मां दुर्गा मंदिर मोहतशिमपुर, अंकवारा में सुन्दर कांड पाठ के पूजन आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। रामपुर सरधा में श्रीराम जानकी मंदिर, अलावलपुर में जालापा मंदिर, सुरजी विरवा में हनुमान मंदिर, गंगौली चौराहा पर हनुमान मंदिर, राजा दशरथ समधि स्थल विल्हरिघाट, इटौरा में मां वैष्णो देवी मंदिर आदि पर प्राण प्रतिष्ठा होते ही आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

'सुमन बृष्टि नभ संकुल भवन चले सुखकंद

गोसाईंगंज अयोध्या। अमृत विचार : 'सुमन बृष्टि नभ संकुल भवन चले सुखकंद। चढ़ी अटारिन्ह देखहिं नगर नारि नर बृंद।। जिस तरह 14 वर्षो के वनवास के बाद प्रभु श्रीराम अयोध्या लौटे थे तो उनके आगमन में अयोध्या के लोगों ने पलक पाँवड़े बिछा दिए और पुष्पों की वर्षा कर दी थी, ठीक वही माहौल सोमवार श्रीरामलला के 500 वर्षों के बाद उनके गर्भगृह में प्राण प्रतिष्ठा के दौरान गोसाईंगंज कस्बे में नजर आया। लोग सुबह से ही स्नान ध्यान कर मंदिरों में जमा होने लगे।किसी मंदिर में मानस पाठ तो किसी मे हनुमान चालीसा पाठ होने लगा। इस अलौकिक क्षणों के साक्षी बनने के लिए लोग घरों में टीवी के सामने नजर गड़ाए रखा। प्रधानमंत्री मोदी ने जैसे ही प्राण प्रतिष्ठा के बाद आरती उतारनी शुरू कर दी। सभी मंदिरों में आरती होने लगी और शंख घड़ियाल बजने लगे। सड़कों- गलियों में युवाओं ने जमकर आतिशबाजी की, लोगों ने रामधुन पर जमकर नृत्य भी किया। एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर बधाइयां दीं। वहीं, प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद एक शोभायात्रा महादेवाघाट से निकाली गई। शोभायात्रा तीनों बाजार भ्रमण करती हुई ठकुराइन मंदिर पर आकर सम्पन्न हुई। इस दौरान बच्चों, युवाओं और महिलाओं ने जमकर नृत्य किया।

अयोध्या में निकली शोभायात्रा में गूंजे जयश्रीराम के उद्घोष। अमृत विचार

लता मंगेशकर चौक पर बैरिकेडिंग से घुस कर निकलते लोग।

आतुरता के आवेग से सराबोर रहे श्रद्धालु, कई बार लांघी सुरक्षा रेखा

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा के दौरान श्रद्धालुओं की आतुरता का आवेग सुरक्षा कर्मियों के लिए संकट बन गया। हालांकि सुरक्षा कर्मियों की सूझबूझ और धैर्य के चलते सब कुछ सामान्य ही रहा। आसपास के जिलों समेत विभिन्न प्रांतों से आए श्रद्धालु दोपहर 12 बजे के बाद आतुर हो सड़क पर आने लगे। इस दौरान एटीएस और रैपिड एक्शन फोर्स समेत सिविल पुलिस के जवानों ने सम्मानजनक तरीके से श्रद्धालुओं को सहेजा। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान अयोध्या धाम में रामपथ से धर्मपथ तक दोनों ओर सड़क के किनारे श्रद्धालुओं का रेला उमड़ रहा। सुबह दस बजे से दोपहर 12 बजे तक सभी सहज रहे और प्राण प्रतिष्ठा की प्रतीक्षा करते रहे। इसके बाद जब प्राण प्रतिष्ठा पूरी हुई तो हनुमानगढ़ी के निकट लोग सड़क लांघ कर आने-जाने लगे। दोपहर एक बजे के करीब बड़ी संख्या में लोग इधर से उधर होने लगे तो पुलिस कर्मियों के पसीने छूट गए। आनन-फानन हनुमानगढ़ी तैनात रैपिड एक्शन फोर्स के जवान एक्शन में आ गए। बाइक से पेट्रोलिंग होने लगी और एटीएस के दस्तों ने बाइक से चक्कर लगाने शुरू कर दिए। इसी के बाद लता मंगेशकर चौक स्थित राम की पैड़ी के मार्ग पर श्रद्धालु नहीं संभले। वहां बैरिकेडिंग के नीचे से या ऊपर से फांदकर मुख्य मार्ग पर आ गए। यहां किसी तरह सुरक्षाबलों ने रस्सी बांध कर कंट्रोल किया। ऐसी स्थिति कई स्थानों पर आई लेकिन फिर बाद में सहज हो गई। दो बजे के बाद देर शाम तक लोगों की आवाजाही शुरू हो गई।

हम सब सौभाग्यशाली हैं : हेमा मालिनी

अयोध्या, अमृत विचार : विशिष्ट अतिथियों में शामिल रहीं हेमा मालिनी ने कहा कि आज बहुत ही गर्व महसूस हो रहा है। हम लोग यहां पर आए हैं। हम सब सौभाग्यशाली हैं कि मंदिर में बैठे हुए हैं। यह बहुत साल पहले हो जाना था, लेकिन अब देखने को मिल रहा है। इसके लिए देशवासी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हैं।

रामपथ पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं कलाकार।

रामोत्सव पर शंखनाद, ठुमक ठुमक थिरकती रही रामनगरी

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : अयोध्या धाम समेत पूरे जिले में रामोत्सव का उल्लास चरम पर है। 100 से अधिक स्थानों पर 3500 से अधिक कलाकारों द्वारा अपने प्रांतों की लोक कलाओं की प्रस्तुति दी जा रही है। वहीं सड़कों के किनारे प्रधानमंत्री की प्रतीक्षा में खड़े श्रद्धालुओं रह - रह कर जयश्रीराम का उद्घघोष कर रहे हैं।

हदेश के विभिन्न प्रदेशों से आए रामभक्त भक्ति में झूमते रहे। प्राण प्रतिष्ठा में संस्कृतियों, भाषाओं, विचारधाराओं, संस्कारों व व्यवहारों का मिलन हो रहा है। आगरा के संदीप अग्रवाल कहते है कि अयोध्या का ऐसा दृश्य देखकर मन पुलकित है। रामपथ व धर्मपत्र ज्योतिर्मय है, इसकी सुंदरता देखकर लगता है कि कलियुग में त्रेतायुग आ गया है। हरियाणा के परवल निवासी अरुण चौधरी व उनकी पत्नी अर्चना भावविभोर हैं। वह कहते हैं कि इस पल का वर्णन नहीं किया जा सकता है। रामजन्म भूमि के सामने फूलों से सजाई गई दीवारों व उसमें लगाए गए प्रभु श्रीराम के कटआउट रामभक्तों को आकर्षित करते हैं। आंध्रप्रदेश के कलाकार तेलुगु में राम को वंदना कर रहे हैं तो राजस्थान के कलाकार कालबेलिया लोकनृत्य प्रस्तुत कर रहे हैं। पांरपरिक वेशभूषा में सजे कलाकारों में लोक संस्कृति की झलक दिख रही है।

सचिन मर्सिडीज में, ई-ऑटो पर सवार दिखे प्रदीप मिश्र

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या

अमृत विचार : रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने वाले विशिष्ट अतिथियों के ठाठ भी निराले थे। लता चौक और विशेष आगमन पथ महोबरा से उनका आना और जाना हुआ। लता चौक से आने वाले अथितियों को देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर मर्सिडीज से जन्मभूमि जाते दिखे, जबकि प्रसिद्ध कथावाचक प्रदीप मिश्रा समारोह से लौटते वक्त ई-ऑटो में सवार दिखे। वहीं लोगों का उत्साह देखकर स्वामी रामदेव अपने आप को रोक नही पाए और कार की रूफ से बाहर निकलकर जय श्रीराम के जयकारे लगाने लगे।

लता चौक से होते हुए राम जन्मभूमि तक जाने वालों में सबसे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल रहे। वह 9: 21 बजे उधर से गुजरे। उनको देख लोगों ने जोर-जोर से जय श्रीराम जयकारे लगाने शुरू कर दिए। इसके बाद बीएमडब्लू से अभिनेता जैकी श्रॉफ, मर्सिडीज से सचिन तेंदुलकर, इनोवा क्रेस्टा से रजनीकांत, बीएमडब्लू से प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास, फॉर्च्यूनर से चिराग पासवान, रामरथ (ई-रिक्शा) से कथावाचक प्रदीप मिश्र के अलावा कई लग्जरी वाहनों से उद्योगपति व साधु-संत जन्मभूमि जाते देखे गए।

रामलला के दर्शन करके जाते बाबा रामदेव।

रामलला के दर्शन करके जाते बाबा बागेश्वर।

...जब कुछ पल के लिए रुकी सचिन की कार

लता चौक के पहले वाले मोड़ से ही अतिथि अपने वाहनों से जन्मभूमि जा रहे थे। इस दौरान सचिन की मर्सिडीज बैरिकेडिंग के पास कुछ पल के लिए रुक गई। सुरक्षा कर्मियों से बात करने लगे। पूछा गया तो पता चला कि वह लता चौक पर लगी सितार को देखकर भावुक हो गए थे।

शाम तक वापसी का इंतजार करते रहे

अतिथियों को देखने का लोगों में उत्साह इस कदर था कि वे सड़कों पर 9 घंटे तक डटे रहे। उनकी ख्वाहिश ही थी वे जाने वाले अतिथियों को भी देखें। इसे लेकर वे शाम पांच बजे तक लता चौक में ही डेरा जमाए रहे।

राम के दर्शन करने आए हैं, करके जाएंगे

किशनदास, महाराष्ट्र

राजेश्वर गायकवाड पाटिल, महाराष्ट्र

जसप्रीत, दिल्ली

रघु कर्नाटक

दिलीप बिरादर कर्नाटक

जयश्री सउदिया

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार: प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन अयोध्या आए सउदी, कर्नाटक, महाराष्ट्र, दिल्ली सहित देश विदेश के भक्तों ने एक स्वर में कहा कि हम राम लला के दर्शन के लिए आए हैं और दर्शन करके ही जाएंगे। राम भक्तों में श्रीराम और प्रधानमंत्री मोदी के प्रति दीवानगी दिखाई दी। सउदी अरेबिया के रियाद से आयीं जयश्री ने कहा कि हम इस पावन समय पर अयोध्या विशेष तौर पर आए हैं। रामलला के दर्शन करके ही जाएंगे। मोदी ने भारत में जो परिवर्तन की अभूतपूर्व अलख जगाई है तो अब भारत विश्व गुरू बनने की राह पर है। पूरे विश्व में मोदी के कार्यों की प्रशंसा हो रही है, जो यहां आकर सच में अनुभूति हुई। कर्नाटक से आए रघु ने कहा कि रामलला ने बुलाया है तो दर्शन तो करके ही जाएंगे, चाहें जब मिले। अयोध्या की दिव्यता उनके दिल को छू गई। दिलीप बिरादर ने कहा कि हम छह लोगों का ग्रुप है। जो आज के विशेष पर्व का साक्षी बनने ही आए हैं। अब पहुंच गए तो रामजी दर्शन भी देंगे ही। दिल्ली के जसप्रीत ने कहा कि आज अयोध्या में उपस्थिति हमारा सौभाग्य है। रामजी की इच्छा थी तभी पहुंच पाए हैं। अब राम जी के दर्शन करके ही जाएंगे। लातूर के किशन दास बत्तूसाव सोलंकी ने कहा कि मोदी ने अयोध्या का जो स्वरूप बनवाया है। वो आज पूरा विश्व देख रहा है। राम लला ने बुलाया है तो दर्शन भी देंगे ही। महाराष्ट्र की राजेश्वर गायकवाड पाटिल ने कहा कि ऐसा लगता है जैसे राम राज है और हम त्रेता युग में हैं। यह सब मोदी की वजह से हुआ है। सच में वही इस देश का कल्याण कर सकते हैं। राम लला के दर्शन मिलेंगे तो धन्य समझेंगे।

पुलिस बैंड पर भी मेरे घर राम आए हैं की गूंज

अयोध्या, अमृत विचार : राम पथ के हनुमानगढ़ी प्रवेश द्वार के पास स्वागत में खड़े पुलिस बैंड पर भी मेरे घर राम आए है की धुन गूंजती रही। सुसज्जित परिधानों में पुलिस बैंड बीच-बीच में भजन और राम भक्ति धुन बजाते रहे। सबसे ज्यादा उत्साहित रहे मेरे घर राम आए हैं...की धुन पर। ये धुन बार-बार बैण्ड पर बजती रही और माहौल राम मय बना रहा। राम भक्त बार-बार जय श्री राम के उद्घोष से वातावरण में ऊर्जा का संचार करते रहे।

धर्मपथ पर रामलला के दर्शन करने जाते जैकी श्रॉफ।

रामलला के दर्शन करने जाते कुमार विश्वास।

आज खुशी का दिन है: इकबाल

बाबरी मस्जिद की ओर से मुद्दई रहे इकबाल अंसारी ने कहा कि रामजन्म भूमि विवाद खत्म हो गया है और आखिर संघर्षों के बाद राम मंदिर बन गया है। कड़े संघर्ष के बाद लोगों को यह दिन देखने को मिला है। आज रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम खुशी का दिन है। अयोध्या का विकास हर वर्ग को रोजी-रोटी दे रहा है।

रामलला के दर्शन करने जाते प्रदीप मिश्रा। अमृत विचार

प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने अपनी पत्नी पूजा प्रसाद के साथ श्री रामलला के किए दर्शन। अमृत विचार

खत्म नहीं होगा राम मंदिर मुद्दा, मोदी ने खोल दिया नया रास्ता

अजय दयाल, अयोध्या

शबरी, जटायू, गिलहरी का उदाहरण देकर समाज के कमजोर तबके में भरा जोश, चंद शब्दों में दे गए लोस चुनाव का संदेश

भगवत ने भी राम मंदिर का श्रेय मोदी को देते हुए आगे जनता को उन्हें और बल देने की अपील की

अमृत विचार। राजनीतिक विश्लेषक अक्सर अयोध्या की विध्वंस घटना को भाजपा के राम मंदिर मुद्दे की जड़ ही मिटा देने की साजिश के तहत भी देखते हैं। बहुप्रतिक्षित राम मंदिर के निर्माण के साथ एक बार फिर यह सवाल बड़ा है कि क्या इससे जुड़ी राजनीति का अध्याय समाप्त हो गया? रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं, बनाएंगे। भाजपा के इस नारे पर विराम तो लगा लेकिन क्या मुद्दा भी समाप्त हो गया?

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी नवनिर्मित राम मंदिर का हवाला देते हुए उसी राम लला वाले नारे को दोहराया और यह स्पष्ट किया कि हम जो कहते हैं, वहीं करते हैं। यानि जो कहा गया वह अब पूरा हो गया? इसी 'पूरा' होने का संज्ञान लेते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और संघ प्रमुख मोहन भागवत ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में जनता से पूछा कि अब आगे क्या? उनके सवाल में भविष्य की चिंता है तो देशवासियों को एक नयी दिशा दिखाने की जिम्मेदारी भी।

प्रधानमंत्री और संघ प्रमुख की बातों को समझें तो राम मंदिर और राम से जुड़े मुद्दे एक नयी दिशा पाकर अब आगे का रास्ता तय करेंगे। मोदी के शब्दों ने जहां विपक्ष को राम का इंतजार कराने का दोषी ठहराया वहीं, राम शब्द का व्यापक अर्थ बताकर देशवासियों से किया राम काज से राष्ट्र काज को जोडने का आह्वान भी किया। प्रधानमंत्री ने रामायण के ही पात्रों के उदाहरण देकर खासकर समाज के कमजोर वर्ग में उत्साह भरा।

उनके शब्दों में, मेरी आदिवासी मां शबरी का ध्यान आते ही विश्वास जाग उठता। मां शबरी कबसे कहती थीं कि राम आएंगे। हर भारतीय में जन्मा यही विश्वास भव्य भारत का आधार बनेगा। यही देव से देश और राम से राष्ट्र की चेतना का विस्तार है। निषादराज का राम के लिए सम्मोहन और राम का निषादराज के प्रति मोह कितना मौलिक है।

मोदी ने यह कहते हुए उत्साह भरा कि, अगर कोई सोचता है कि मैं बहुत सामान्य और छोटा हूं तो उसे गिलहरी के योगदान का स्मरण करना चाहिए। यह हमे सिखाता है कि छोटे बड़े प्रयासों की अपनी ताकत और सामर्थ्य होता है। कहा कि, लंकाधिपति रावण प्रकांड ज्ञानी थे और अपार शक्ति के धनी थे। जटायु महाबली से भिड़ गए। उन्हें पता था कि रावण को परास्त नहीं कर सकते है। कर्तव्य का यही समर्पण देव से देश और राम से राष्ट्र का भाव उत्पन्न करता है। हम खुद को राम काज से राष्ट्र काज के जरिए जोड़ देंगे।

वहीं, भागवत ने भी मौके की नब्ज पकड़ते हुए मोदी की तप साधना की न केवल सराहना की बल्कि मंदिर निर्माण में उनके योगदान का वर्णन किया। इसी क्रम में उन्होंने कहा, अब हमारी जिम्मेदारी है कि अब हम तपस्या करें। प्रधानमंत्री का रामकथा से जुड़ा एक उदाहरण गौर करने वाला हे। बोले, कल मैं प्रभु के आशीर्वाद से धनुषकोडी में रामसेतु के आरंभ बिंदु पर था। उस भाव, पल को महसूस करने का प्रयास किया। उन्होंने सागर पर रामसेतु को ही उस वक्त काल चक्र बदलने की शुरुआत बतायी और इसे सीधे सरयू से जोड़ा। और कहा, वैसे ही काल चक्र फिर बदलेगा और शुभ दिशा में बढ़ेगा।

प्रधानमंत्री ने इस मौके पर राम मंदिर पर सवाल उठाने वालों को भी नहीं बख्शा। बोले, लोग कहते थे कि राम मंदिर बना तो आग लग जाएगी। ये लोग भारत की सामूहिकता को नहीं जानते थे। हम देख रहे हैं कि निर्माण किसी आदि को नहीं बल्कि ऊर्जा को जन्म दे रहा है।

मोदी ने एक नये युग का सूत्रपात किया उन्हें श्रीराम का आशीर्वाद : राजनाथ

रक्षामंत्री ने प्राण प्रतिष्ठा पर दिल्ली के शिव मंदिर में पूजा कर लिया आशीर्वाद

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को अयोध्या में नवनिर्मित राममंदिर में श्री रामलला के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें भगवान राम का आशीर्वाद प्राप्त है। सिंह ने कहा कि अयोध्या का आयोजन क्रांतिकारी कार्य था और जो इस पल के गवाह रहे लोग भाग्यशाली हैं। रक्षामंत्री ने प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर यहां एक शिव मंदिर में दर्शन किए और इसके बाद यह टिप्पणी की।

अयोध्या में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में संपन्न हुई और पूरे कार्यक्रम को देशभर के लोगों ने टेलीविजन के जरिये अपने घरों और मंदिरों में देखा।

प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर रक्षामंत्री ने दिल्ली में शिव मंदिर में की पूजा। ● एजेंसी

राजनाथ सिंह ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, यह क्रांतिकारी कार्य हो रहा है। प्रत्येक व्यक्ति महसूस कर रहा है कि नए युग की शुरुआत हो रही है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के फलस्वरूप हम सभी महसूस कर रहे हैं कि लंबे समय के बाद मर्यादा पुरुषोत्तम राम अयोध्या वापस आ रहे हैं। उन्होंने कहा हम सभी भाग्यशाली हैं कि इस क्षण का साक्षी बनने का मौक मिल रहा है।

विपक्षियों के शामिल न होने पर रहे चुप

शीर्ष विपक्षी नेताओं के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में नहीं शामिल होने के सवाल पर सिंह ने कहा कि मुझे किसी (राजनीति) पार्टी पर टिप्पणी नहीं करनी है। राम मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के बाद वहां मौजूद अतिथियों को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भगवान राम अब तंबू में नहीं रहेंगे, बल्कि अब एक भव्य मंदिर में निवास करेंगे।

एयर इंडिया के ए350 विमान का वाणिज्यिक परिचालन शुरू

मुंबई। निजी एयरलाइंस एयर इंडिया ने सोमवार को अपने पहले चौड़े आकार वाले ए350 विमान का वाणिज्यिक परिचालन शुरू किया। इस विमान ने मुंबई हवाई अड्डे से चेन्नई के लिए उड़ान भरी। कुल 316 सीटों वाले ए350-900 विमान में तीन श्रेणी के केबिन हैं। इनमें फुल-फ्लैट बेड वाले 28 निजी बिजनेस सुइट, 24 प्रीमियम इकोनॉमी और 264 इकोनॉमी सीट हैं। एयरलाइन ने एक बयान में कहा, एयर इंडिया की उड़ान एआई-589 ने सोमवार को यात्रियों की पूरी क्षमता के साथ मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से चेन्नई के लिए उड़ान भरी। चालक दल के इससे परिचित होने और नियामक अनुपालन के लिए विमान शुरू में घरेलू मार्गों - बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद और मुंबई पर उड़ान भरेगा।

रंगोली बनाकर सामूहिक पूजा...

अहमदाबाद में स्वामीनारायण मंदिर के अंदर, भक्त राम मंदिर के अभिषेक समारोह को चिह्नित करने के लिए उसकी रंगोली के पास प्रार्थना की। इस दौरान श्रत्रालु उत्साहित नजर आए। ● एजेंसी

एक नजर

पवार को सरकार से सवाल करना चाहिए: जरांगे

मुंबई। कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने सोमवार को कहा कि मराठा समुदाय को आरक्षण देने में हो रही देरी को लेकर उपमुख्यमंत्री अजित पवार को महाराष्ट्र सरकार से सवाल पूछना चाहिए लेकिन वह (पवार) आरक्षण के मुद्दे के खिलाफ बोल रहे हैं। जरांगे राज्य की राजधानी मुंबई की ओर अपने मार्च के तीसरे दिन अहमदनगर जिले के एक गांव में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मुंबई तक के अपने मार्च के तहत जरांगे अपने हजारों समर्थकों के साथ 20 जनवरी को जालना जिले के अंतरवाली सराटी गांव से निकले थे। उनकी योजना मुंबई में तब तक आमरण अनशन करने की है जब तक सरकार मराठा समुदाय को आरक्षण प्रदान करने के लिए आदेश जारी नहीं कर देती।

गोवा के मंत्री मोनसेरेट को पड़ा दिल का दौरा

पणजी। गोवा के राजस्व मंत्री अतानासियो (बाबुश) मोनसेरेट को दिल का दौरा पड़ने के बाद बीती रात पणजी के समीप गोवा चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल (जीएमसीएच) में भर्ती कराया गया। जीएमसीएच के डीन डॉ. शिवानंद बंडोडकर ने बताया कि मंत्री की रात करीब डेढ़ बजे एंजियोप्लास्टी हुई और उनकी हालत स्थिर है। उन्होंने बताया कि रात करीब साढ़े 12 बजे मोनसेरेट को जीएमसीएच लाया गया था।

भाजपा महिला विरोधी, देवी सीता पर साध लेती है चुप्पी : ममता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कोलकाता में एक सर्वधर्म रैली में हिस्सा लिया और समर्थकों का उत्साह बढ़ाया। ● एजेंसी

कोलकाता, एजेंसी

▸▸ टीएमसी प्रमुख सर्वधर्म रैली में भाजपा पर हुई हमलावर

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने लोकसभा चुनाव से पहले धर्म के राजनीतिकरण का प्रयास करने को लेकर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आलोचना की और भगवान राम के बारे में विमर्श से देवी सीता को हटा देने के लिए उसे महिला विरोधी करार दिया। अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) द्वारा यहां आयोजित मार्च (सर्वधर्म रैली) का नेतृत्व करते हुए ममता ने देश में धर्मनिरपेक्षता और समावेशिता के सिद्धांतों को संरक्षित करने में बंगाल की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।

रैली में अपने समापन संबोधन में उन्होंने कहा, मैं चुनाव से पहले धर्म का राजनीतिकरण करने में विश्वास नहीं करती। मैं ऐसी परिपाटी के खिलाफ हूं। मुझे भगवान राम की पूजा करने वालों से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन लोगों की खान-पान की आदतों में हस्तक्षेप पर आपत्ति है। ममता ने विभिन्न धर्मों के धार्मिक नेताओं और पार्टी नेताओं के साथ हाजरा मोड़ से 'सर्व-धर्म सद्भाव' मार्च शुरू किया, जो यहां पार्क सर्कस क्रॉसिंग पर समाप्त हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा, वे (भाजपा) भगवान राम के बारे में बात करते हैं, लेकिन देवी सीता का क्या? वह वनवास के दौरान हमेशा भगवान राम के साथ रहीं। वे उनके बारे में नहीं बोलते क्योंकि वे महिला विरोधी हैं।

राहुल को शंकरदेव मंदिर जाने से रोका, धरने पर बैठे

नगांव (असम), एजेंसी

कांग्रेस ने कहा है कि पार्टी नेता राहुल गांधी को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बीच असम में बताद्रवा थान में सोमवार को संत श्रीश्री शंकरदेव के जन्मस्थान में दर्शन और पूजा करने से रोका गया। इसके बाद गांधी वहीं सड़क पर बैठ गए। गांधी ने उनको मंदिर प्रवेश की अनुमति नहीं देने की कड़ी निंदा की और कहा कि यह कदम मुख्यमंत्री हिमंत विस्व सरमा के आदेश पर उठाया गया है जबकि मंदिर प्रबंध समिति पहले ही दर्शन की अनुमति दे चुकी थी। पुलिस ने श्री गांधी को मंदिर जाने से रोका तो कांग्रेस नेता वहीं सड़क पर बैठने को मजबूर हो गये।

पार्टी ने कहा कि श्री गांधी ने अनुमति ली थी लेकिन कल देर रात मंदिर जाने के आदेश के रद किया गया। इस बीच श्री गांधी ने ट्वीट किया, भारत की सांस्कृतिक विविधता को शंकर देव जी ने भक्ति के माध्यम से एकता के सूत्र में पिरोया लेकिन आज मुझे उन्हीं के स्थान पर माथा टेकने से रोका गया। कांगेस नेता ने कहा कि उन्होंने मंदिर के बाहर से ही भगवान को प्रणाम कर उनका आशीर्वाद लिया। अमर्यादित सत्ता के विरुद्ध मर्यादा का यह संघर्ष हम आगे बढ़ाएंगे। पुलिस ने जब श्री गांधी को मंदिर जाने से रोका तो उन्होंने पूछा, "क्या मामला है भाई। मैंने क्या गलती की है कि मुझे मंदिर के अंदर जाने की अनुमति नहीं है।

असम के नागांव जिले में कार्यकर्ताओं संग धरना देते राहुल गांधी। ● एजेंसी

भगवान के दर्शन से रोकना अधर्म: अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ। असम में भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाल रहे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को मंदिर में दर्शन से रोकने पर समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भगवान के दर्शन से रोकना बड़ा अधर्म है। उन्होने एक्स के जरिये कहा कि किसी को भी भगवान के दर्शन करने से रोकने से बड़ा अधर्म और क्या हो सकता है। इससे पहले सोशल मीडिया के जरिये उन्होंने जौनपुर में एक ही परिवार के सदस्यों पर गोली चलाये जाने की वारदात पर कहा कि सरेआम पांच लोगों को गोली मारने की वारदात दिखा रही है कि आज जब प्रदेश सबसे चाक-चैबंद सुरक्षा व्यवस्था के घेरे में है तब अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं।

कोर्ट का सोरेन पर कार्रवाई में हस्तक्षेप से इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे की शिकायत के आधार पर लोकपाल द्वारा झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) प्रमुख शिबू सोरेन के खिलाफ शुरू की गई कार्यवाही में हस्तक्षेप करने से सोमवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि लोकपाल की कार्यवाही के साथ-साथ शिकायत को चुनौती देने वाली झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री की याचिका समयपूर्व दाखिल की गई। न्यायाधीश ने सोरेन की याचिका पर फैसला सुनाते हुए कहा कि अभी इसका वक्त नहीं आया है।

सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत बढ़ी

चेन्नई। चेन्नई की एक अदालत ने धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार वी सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत सोमवार को 29 जनवरी तक बढ़ा दी। अभियोजन पक्ष ने तमिलनाडु के मंत्री एवं द्रमुक नेता को यहां केंद्रीय कारागार से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रधान सत्र न्यायाधीश एस अल्ली की अदालत के समक्ष पेश किया गया। इस बीच, बालाजी ने मद्रास उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका दायर कर जमानत का अनुरोध किया है। निचली अदालत में तीन बार और उच्च न्यायालय में एक बार सेंथिल की जमानत याचिका खारिज हो चुकी है। 11 जनवरी को प्रधान सत्र न्यायाधीश ने बालाजी के खिलाफ आरोप तय करने के लिए मामले को सोमवार के लिए सूचीबद्ध किया था। जब मामला सोमवार को सुनवाई के लिए आया, तो सेंथिल बालाजी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील एस. प्रभाकरन ने अदालत को सूचित किया कि मंत्री ने कुछ कानूनी मुद्दों को उठाते हुए एक याचिका दायर की है। इसलिए, कथित अपराधों से जुड़े मामले के निपटारे तक यह अदालत बालाजी के खिलाफ आरोप तय नहीं कर सकती।

टीएमसी ने लोगों को राम मंदिर समारोह में भाग लेने से रोका

कोलकाता, एजेंसी

▸▸ भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई ने लगाया आरोप

भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई ने सोमवार को आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार लोगों को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के अवसर पर राज्य के विभिन्न हिस्सों में जश्न समारोहों में भाग लेने से रोकने की कोशिश कर रही है। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दिलीप घोष ने कहा कि टीएमसी की संप्रीति (सौहार्द) रैली लोगों को गुमराह करने की कोशिश है। घोष ने खड़गपुर में एक मंदिर में पूजा-अर्चना कर दिन की शुरुआत की।

उन्होंने कहा कि देश में राम मंदिर के उद्घाटन का जश्न मनाए जाने पर पश्चिम बंगाल में टीएमसी सरकार सर्व-धर्म रैली आयोजित कर लोगों को ऐसे जश्न समारोहों में भाग लेने से रोकने की कोशिश कर रही है। उनकी इन टिप्पणियों का टीएमसी ने खंडन करते हुए कहा कि उसकी 'सर्व-धर्म' रैली का राम मंदिर उद्घाटन से कुछ लेना-देना नहीं है। आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा पर आरोप लगाया है कि वह लोस चुनाव से पहले राजनीतिक नौटंकी कर रही है।

कारोबार/कृषि

एक नजर

सरकार ने आईएफएससी से जुड़ी वित्तीय सेवाओं का दायरा बढ़ाया

नई दिल्ली। सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) के जरिए की जा सकने वाली गतिविधियों के दायरे को बढ़ाया है। इसमें बहीखाता और लेखांकन जैसी सेवाओं को शामिल किया गया है। वित्त मंत्रालय ने एक राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना में कहा कि बही-खाता, लेखा, कराधान और वित्तीय अपराध अनुपालन सहित विभिन्न सेवाओं को वित्तीय सेवाओं के दायरे में शामिल किया गया है। यह अधिसूचना 18 जनवरी को जारी की गई। इसमें कहा गया है कि अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) द्वारा विनियमित अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र में इकाइयों द्वारा गैर-निवासियों को वित्तीय सेवाओं की पेशकश की जा सकती है, जिनका कारोबार भारत में पहले से मौजूद व्यवसाय को विभाजित करके या पहले से मौजूद कारोबार का पुनर्गठन कर स्थापित नहीं किया गया है।

स्काई 2.0 क्लब में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी का होगा अधिग्रहण

नई दिल्ली। विकास लाइफकेयर लिमिटेड (वीएलएल) दुबई स्थित स्काई 2.0 क्लब में 7.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर (करीब 650 करोड़ रुपये) में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। वीएलएल ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि अधिग्रहण प्रक्रिया चालू वित्त वर्ष 2023-24 में पूरी की जाएगी। कंपनी ने कहा कि यह अधिग्रहण विकास लाइफकेयर तथा होल्डिंग कंपनी ब्लू स्काई इवेंट हॉल एफजेड-एलएलसी (दुबई) के बीच शेयर अदला-बदली सौदा है।

सोनी ने जी एंटरटेनमेंट के साथ 10 अरब का विलय समझौता किया रद

सोनी ने जी को नोटिस भेज समाप्ति शुल्क के रूप में मांगे नौ करोड़ डॉलर

नई दिल्ली, एजेंसी

सोनी ग्रुप कॉरपोरेशन ने जी एंटरटेनमेंट के साथ 10 अरब अमेरिकी डॉलर के विलय समझौते को समाप्त कर दिया है। विलय की गई इकाई का नेतृत्व कौन करेगा, इस बात पर गतिरोध के कारण यह फैसला किया गया। समूह ने जी को एक नोटिस भेजा और विलय समझौते की शर्तों का उल्लंघन करने के लिए समाप्ति शुल्क के रूप में नौ करोड़ अमेरिकी डॉलर की मांग की। जी ने इस संबंध में शेयर बाजार को दी जानकारी में सोनी के सभी दावों का खंडन किया और कहा कि वह कानूनी मदद लेगा।

सोनी ने विलय के बाद भी प्रमुख बने रहने की जी के मुख्य कार्यकारी पुनित गोयनका की मांग का विरोध किया था। पुनित गोयनका के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोपों में बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) जांच कर रहा है।

इस समझौते से 70 से अधिक भारतीय टीवी चैनल, लोकप्रिय बॉलीवुड स्टूडियो तथा एक व्यापक फिल्म लाइब्रेरी के साथ एक बड़ा समूह अस्तित्व में आता जो वैश्विक कंपनियों नेटफ्लिक्स और अमेजन को टक्कर देता।

जापान की कंपनी ने एक बयान में कहा, सोनी ग्रुप कॉरपोरेशन की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड आज एक नोटिस जारी करते हुए एसपीएनआई और (जील) के बीच समझौतों को समाप्त करने की घोषणा करती है। समझौते की घोषणा 22 दिसंबर 2021 को गई थी।

डिज्नी स्टार के साथ जी का चार साल का करार खतरे में

जी ने कहा उसने विलय समझौते के अनुरूप 'सभी प्रयास किए और उसे क्रियान्वित करने की दिशा में लगातार काम किया है। समझौता समाप्त होने के बाद कुछ क्रिकेट आयोजनों के टीवी प्रसारण अधिकारों के लिए डिज्नी स्टार के साथ जी का चार साल का करार खतरे में पड़ सकता है क्योंकि समझौते की अवधि के दौरान उसे 1.32-1.44 अरब अमेरिकी डॉलर का भुगतान करना होगा।

तरूण बने जिंदल स्टेनलेस के सीईओ

नई दिल्ली। जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड ने सोमवार को कहा कि उसने पूर्णकालिक निदेशक तरूण खुल्बे को मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पद पर पदोन्नत किया है। जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड (जेएसएल) ने शेयर बाजार को बताया कि इस संबंध में पिछले सप्ताह कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक में निर्णय लिया गया था। कंपनी ने बताया कि निदेशक मंडल ने मुख्य कार्यपालक अधिकारी और पूर्णकालिक निदेशक के रूप में तरूण खुल्बे की पदोन्नति को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने कहा कि वह मई 2018 से कंपनी के पूर्णकालिक निदेशक के रूप में कार्यरत हैं और वह सीईओ के अलावा अन्य पद भी संभालते रहेंगे। वहीं, बिजनेस टू बिजनेस (बी2बी) ई-कॉमर्स कंपनी उड़ान के मुख्य वित्तीय अधिकारी आदित्य पांडे तीन साल के कार्यकाल के बाद कंपनी से अलग हो रहे हैं।

भारत के निम्न कार्बन अर्थव्यवस्था बनने में ईवी का रुख करना अहम

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ डीपीआईआईटी सचिव बोले, ऊर्जा परियोजनाओं में 100 फीसदी एफडीआई की मंजूरी से दिखता है देश के प्रति समर्पण

उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) में सचिव राजेश कुमार सिंह ने सोमवार को कहा कि 2047 तक भारत के एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में कर प्रोत्साहन, उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाओं और चार्जिंग बुनियादी ढांचे के अनिवार्य प्रावधान द्वारा समर्थित विभिन्न खंडों में इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर एक बड़ा बदलाव शामिल है। सिंह ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का विकास और उन्हें अपनाना भारत के निम्न-कार्बन अर्थव्यवस्था में बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

उन्होंने कहा कि सड़क से रेल तक माल ढुलाई के मॉडल शेयर में बदलाव माल परिवहन क्षेत्र को कार्बन मुक्त करने के लिए एक प्रभावी कदम होगा। अधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को मंजूरी देना सतत विकास के प्रति देश के समर्पण को रेखांकित करता है। विकसित भारत @ 2047 का उद्देश्य आजादी के 100वें वर्ष यानी 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है। इसमें आर्थिक वृद्धि, सामाजिक प्रगति, पर्यावरणीय स्थिरता और सुशासन सहित विकास के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया है।

सिंह ने कहा कि उन्होंने दावोस में हाल ही में संपन्न विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की बैठक में भविष्य के औद्योगिक परिवेश के वित्तपोषण पर एक सत्र में इन बातों पर चर्चा की थी। सरकार ने 18,100 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल (एसीसी) बैटरी स्टोरेज के लिए पीएलआई योजनाएं और मोटर वाहन, मोटर वाहन उपकरण तथा ड्रोन उद्योगों के लिए 26,058 करोड़ रुपये की पीएलआई योजना शुरू की हैं।

कर संग्रह बढ़ने से बजट में सामाजिक योजनाओं पर व्यय की गुंजाइश

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ वित्तीय वर्ष पूरा होने में ढाई महीने शेष कर संग्रह का 81 प्रतिशत लक्ष्य पूरा

आयकर और जीएसटी मासिक संग्रह बढ़ने से सरकार अंतरिम बजट में राजकोषीय सूझबूझ पर चलते हुए भी किसानों और सामाजिक योजनाओं के लिए अधिक धन आवंटित करने की स्थिति में रहेगी। सूत्रों ने यह अनुमान जताया है। सरकार आम चुनाव में जाने के पहले एक फरवरी को अपना अंतरिम बजट पेश करेगी। ऐसे में इस बजट में समाज के गरीब वर्गों, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया जा सकता है।

सूत्रों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में आय और कॉरपोरेट कर संग्रह में उछाल दिख रहा है। इससे कुल प्रत्यक्ष कर संग्रह बजट अनुमान से लगभग एक लाख करोड़ रुपये अधिक रह सकता है। सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष करों से 18.23 लाख करोड़ रुपये जुटाने का बजट लक्ष्य रखा था। इस मद में 10 जनवरी, 2024 तक कर संग्रह 14.70 लाख करोड़ रुपये हो चुका था, जो बजट अनुमान का 81 प्रतिशत है। अभी वित्त वर्ष पूरा होने में लगभग ढाई महीने का वक्त बाकी है।

बजट से उम्मीद | जीटीआरआई ने कहा-मौजूद शुल्क संरचना बदलने से विनिर्माण को हो सकता नुकसान

स्मार्टफोन के घटकों पर आयात शुल्क में न हो कटौती

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार को आगामी बजट में स्मार्टफोन बनाने में इस्तेमाल होने वाले इलेक्ट्रॉनिक घटकों पर आयात शुल्क में कटौती नहीं करनी चाहिए क्योंकि मौजूदा शुल्क संरचना अभी तक सफल साबित हुई है और उसे बदलने से स्थानीय विनिर्माण को नुकसान हो सकता है। जीटीआरआई की एक रिपोर्ट में सोमवार को यह बात कही गई। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार मौजूदा दरों को बनाए रखने से भारत के बढ़ते स्मार्टफोन बाजार में उद्योग की वृद्धि तथा दीर्घकालिक विकास को संतुलित करने में मदद मिलेगी।

रिपोर्ट में कहा गया कि वर्तमान में भारत में स्मार्टफोन के आयातित घटकों पर शुल्क 7.5 प्रतिशत से 10 प्रतिशत के बीच है। बजट में इन करों को बरकरार रखा जाना चाहिए। बजट में स्मार्टफोन बनाने में इस्तेमाल होने वाले घटकों पर आयात शुल्क में कटौती नहीं की जानी चाहिए। जीटीआरआई के सह-संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि कंपनियां इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के निर्माण और निर्यात के लिए आवश्यक कच्चे माल या पूंजीगत सामान शुल्क-मुक्त आयात कर सकती हैं।

स्थानीय स्तर पर बनते हैं 98 प्रतिशत स्मार्टफोन

जीटीआरआई ने रिपोर्ट में कहा, भारत का स्मार्टफोन उद्योग 2022 में 7.2 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2023 में 13.9 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने के साथ पीएलआई (उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन) योजना तहत सबसे बेहतर करने वाला क्षेत्र बन गया है। भारत में बेचे जाने वाले 98 प्रतिशत से अधिक स्मार्टफोन स्थानीय स्तर पर बनाए जाते हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत के स्मार्टफोन विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि और गहराई को बनाए रखने के लिए मौजूदा आयात शुल्क को बनाए रखना महत्वपूर्ण है।

तूतीकोरिन के तमिलनाडु संयंत्र में परिचालन शुरू

चेन्नई। तूतीकोरिन अल्कली केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड ने तमिलनाडु स्थित अपने कारखाने में परिचालन फिर से शुरू कर दिया है। इसे दिसंबर 2023 में विनाशकारी बारिश के बाद बंद कर दिया गया था। कंपनी सोडा ऐश और अमोनियम क्लोराइड उर्वरक का उत्पादन करती है। दिसंबर 2023 में देश के दक्षिणी हिस्सों में हुई भारी बारिश के कारण तूतीकोरिन संयंत्र में काम बंद करना पड़ा था। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजारों को बताया कि 21 जनवरी से संयंत्र में परिचालन सुचारू रूप से शुरू कर दिया गया है।

तैयारी में कमी से चिंतित मगर बैजबॉल पर भरोसा : कुक

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान को उम्मीद भारत को पछाड़ने के लिए अपनानी होगी आक्रामक होकर खेलने की रणनीति

लंदन, एजेंसी

पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला शुरू होने से पहले इंग्लैंड की टीम को भारत में मैच की तैयारी का समय नहीं मिलने पर पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कुक ने चिंता जाहिर की। हालांकि उनका मानना है कि रोहित शर्मा की टीम को पछाड़ने के लिए उन्हें बैजबॉल यानी हर हाल में आक्रामक होकर खेलने की रणनीति पर भरोसा है। कुक की कप्तानी में ही इंग्लैंड ने 2012 में भारत के खिलाफ आखिरी टेस्ट श्रृंखला जीती थी। अबु धाबी में एक महीने के ट्रेनिंग शिविर के बाद बेन स्टोक्स और उनकी टीम गुरुवार से शुरू होने वाली श्रृंखला से 4 दिन पहले रविवार को हैदराबाद पहुंची। वर्ष 2012-13 की श्रृंखला में भारत पर 2-1 की जीत के दौरान 562 रन के साथ शीर्ष स्कोरर रहे कुक ने द संडे टाइम्स में अपने कॉलम में लिखा कि इंग्लैंड के लिए मैच की तैयारी की कमी एक समस्या होगी। उन्होंने कहा कि यह आधुनिक दौरे की प्रकृति है। जब हमने 2012 में भारत में जीत हासिल की थी तो अच्छी टीमों के खिलाफ तीन अभ्यास मैच खेले थे। युवराज सिंह, अजिंक्य रहाणे और मुरली विजय भारत ए टीम में शीर्ष चार में शामिल थे।

टेस्ट श्रृंखला में 2012 से अजेय है भारत

कुक ने कहा कि कम से कम एक अभ्यास मैच होना चाहिए था। इस समय कई श्रृंखलाओं में घरेलू टीम का पूरी तरह से दबदबा है और यह टेस्ट क्रिकेट के लिए अच्छा नहीं है। इंग्लैंड के खिलाफ 2012 में हार के बाद भारत 14 घरेलू टेस्ट श्रृंखलाओं में अजेय रहा है। हालांकि कुक को इंग्लैंड के बैजबॉल रवैये पर भरोसा है जो आक्रामक होकर खेलने की रणनीति है।

इंग्लैंड के पास बल्लेबाजी को अस्थिर करने की क्षमता

कुक ने कहा कि इंग्लैंड टीम के पास सितारों से सजे भारतीय बल्लेबाजी क्रम को अस्थिर करने वाला आक्रमण मौजूद है। यह देखना दिलचस्प होगा कि भारत कैसे प्रतिक्रिया देता है। इंग्लैंड की यह टीम भारत के गेंदबाजों को सीधे दबाव में डाल सकती है। इससे उनकी लय खराब हो सकती है। वे इसके अभ्यस्त नहीं होंगे क्योंकि अधिकांश टीमें मुकाबले में बने रहने की कोशिश करती हैं लेकिन यह आम तौर पर घरेलू मैदान पर भारत के खिलाफ काम नहीं करता है। कुक ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट को स्पिन के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक बताया।

अब तक भारत नहीं पहुंच पाए इंग्लैंड के स्पिनर बशीर

हैदराबाद। कागजी कार्रवाई में विलंब के कारण इंग्लैंड के स्पिनर शोएब बशीर को पहले टेस्ट से पूर्व यूएई में रुकने को बाध्य होना पड़ा है। बशीर को टेस्ट पदार्पण का इंतजार है। उनके माता-पिता पाकिस्तानी मूल के हैं। अबु धाबी में इंग्लैंड के ट्रेनिंग शिविर के खत्म होने के बाद उन्हें वहीं रुकना पड़ा। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) से हाल में क्रिकेट संचालन के प्रबंध निदेशक के रूप में जुड़ने वाले स्टुअर्ट हूपर बशीर के साथ हैं। टीम के मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम ने बताया कि ईसीबी ने यह मुद्दा बीसीसीआई और भारत सरकार के सामने रखा है।

इंग्लैंड के खिलाफ दो टेस्ट मैच से बाहर कोहली

मुंबई, एजेंसी

बीसीसीआई ने जारी किया बयान कहा- व्यक्तिगत कारणों से नहीं खेल पाएंगे शुरुआती दो मैच

बीसीसीआई ने कहा कि विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैचों में नहीं खेलेंगे। विराट ने इस बारे में कप्तान रोहित शर्मा, टीम प्रबंधन और चयनकर्ताओं से बात की है और यह भी कहा है कि भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करना उनकी पहली प्राथमिकता है लेकिन व्यक्तिगत कारणों से वह पहले दो टेस्ट मैचों का हिस्सा नहीं बन पाएंगे। कोहली ने इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ड्रॉ हुई टेस्ट श्रृंखला में खेला था। उन्होंने अफगानिस्तान के साथ टी-20 श्रृंखला में लंबे समय बाद वापसी की थी।

बीसीसीआई ने अब तक कोहली की जगह किसी अन्य खिलाड़ी के नाम की घोषणा नहीं की है, लेकिन दौड़ में सबसे आगे चेतेश्वर पुजारा, रजत पाटीदार, अभिमन्यु ईश्वरन और सरफराज खान शामिल हैं। पुजारा ने आखिरी बार भारत के लिए पिछले वर्ष विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में खेला था। इस साल की रणजी ट्रॉफी की शुरुआत झारखंड के खिलाफ नाबाद दोहरे शतक और अपने अगले दो मैचों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए एक अर्धशतक लगाया।

वहीं पाटीदार और सरफराज दोनों ने इंग्लैंड लायंस के दौरे के खिलाफ भारत ए के लिए खेला और प्रभावित किया। पाटीदार ने उनके खिलाफ दोनों टूर गेम और पहले अनौपचारिक टेस्ट में शतक लगाया, जबकि सरफराज ने दोनों मैचों में अर्धशतक बनाए। अभिमन्यु ने दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट के लिए भारत के रिजर्व ओपनर के रूप में घायल रुतुराज गायकवाड़ की जगह ली थी और वर्तमान में भारत ए की कप्तानी कर रहे हैं।

सूर्यकुमार चुने गए आईसीसी की सर्वश्रेष्ठ टी-20 टीम के कप्तान

दुबई, एजेंसी

यशस्वी जायसवाल, रवि बिश्नोई और अर्शदीप सिंह भी टीम में शामिल

सूर्यकुमार यादव को आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ पुरुष टी-20 अंतर्राष्ट्रीय टीम का कप्तान चुना गया है। टीम में यशस्वी जायसवाल, रवि बिश्नोई और अर्शदीप सिंह के रूप में तीन और भारतीयों को जगह मिली है। आईसीसी की टीम में 11 बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को शामिल किया जाता है, जिन्होंने साल भर में अपने बल्ले, गेंद या ऑलराउंड प्रदर्शन से प्रभावित किया हो। सूर्यकुमार को लगातार दूसरे साल टीम में जगह मिली है। वह आईसीसी के साल के सर्वश्रेष्ठ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में भी शामिल हैं।

मुंबई के इस बल्लेबाज ने 2023 में शानदार प्रदर्शन किया। श्रीलंका के खिलाफ सात रन के साथ साल की शुरुआत करने वाले सूर्यकुमार ने अगले दो मैच में 36 गेंद में 51 और 51 गेंद में नाबाद 112 रन बनाए। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ 44 गेंद में 83 रन की पारी भी खेली और फिर फ्लोरिडा में 45 गेंद में 61 रन बनाए। साल के अंत में रोहित शर्मा के ब्रेक लेने के कारण सूर्यकुमार को भारतीय टीम की अगुवाई करने का मौका भी मिला। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया (42 गेंद में 80 रन) और दक्षिण अफ्रीका (36 गेंद में 56 रन) के खिलाफ अर्धशतक जड़े। उन्होंने साल का अंत जोहानिसर्ग में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 56 गेंद में 100 रन की पारी खेलकर किया।

फिल सॉल्ट और यशस्वी चुने गए ओपनर

टीम में इंग्लैंड के फिल सॉल्ट को यशस्वी जायसवाल के सलामी जोड़ीदार के रूप में चुना गया है। वेस्टइंडीज के निकोलस पूरण टीम के विकेटकीपर होंगे। न्यूजीलैंड के मार्क चैपमैन, जिंबाब्वे के सिकंदर रजा, युगांडा के अल्पेश रामजानी, आयरलैंड के मार्क एडेयर और जिंबाब्वे के रिचर्ड नगारवा को भी टीम में जगह मिली है।

महिला टीम में दीप्ति शर्मा एकमात्र भारतीय

महिलाओं में ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा 11 सदस्यीय टीम में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय हैं। टीम की अगुवाई श्रीलंका की चामरी अटापट्टू करेंगी। टीम में बेथ मूनी (विकेटकीपर), एलिस पैरी, ऐश गार्डनर और मेगान शुट के रूप में ऑस्ट्रेलिया की चार, नैट स्विकर ब्रंट और सोफी एक्लेस्टोन के रूप में इंग्लैंड की दो खिलाड़ियों को जगह मिली है। दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोलवार्ट, वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज और न्यूजीलैंड की अमेलिया केर भी टीम का हिस्सा हैं।

ऑस्ट्रेलियाई ओपन : बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में

वेस्ली कूलहोफ और निकोला मेकटिक की जोड़ी को हराकर बनाई जगह

मेलबर्न, एजेंसी

भारत के रोहन बोपन्ना और उनके जोड़ीदार ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एब्डेन ने सोमवार को मेलबर्न में नीदरलैंड के वेस्ली कूलहोफ और क्रोएशिया के निकोला मेकटिक की जोड़ी को सीधे सेटों में हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

भारत और ऑस्ट्रेलिया की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने कूलहोफ और मेकटिक की दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी के खिलाफ 7-6, 7-6 से जीत दर्ज की। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी ने दोनों सेट में शुरुआत में ही सर्विस गंवाई लेकिन वापसी करते हुए जीत दर्ज की। बोपन्ना और एब्डेन क्वार्टर फाइनल में मैक्सिमो गोंजालेज और आंद्रेस मोलटेनी की अर्जेंटीना की छठी वरीय जोड़ी से भिड़ेंगे।

बोपन्ना की शुरुआत रही खराब

बोपन्ना की सर्विस ने शुरुआत में उन्हें निराश किया। पहले सेट के दूसरे गेम में उनकी सर्विस तोड़कर विरोधी जोड़ी ने 15 मिनट के भीतर 3-0 की बढ़त बना ली। हाल में डेविस कप से संन्यास लेने वाले बोपन्ना ने कुछ शानदार बैकहैंड के साथ वापसी करते हुए अंक जुटाए। पहले सेट के सातवें गेम में कूलहोफ और मेकटिक की जोड़ी ने कुछ सहज गलतियां की और भारत-ऑस्ट्रेलिया की जोड़ी को वापसी का मौका दिया। बोपन्ना ने इसके बाद नेट पर शानदार खेल दिखाया और ढेरो अंक बटोरे।

टाईब्रेकर में जीता मैच

दूसरे गेम की शुरुआत में भी बोपन्ना ने सर्विस गंवाई जिससे नीदरलैंड-क्रोएशिया की जोड़ी 4-2 से आगे हो गई। आठवें गेम में बोपन्ना और एब्डेन ने एक बार फिर विरोधी जोड़ी की सर्विस तोड़कर वापसी की। टाईब्रेकर में बोपन्ना-एब्डेन की जोड़ी ने 3-0 की बढ़त बनाई और फिर सेट और मैच जीत लिया।

मेदवेदेव, नोसकोवा और यास्त्रेमस्का क्वार्टर फाइनल में

मेलबर्न। दानिल मेदवेदेव ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जबकि डायना यास्त्रेमस्का और लिंडा नोसकोवा भी पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के महिला एकल के अंतिम आठ में पहुंचने में सफल रहे। मेदवेदेव ने सोमवार को नुनो बोर्गेस को 6-3, 7-6, 5-7, 6-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अंतिम आठ के मुकाबले में उनकी भिड़ंत नौवें नंबर के ह्युबर्ट हुरकाज और फ्रांस के वाइल्ड कार्ड धारक आर्थर केजो के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगी। यास्त्रेमस्का ने महिला एकल में दो बार की चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका को सीधे सेट में 7-6, 6-4 से हराया, जबकि एलिना स्वितोलिना जब नोसकोवा से 0-3 से पीछे चल रहीं थी तो उन्होंने पीठ की चोट के कारण मुकाबले से हटने का फैसला किया।

खेल डायरी

दीपक, निशांत मुक्केबाजी टूर्नामेंट के लिए टीम में

नई दिल्ली। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया और निशांत देव को भारत की नौ सदस्यीय मुक्केबाजी टीम में जगह मिली है, जो 29 फरवरी से 12 मार्च तक इटली के बुस्तो अरसिजियो में होने वाले पहले क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट के साथ पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने की कोशिश करेंगे।

छह बार के एशियाई चैंपियनशिप के पदक विजेता शिव थापा (63 .5 किग्रा) और 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैस्मिन लंबोरिया (60 किग्रा) को भी सोमवार को घोषित टीम में जगह मिली है। इसके अलावा मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) की टीम में वापसी हुई है। हसामुद्दीन घुटने की चोट के कारण पिछले साल अधिकतर समय बाहर रहे। अंकुशिता बोरो (66 किग्रा), लक्ष्य चाहर (80 किग्रा), संजीत कुमार (92 किग्रा), नरेंद्र बेरवाल (92 किग्रा से अधिक) को भी टीम में जगह दी गई है।

पाकिस्तान क्रिकेट की बदहाली के लिए जका अशरफ जिम्मेदार

कराची। पूर्व कप्तान और चयन समिति के पूर्व अध्यक्ष इंजमाम उल हक ने भारत में हुए एकदिवसीय विश्व कप में राष्ट्रीय टीम के खराब प्रदर्शन के लिए पीसीबी के निवर्तमान प्रमुख जका अशरफ को जिम्मेदार ठहराया है। इंजमाम ने एक टीवी चैनल से कहा कि क्या आप खिलाड़ियों की मानसिकता की कल्पना कर सकते हैं जब भारत में विश्व कप के दौरान वे सुनते हैं कि पीसीबी अध्यक्ष कह रहे हैं कि टीम का चयन बोर्ड नहीं बल्कि कप्तान और मुख्य चयनकर्ता ने किया है। इंजमाम ने कहा कि जब उन्होंने सुना होगा कि मुख्य चयनकर्ता के खिलाफ एक जांच समिति गठित की गई है और उन्होंने इस्तीफा दे दिया है तक क्या हुआ होगा। पीसीबी के एक वरिष्ठ अधिकारी मुस्तफा रामदे ने आरोप लगाया कि जका ने वन मैन शो चलाया, जिससे पाकिस्तान क्रिकेट को बहुत नुकसान हुआ।

देर रात तक पार्टी करने के बाद मैक्सवेल अस्पताल में भर्ती

मेलबर्न। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने ग्लेन मैक्सवेल से जुड़ी घटना की जांच शुरू कर दी है जिन्हें पिछले हफ्ते एडीलेड में देर रात पार्टी करने के बाद अस्पताल ले जाना पड़ा था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मैक्सवेल शराब पी रहे थे और ब्रेट ली की मौजूदगी वाले बैंड का कंसर्ट देख रहे थे जब उनकी तबीयत बिगड़ी। इस ऑलराउंडर ने पिछले साल अक्टूबर-नवंबर में भारत में खेले गए विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। सीए ने बयान में कह कि मामला उन्हें एकदिवसीय टीम में जगह नहीं देने से संबंधित नहीं है। मैक्सवेल के टी-20 श्रृंखला के लिए वापसी की उम्मीद है।

बीसीसीआई पुरस्कारों से सम्मानित होंगे गिल, शास्त्री

हैदराबाद। पूर्व भारतीय ऑलराउंडर और मुख्य कोच रवि शास्त्री को मंगलवार को बीसीसीआई के लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। शुभमन गिल को 12 महीने में शानदार प्रदर्शन करने के लिए साल के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर का पुरस्कार दिया जाएगा। इन 12 महीनों के दौरान वह एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय में सबसे तेज 2000 रन बनाने वाले खिलाड़ी बने और इस प्रारूप में पांच शतक लगाए। बीसीसीआई अधिकारी ने कहा कि बीसीसीआई पुरस्कार 2019 के बाद पहली बार दिए जा रहे हैं और गुरुवार से यहां शुरू हो रहे पहले टेस्ट से पूर्व भारत और इंग्लैंड दोनों टीमों के खिलाड़ियों के समारोह में मौजूद रहने की उम्मीद है। शास्त्री ने 80 टेस्ट और 150 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय में भारत का प्रतिनिधित्व किया। संन्यास लेने के बाद उन्होंने कमेंटेटर के रूप में पहचान बनाई। शास्त्री दो बार राष्ट्रीय टीम के कोच रहे। वह 2014 से 2016 तक टीम निदेशक के रूप में राष्ट्रीय टीम से जुड़े और फिर विराट कोहली की कप्तानी में 2017 से 2021 में टी-20 विश्व कप तक मुख्य कोच रहे।

पाकिस्तान पेरिस ओलंपिक की दौड़ से बाहर

मस्कट। एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर में तीसरे स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में न्यूजीलैंड से 2-3 से हारकर पाकिस्तान की पुरुष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक की दौड़ से बाहर हो गई है। ओमान में रविवार को खेले गए क्वालीफायर टूर्नामेंट में न्यूजीलैंड से हारने के साथ पाकिस्तान पुरुष हॉकी टीम पेरिस ओलिंपिक 2024 में खेलने का सपना टूट गया। यह लगातार तीसरी बार है जब पाकिस्तान की पुरुष हॉकी टीम ओलिंपिक से बाहर रहेगी। पाकिस्तान हॉकी टीम आखिरी बार 2012 लंदन ओलिंपिक में खेला था। पाकिस्तान तीन बार की ओलिंपिक विजेता टीम है और तीन बार ही क्वालीफाई करने में नाकाम रही है।

भारत ने फ्रांस को 4-0 से हराया

केप टाउन, एजेंसी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने सोमवार को केप टाउन में पेरिस ओलंपिक खेलों के मेजबान फ्रांस के खिलाफ 4-0 की शानदार जीत के साथ अपने दक्षिण अफ्रीका दौरे की शुरुआत की। भारत का पहला गोल 13वें मिनट में हरमनप्रीत की असाधारण ड्रैगफ्लिक के जरिये किया। उन्होंने 26वें मिनट में पेनाल्टी कार्नर के जरिये अपनी टीम को बढ़त दिलाई। भारत का तीसरा गोल भी शानदार पेनाल्टी कार्नर वेरिएशन से हुआ जब फारवर्ड ललित उपाध्याय ने 42वें मिनट में गोल किया। 49वें मिनट में मिडफील्डर और उप कप्तान हार्दिक सिंह ने बेहतरीन फील्ड गोल करके भारत को 4-0 की मजबूत बढ़त दिलाई।

भारतीय हॉकी टीम को पेरिस ओलंपिक के लिए सबसे कठिन पूल बी में मिली जगह

पूल में कई दिग्गज टीमें जिन्हें हराना भारत के लिए मुश्किल

लुसाने (स्विट्जरलैंड), एजेंसी

भारत को इस साल के पेरिस ओलंपिक खेलों में पुरुष हॉकी प्रतियोगिता में कठिन पूल बी में रखा गया है। आठ बार के चैंपियन भारत ने तोक्यो में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक में 41 साल के पदक के सूखे को खत्म किया था। भारत के साथ पूल बी में ओलंपिक चैंपियन और विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज बेल्जियम, बेहद मजबूत ऑस्ट्रेलिया, रियो खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड और आयरलैंड की टीमें हैं। भारत वर्तमान में बेल्जियम और नीदरलैंड के बाद विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर है। टीम के लिए तोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता ऑस्ट्रेलिया और अर्जेंटीना को हराना मुश्किल साबित होगा। पूल ए में नीदरलैंड, जर्मनी, ग्रेट ब्रिटेन, स्पेन, फ्रांस और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं।

ओलंपिक क्वालीफायर पूरा होने के बाद पूल की घोषणा

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने रविवार को हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर के पूरा होने के बाद पुरुष और महिला हॉकी प्रतियोगिता के पूल की घोषणा की। पेरिस में भारतीय महिला टीम का प्रतिनिधित्व नहीं होगा। टीम रांची में क्वालीफायर मुकाबले में चौथे स्थान पर रहने के बाद ओलंपिक खेलने के मौके को चूक गई। महिला वर्ग में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड को बेल्जियम जर्मनी, जापान, चीन और मेजबान फ्रांस के साथ पूल ए में रखा गया है, जबकि पूल बी में ऑस्ट्रेलिया, मौजूदा रजत पदक विजेता अर्जेंटीना, ब्रिटेन, स्पेन, अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। ओलंपिक में भाग लेने वाली टीमों को रविवार को विश्व रैंकिंग के आधार पर पूल आवंटित किए गए हैं।

बॉलीवुड हलचल

लता मंगेशकर की आवाज में राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी सुन भावुक हुए फैंस

एआई ने वह कर दिखाया है, जिसके बारे में लोग कभी सोच भी नहीं पाए। अभी हाल ही में लता मंगेशकर की आवाज में एक नया गाना वायरल हो रहा है। जिसे एआई द्वारा बनाया गया है। इस वीडियो में लता मंगेशकर की आवाज में राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी गाने को बनाया गया है। लता जी की आवाज में राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी गाना खूब वायरल हो रहा है। इस राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी गाने को सुनने के बाद लोग भावुक हो गए। इसे फैंस जमकर शेयर कर रहे हैं। लता मंगेशकर साल 2022 की 6 फरवरी को इस दुनिया को अलविदा कह गई थीं। लता मंगेशकर ने बॉलीवुड के साथ-साथ देश को भी कई हिट गाने दिए हैं।

हमारे राम आए हैं भजन रिलीज

अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर रामभक्तों के लिए हमारे राम आए हैं गाना रिलीज किया गया है। रामानंद सागर के लोकप्रिय सीरियल रामायण में श्रीराम, सीता और लक्ष्मण की भूमिका अदा करने वाले सितारे अरुण गोविल, दीपिका चिखलिया और सुनील लहरी पर गाना हमारे राम आए हैं फिल्माया गया है। तीनों सितारों ने अयोध्या में इस गाने की शूटिंग की। कई दिनों से वे अयोध्या में हैं। अभिषेक ठाकुर निर्मित और अक्षय के अग्रवाल निर्देश में इस गाने को सोनू निगम ने गाया है। अभिषेक ठाकुर ने गाने के बोल लिखे हैं और संगीत निर्देशन किया है। अरुण गोविल ने रामभक्तों को राम लला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा है कि सदियों के संघर्ष और लंबी प्रतीक्षा के बाद मानवता के आदर्श श्रीराम अपने भव्य दिव्य मंदिर में प्रतिष्ठित होने जा रहे हैं। प्रभु की घर वापसी की हार्दिक बधाई, जय सियाराम। दीपिका चिखलिया और सुनील लहरी ने भी इंस्टाग्राम के जरिये गाना रिलीज होने की जानकारी साझा की है।

कैटरीना समेत कई अभिनेत्री हो चुकी है डीपफेक का शिकार

एआई की मदद से भारत की तमाम एक्ट्रेसेस के डीपफेक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किए जा चुके हैं। साउथ की अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का सबसे पहले डीपफेक वीडियो वायरल हुआ था और उसके बाद बॉलीवुड एक्ट्रेस कैटरीना कैफ सहित तमाम एक्ट्रेसेस इसका शिकार हुई हैं। रश्मिका मंदाना का डीपफेक वीडियो बनाने वाला गिरफ्तार किया जा चुका है। डीपफेक वीडियो के लेकर सरकार ने भी सख्त कदम उठाए हैं और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

इन अभिनेत्रियों के फर्जी वीडियो आ चुके हैं सामने

रश्मिका मंदाना : रश्मिका मंदाना का सबसे पहले डीपफेक वीडियो वायरल हुआ था। इस वीडियो में जारा पटेल नाम की लड़की की बॉडी पर रश्मिका मंदाना का चेहरा लगाकर डीपफेक वीडियो वायरल किया गया था। रश्मिका मंदाना का डीपफेक वीडियो बनाने वाले मुख्य आरोपी को दिल्ली पुलिस ने आंध्र प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया है।

नोरा फतेही : नोरा फतेही का डीपफेक वीडियो हाल ही में वायरल हुआ था। नोरा फतेही ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से लोगों को इस वीडियो से सावधान किया था। इस वीडियो में उन्हें किसी प्रोडक्ट का प्रचार करते दिखाया गया था।

कैटरीना कैफ : फिल्म टाइगर 3 में कैटरीना कैफ के एक सीन को लेकर उनका डीपफेक वीडियो बनाया गया था। इस वीडियो में कैटरीना कैफ के शरीर से तौलिया हटा दिया गया था।

काजोल : काजोल का भी डीपफेक वीडियो वायरल हो चुका है। एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के चेहरे पर काजोल का चेहरा लगाया जो कि कपड़े चेंज कर रही थी।

आलिया भट्ट : आलिया भट्ट का एक डीपफेक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें एक लड़की के चेहरे पर आलिया भट्ट का फेस लगाया गया है जो कि बोल्ड पोज देती दिख रही है।

सारा तेंदुलकर : सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर का डीपफेक वीडियो वायरल हुआ था। सारा तेंदुलकर अपने भाई अर्जुन तेंदुलकर के साथ नजर आ रही थीं। वीडियो को एडिट कर अर्जुन तेंदुलकर की जगह शुभमन गिल का फोटो लगा दिया गया था।

सैफ अली खान के घुटने-कंधे में हुआ फ्रैक्चर

अभिनेता सैफ अली खान को हाल ही में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कोकिलाबेन अस्पताल में भर्ती सैफ अली खान के घुटने और कंधे में फ्रैक्चर हो गया है। उन्हें घुटने की सर्जरी के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। अब तक चोट लगने की असली वजह सामने नहीं आ पाई है। इस सर्जरी के दौरान उनकी पत्नी करीना कपूर भी अस्पताल में उनके साथ मौजूद हैं। सैफ अली खान बॉलीवुड के बाद साउथ में धमाल मचाने की तैयारी कर रहे हैं। सैफ अली खान साउथ स्टार जूनियर एनटीआर की फिल्म देवारा में नजर आने वाले हैं। देवारा से बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर साउथ में डेब्यू करने वाली हैं।

बॉक्स ऑफिस पर हनुमान ने मचाया धमाल

शाहरुख खान की डंकी और प्रभास की फिल्म सलार के धमाल मचाने के बाद 2024 की शुरुआत बॉलीवुड और साउथ की कई फिल्मों से हुई है। इन दिनों महेश बाबू की गुंटूर करम, धनुष की कैप्टन मिलर के अलावा कटरीना की मेरी क्रिसमसऔर तेजा की हनुमान भी सिनेमाघरों में छाई हुई हैं। हालांकि, इन फिल्मों में से कुछ से ये उम्मीद की जा रही थी कि ये बॉक्स ऑफिस पर बंपर कमाई करेंगी लेकिन ऐसा कुछ हुआ नहीं। इन फिल्मों में से दो का हाल तो बहुत बुरा है, जिनमें से एक कटरीना कैफ की मेरी क्रिसमस भी है। प्रशांत वर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म हनुमान में लीड एक्टर के तौर पर तेजा सज्जा नजर आए। बाकी फिल्मों की तुलना में हनुमान ने 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। इस फिल्म ने कुल मिलाकर 132 .05 करोड़ की कमाई इंडियन बॉक्स ऑफिस पर कर ली है। वहीं वर्ल्डवाइड ये फिल्म 200 करोड़ के करीब पहुंच चुकी है और इसने अब तक 198 .20 करोड़ की कमाई कर ली है। 10वें दिन फिल्म ने 17 .6 की धमाकेदार कमाई की है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

एक नजर

अल्पसंख्यक प्रत्याशियों को वोट न देने का फतवा किया जारी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में आठ फरवरी को होने वाले आम चुनावों से पहले अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है। धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ नफरती व विचलित करने वाली सामग्री का लगातार प्रसारण हो रहा है। इसी क्रम में कराची की एक इस्लामिक संस्था की तरफ से जारी एक फतवा सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें अल्पसंख्यक प्रत्याशियों को वोट न देने की चेतावनी दी गई है।

कैलिफोर्निया सोल की मशहूर गायिका मार्लेना शॉ का निधन

कैलिफोर्निया। कैलिफोर्निया सोल व वूमन ऑफ द गेटो के गानों की मशहूर गायिका मार्लेना शॉ का निधन हो गया। वह 81 वर्ष की थीं। शॉ की बेटी मार्ला ब्रैडशॉ ने शुक्रवार को सोशल मीडिया में यह जानकारी साझा की। शॉ का जन्म 22 सितंबर, 1942 को न्यू रोशेल (न्यूयॉर्क) में मार्लिना बर्गेस के रूप में हुआ था। उन्होंने 1960 के दशक में जैज क्लबों में गाना गाकर संगीत करियर की शुरुआत की थी।

अफगानिस्तान में हुए रूसी विमान हादसे में, दो यात्री मृत मिले

इस्लामाबाद। अफगानिस्तान में शनिवार को एक रूस का विमान क्रैश हो गया था। विमान में सवार छह लोगों में दो यात्री मृत मिले हैं। बता दें, छह लोगों को लेकर जा रहा रूस का एक निजी विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में सवार चार लोगों को बचा लिया गया जबकि दो की मौत हो गई। अफगानिस्तान के बदख्शां प्रांत में पर्वतीय क्षेत्र में शनिवार को यह हादसा हुआ था।

दुनियाभर में सारे पर्वों की रौनक एक साथ उतरी

रामलला प्राण प्रतिष्ठा की संध्या पर भक्तों ने मनाया दिवाली सा जश्न

नई दिल्ली, एजेंसी

अयोध्या के राम मंदिर में संपन्न हुए प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान भारत के साथ-साथ दुनियाभर में कार्यक्रम आयोजित किए गए। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जम्मू-कश्मीर से कन्याकुमारी तक देश दिवाली से जश्न में डूबा रहा। रामभक्तों ने श्रीराम के सम्मान में शोभायात्रा, भंडारे और अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया।

बता दें, विभिन्न प्रदेशों में लगभग 50 हजार जगहों पर सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ हुआ है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल कहा, देश के विभिन्न शहरों में 30 हजार से अधिक स्थानों पर भंडारे लगाए गए हैं। कश्मीर से कन्याकुमारी तक राम को लेकर करीब 40 हजार कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इस तरह देशभर में आयोजित सभी कार्यक्रमों को मिलाकर वह आंकड़ा, एक लाख की संख्या को पार कर गया है।

खंडेलवाल के मुताबिक, दिल्ली सहित देशभर में धार्मिक कार्यक्रमों का तांता लगा रहा। देश के सभी बाजार पूरी तरह से श्रीराम के झंडों से सजे हुए नजर आए।

नई दिल्ली के कनॉट प्लेस में रामभक्तों ने दीये जलाकर लिखा जय श्रीराम। दूसरी तरफ पटना में कमल के फूल के आकार में भक्तों ने जलाए दिये।

दुनियाभर के देशों में इस कार्यक्रम को लेकर खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। अमेरिका, मैक्सिको, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया के मंदिरों में भी सुंदरकाण्ड, रामचरितमानस का पाठ किया जा रहा है। इसी बीच, मैक्सिको को पहला राम मंदिर मिल गया है। मैक्सिको में बने मंदिर में भारत से लाई गई मूर्तियों को स्थापित किया गया। इस दौरान एक अमेरिकी भारतीय पुजारियों में विधि विधान के साथ प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम किया।

नेपाल की हर गली हर राह पर रामनाम, घरों पर लगे श्रीराम के झंडे

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का उल्लास नेपाल में छाया है। नेपाल के लोगों के लिए यह अवसर दीपावली से कम नहीं है। घरों को श्रीराम के झंडे, स्टीकर से सजाया गया है। गलियों में भगवा पताके लगाए गए हैं। सीमाई कस्बों में प्राण प्रतिष्ठा के दिन अर्थात 22 जनवरी को एलईडी स्क्रीन लगाकर प्राण प्रतिष्ठा का सजीव प्रसारण दिखाने की तैयारी की गई है। मंदिरों पर कीर्तन, सुंदरकांड व मानसपाठ का आयोजन किया जाएगा। वहां के लोग पूरे मनोयोग से इस आयोजन को खास बनाने में जुटे रहे।

सरयू तट पर 24 घंटे सीताराम का जाप कर रहे 21 हजार नेपाली भक्त, 25 तक चलेगा कार्यक्रम

सरयू नदी के किनारे नेपाल से आए 21 हजार रामभक्त 24 घंटे सीताराम का जाप कर रहे हैं। धर्मपथ चौराहे के पास 100 एकड़ के परिसर में 1008 घास से ढंके हुए छोटे-छोटे कक्ष बनाए गए हैं। हर कक्ष में एक शिवलिंग हजार भक्तों का सीताराम जाप के पास 2-3 भक्त सीताराम का जाप करने में मग्न हैं। 14 जनवरी से शुरू हुआ यह कार्यक्रम 25 जनवरी तक चलेगा।

यूपी की छात्रा ने केरल के केंद्रीय विवि में फहराया भगवा झंडा

तिरुवनन्तपुरम। भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव पर देशभर में जश्न का माहौल है, वहीं दूसरी तरफ केरल केंद्रीय विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश की एक छात्रा ने पीले वस्त्र पहनकर भगवा झंडा फहराकर एक नया इतिहास रचा है।

बता दें, यहां पर लेफ्ट फ्रंट की सरकार है और केंद्रीय विश्वविद्यालय में स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया का कब्जा है। गौरी शोध छात्रा है और योग विज्ञान से पीएचडी कर रही है। इससे पहले उसने बेंगलुरु स्थित स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान से एमएससी एवं देव संस्कृति विश्वविद्यालय से योग विज्ञान पर बीएससी ऑनर्स किया है। बता दें, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की सदस्य गौरी चुनाव भी लड़ना चाहती है।

कैशलेस भुगतान में भारत ने अमेरिका को पछाड़ाः जयशंकर

अबुजा (नाइजीरिया), एजेंसी

▸▸ नाइजीरिया दौरे पर जयशंकर बोले- हर भारतीय नागरिक का जीवन हुआ आसान

नाइजीरिया दौरे पर पहुंचे विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत को आज अपनी परंपराओं, अपनी संस्कृति और अपने इतिहास पर गर्व है।

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि अमेरिका तीन सालों में जितना कैशलेस लेनदेन करता है, भारत एक महीने में ही उतना भुगतान करता है। उन्होंने कहा कि हर भारतीय नागरिक का जीवन आसान हो गया है और ऐसा इसलिए है क्योंकि हमने बहुत गहरे तरीके से टेक्नोलॉजी को अपनाया है। आप इसे भुगतान में देख सकते हैं, आज बहुत कम लोग नकद भुगतान करते हैं और बहुत कम लोग नकदी स्वीकार करते हैं। नाइजीरिया के साथ संबंधों पर जयशंकर ने कहा

नाइजीरिया में भारतीयों को संबोधित करते विदेश मंत्री एस. जयशंकर।

कि दोनों देशों के बीच लगभग 12-15 अरब अमेरिकी डॉलर का कारोबार है। उन्होंने कहा कि दुनिया में बहुत कम ऐसी सभ्यताएं हैं जो एक आधुनिक राष्ट्र के रूप में बची हैं और हम उनमें से एक हैं। उन्होंने नाइजीरियाई निवेशकों को भारत में निवेश करने के लिए भी आमंत्रित किया। विदेश मंत्री ने भारत द्वारा कोविड महामारी से निपटने के तरीके की भी सराहना की।

प्राण प्रतिष्ठाः प्रसारण रोक पर सरकार से जवाब तलब

▸▸ पूजा पर रोक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

तमिलनाडु सरकार की तरफ से राज्य के मंदिरों को राम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के प्रसारण और विशेष पूजा आयोजित करने से रोकने का मामला शीर्ष कोर्ट में पहुंच गया है। कोर्ट ने इस मामले को लेकर तमिलनाडु सरकार से जवाब मांगा है।

सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार से कहा कि अनुमति को केवल इस आधार पर खारिज नहीं किया जा सकता कि क्षेत्र में अन्य समुदाय रह रहे हैं। पीठ ने तमिलनाडु के अधिकारियों से कहा कि वे कानून के अनुसार काम करें, न कि राज्य भर के सभी मंदिरों में विशेष प्रार्थना और प्राण प्रतिष्ठा के लाइव प्रसारण पर प्रतिबंध लगाने वाले किसी मौखिक आदेश पर। जज संजीव खन्ना और जज दीपांकर दत्ता की पीठ ने याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि वे कोई भी मौखिक आदेशों का पालन करने के लिए बाध्य नहीं है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार और अन्य को नोटिस जारी किया है।

हालांकि, तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि इस तरह का कोई प्रतिबंध नहीं है और आज अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूजा, अर्चना, भजनों के सीधे प्रसारण पर कोई प्रतिबंध नहीं है। ये याचिका सिर्फ राजनीति से प्रेरित है। पीठ ने तमिलनाडु के लिए वरिष्ठ वकील अमित आनंद तिवारी के बयान को रिकॉर्ड पर लिया कि मंदिरों में पूजा-अर्चना या अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के लाइव प्रसारण पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

इस बीच राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की लाइव स्ट्रीमिंग देखने के लिए कामाक्षी अम्मन मंदिर में लगाई गई एलईडी स्क्रीन को हटा दिया गया है। बता दें कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण प्राण प्रतिष्ठा का लाइव टेलीकास्ट देखने वाली थीं। पीठ ने याचिका पर तमिलनाडु सरकार से 29 जनवरी तक जवाब भी मांगा है। बता दें कि विनोज नाम के व्यक्ति ने यह याचिका दायर की है, जिसमें कहा गया है कि तमिलनाडु सरकार ने प्राण प्रतिष्ठा के प्रसारण पर प्रतिबंध लगा दिया है।

सियासी जंग जारी, उद्धव गुट की याचिका पर शीर्ष कोर्ट ने शिंदे गुट को थमाया नोटिस

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उद्धव ठाकरे गुट की याचिका पर नोटिस जारी किया है। शीर्ष कोर्ट ने यह नोटिस महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट को 'असली' शिवसेना घोषित करने के स्पीकर के आदेश के खिलाफ उद्धव ठाकरे गुट की याचिका पर जारी किया है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने उद्धव ठाकरे गुट की याचिका पर महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और कुछ अन्य विधायकों को नोटिस जारी किया है। राहुल नार्वेकर के आदेश को उद्धव गुट ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने ठाकरे गुट की ओर से पेश सीनियर वकील कपिल सिब्बल और अभिषेक सिंघवी की दलीलों पर ध्यान दिया और मुख्यमंत्री शिंदे और अन्य विधायकों से दो हफ्ते में जवाब मांगा है। शुरुआत में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि याचिका पर बॉम्बे हाई कोर्ट भी सुनवाई कर सकता है। हालांकि, ठाकरे गुट के सीनियर वकीलों ने इस विचार का विरोध किया और कहा कि शीर्ष कोर्ट मामले को संभालने के लिए ज्यादा उपयुक्त है।

बयान वापस ले लिया तो मुकदमा जारी क्यों.. तेजस्वी की सुनवाई टली

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के मानहानि मामले में दायर याचिका पर सुनवाई 29 जनवरी तक टाल दी है। तेजस्वी यादव ने उनके खिलाफ दर्ज मानहानि मामले को अहमदाबाद कोर्ट से स्थानांतरित करके राज्य से बाहर दिल्ली भेजने की मांग की थी। जस्टिस ए एस ओका और जस्टिस उज्जल भुयन ने शिकायतकर्ता के वकील द्वारा समय मांगे जाने के बाद मामले की सुनवाई टाल दी।

पीठ ने शिकायतकर्ता के वकील से कहा 'जब वह (तेजस्वी यादव) अपना बयान वापस ले चुके हैं तो फिर भी उनके खिलाफ अभियोग जारी क्यों रहना चाहिए? आप ने निर्देश लें वरना हम संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते। शिकायतकर्ता के वकील ने याचिकाकर्ता के बयान पर जवाब देने के लिए समय मांगा है, इसलिए मामले को अगले सोमवार को लिस्ट करें। तेजस्वी यादव ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर उनके खिलाफ चल रहे मानहानि के मामले पर सुनवाई रोकने की मांग की थी।

न्यूजक्लिक के एचआर हेड ने वापस ली याचिका

नई दिल्ली। न्यूजक्लिक के मानव संसाधन (एचआर) विभाग के प्रमुख अमित चक्रवर्ती ने सोमवार को याचिका वापस ली। उन्होंने यूएपीए के तहत अपनी गिरफ्तारी को शीर्ष कोर्ट में चुनौती दी थी। दिल्ली की अदालत ने मामले में इस महीने की शुरुआत में उनको सरकारी गवाह बनने की अनुमति दी थी। आतंकवाद रोधी कानून के तहत न्यूज पोर्टल के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। पोर्टल पर आरोप है कि उसे चीन के समर्थन में प्रचार करने के लिए फंडिंग मिली थी। न्यूजक्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती की ओर से दायर अलग-अलग याचिकाएं दायर की गई थीं।

इजराइल-हमास युद्ध में 27 हजार के पार हुई मृतकों की संख्या

गाजा। सात अक्टूबर, 2023 को इजराइल पर हमास के हमले के बाद इजराइल डिफेंस फोर्सेज के जवान गाजा पट्टी पर हमास के आतंकी ठिकानों पर लगातार बमबारी कर रहे हैं। हिंसक संघर्ष में पिछले 107 दिनों में 27 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक पिछले 24 घंटे में 178 लोगों की मौत हो चुकी है। शव बरामद होने के अलावा 300 से अधिक लोगों के घायल होने की खबर भी सामने आई है। इजराइल और हमास शासकों के बीच तीन महीने से अदिक समय से युद्ध हो रहा है। हजारों फिलिस्तीन लोगों की मौत हुई है। आंकड़ा 25 हजार से अधिक हो चुका है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक इजराइल-हमास युद्ध में महिलाएं और बच्चे मुख्य पीड़ित हैं।

गणतंत्र दिवस...

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 जनवरी को लोक कल्याण मार्ग पर एनसीसी कैडेट के साथ झांकी कलाकारों से मुलाकात करेंगे। इस साल गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम महिलाओं पर केंद्रित होगा और इसका लक्ष्य विकसित भारत है। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड के दौरान 26 झाकियां होंगी। इनमें से 16 झाकियां राज्यों का प्रतिनिधित्व करेंगी। वहीं अन्य इसरो, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान केंद्र, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना मंत्रालय, बंदरगाह मंत्रालय, शिपिंग और जलमार्ग, आईटीबीपी, एमईए, ईसीआई, सीपीडब्ल्यूडी और संस्कृति मंत्रालय का प्रतिनिधित्व करेंगी। ● एजेंसी

अमेरिका में खुलेंगे दो और भारतीय वाणिज्य दूतावास

वाशिंगटन। अमेरिका में भारत के निवर्तमान राजदूत तरनजीत सिंह संधू ने कहा कि भारत-अमेरिका के संबंध न केवल दोनों देशों, बल्कि पूरी दुनिया की भलाई के लिए अहम है। अमेरिका में जल्द ही दो और भारतीय वाणिज्य दूतावास खुलेंगे।

इससे दोनों देशों के बीच कारोबार और सुगम तथा कारोबारी रिश्ते मजबूत होंगे। प्रतिष्ठित भारतीय अमेरिकियों के एक समूह को संबोधित करते हुए संधू ने यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि अगली पीढ़ी भारत से जुड़ी रहे। उन्होंने प्रवासियों से नियमित आधार पर भारत की यात्रा करते रहने का भी आह्वान किया। उन्होंने शनिवार को विदाई समारोह के दौरान करीब 200 भारतीय-अमेरिकियों को संबोधित किया।

नहीं थम रहा महिलाओं पर तालिबान का अत्याचार, यूएन ने जारी की रिपोर्ट

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

▸▸ अविवाहितों और लड़कियों पर लगाए कई प्रतिबंध, बिना हिजाब के निकलने पर हो रही गिरफ्तारी

अफगानिस्तान में तालिबानियों की महिलाओं पर क्रूरता बढ़ती ही जा रही है। संयुक्त राष्ट्र की सोमवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट के मुताबिक, तालिबान अफगान अविवाहित महिलाओं की काम, यात्रा और स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच को प्रतिबंधित कर रहा है।

एक घटना में, उपाध्यक्ष एवं सदाचार मंत्रालय के अधिकारियों ने एक महिला को सलाह दी कि अगर वह स्वास्थ्य सुविधा में अपनी नौकरी बरकरार रखना चाहती है तो, उसे शादी करनी होगी। साथ ही, कहा कि एक अविवाहित महिला के लिए काम करना अनुचित है।

शुरुआत में अधिक उदार शासन का वादा करने के बावजूद, तालिबान ने 2021 में सत्ता संभालने के बाद से कई कठोर नियम लाकर सार्वजनिक जीवन के अधिकांश क्षेत्रों में महिलाओं को प्रतिबंधित कर दिया है और लड़कियों को छठी कक्षा से आगे स्कूल जाने से रोक दिया है। तालिबानियों ने ब्यूटी पार्लर भी बंद कर दिए हैं और एक ड्रेस कोड लागू करना शुरू कर दिया है, जिसके तहत यदि महिलाएं हिजाब या स्कार्फ पहने बिना बाहर आती हैं, तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता है। 2022 में, तालिबान ने एक फरमान जारी किया, जिसमें महिलाओं को केवल अपनी आंखें दिखाने के लिए कहा गया और उन्हें सिर से पैर तक बुर्का पहनने की सिफारिश की गई, जो 1996 और 2001 में तालिबान के पिछले शासन के दौरान प्रतिबंधों के समान था।

इमरान खान के पार्टी उम्मीदवार ने लाहौर सीट से नाम वापस लिया

लाहौर (पाकिस्तान)। राष्ट्रव्यापी चुनावों से पहले पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के लिए एक बड़ी सफलता में पीटीआई के उम्मीदवार मेहर मुहम्मद वसीम ने पीएमएल-एन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मरियम नवाज के पक्ष में अपनी वापसी की घोषणा की है।

8 फरवरी को होने वाले मतदान से पहले देशभर में लुभावने घोषणापत्रों और वादों से लैस सभी राजनीतिक दलों का चुनाव अभियान जोरों पर है। पीएमएल-एन और पीपीपी की नजर प्रधानमंत्री के कार्यालय पर है और वे मतदाताओं को सत्ता में लाने के लिए जोर-शोर से लुभा रहे हैं। पीटीआई टिकट धारक ने मरियम से मुलाकात की और अपने समर्थकों के साथ में शामिल होने की घोषणा करने के अलावा उनके पक्ष में लाहौर के एनए-119 से हटने की घोषणा की।

विज्ञान अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने दी जानकारी, कहा-किसी तरह की अप्रिय घटना की कोई खबर नहीं

क्षुद्रग्रह से जगमगा उठा जर्मनी के बर्लिन का आसमान

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचारः बीती रात एक अप्रत्याशित खगोलीय घटना हो गई। एक छोटा क्षुद्रग्रह जर्मनी के आसमान के ऊपर वातावरण से जा टकराया। इस घटना में जर्मनी के बर्लिन का आसमान रोशनी से जगमगा उठा। इस घटना में किसी तरह की अप्रिय घटना की कोई सूचना नहीं है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने इस घटना की जानकारी दी है।

इस क्षुद्रग्रह का पृथ्वी से टकराने की कुछ समय पहले पता चल पाया था। इसका आकार लगभग तीन फीट का था। रविवार की आधी रात को जर्मनी के बर्लिन शहर के आसमान में अचानक तेज रोशनी नजर आई। जिससे आसमान में समूचा वातावरण जगमगा उठा। इससे पहले की लोग कुछ समझ पाते रोशनी गायब हो गई।

इस घटना में की अप्रिय घटना नहीं हुई। जमीन में गिरने से पहले ही क्षुद्रग्रह आसमान में जलकर खाक हो गया। यदि यह क्षुद्रग्रह बड़े आकार का होता तो बड़ी घटना हो सकती थी। इस घटना के कुछ ही देर बाद आसमान में आग के गोले की फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी। खास बात यह है कि बुडापेस्ट, हंगरी के निवासी क्रिस्टियान सरनेज़की ने घटना से कुछ समय पहले ही इस क्षुद्रग्रह की खोज की थी। सार्नेक्ज़की पहले भी क्षुद्रग्रह की खोज कर चु के हैं। उन्होंने 2023 में फ्रांस के ऊपर और 2022 में आर्कटिक महासागर के ऊपर से टकराए क्षुद्रग्रह की खोज भी की थी। इस क्षुद्रग्रह का उपनाम एसएआर 2736 दिया गया है, जबकि इंटरनेशनल एस्ट्रोनॉमिकल यूनियन के माइनर प्लैनेट सेंटर ने इसे 2024 बीएक्स 1 का औपचारिक नाम दिया है।





क्षुद्रग्रह का प्रतीकात्मक चित्र दूसरी तरफ बर्लिन के आसमान मे बीती रात क्षुद्रग्रह के टकराने के बाद की वास्तविक तस्वीर।

बड़े खतरे का संकेत है यह छोटी घटना

भारतीय तारा भौतिकी संस्थान बंगलूरू के पूर्व वैज्ञानिक प्रो आर सी कपूर के अनुसार क्षुद्रग्रह पृथ्वी के सबसे बड़े दुश्मन हैं। माना जाता है कि पृथ्वी से डायनासोर जैसे विशाल जीवों का सफाया करने में इन्ही की भूमिका रही थी। बीते पिछले वर्षों में क्षुद्रग्रहों के पृथ्वी से टकराने की कुछ घटनाएं सामने आई हैं। मगर कोई बड़ा क्षुद्रग्रह अभी नही टकराया है। हालाकि बड़े क्षुद्रग्रह के पृथ्वी के करीब आने का पता चल जाता है, लेकिन छोटे क्षुद्रग्रह नजरों से बचकर हमारे आसमान में पहुंच जाते हैं।

अमेरिकाः हेलीकॉप्टर क्रैश, तीन की मौत

वेदरफोर्ड। अमेरिका के ओक्लाहोमा राज्य में शनिवार देर रात एक हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया। इस हादसे में एयर एम्बुलेंस चालक दल के तीन सदस्यों की मौत हो गई।

विमान कंपनी के अधिकारी ने जानकारी दी कि रात 11:30 बजे से कुछ देर पहले नियंत्रण केंद्र का एयर इवैक लाइफटाइम हेलीकॉप्टर चालक दल से संपर्क टूट गया। इसके बाद वेदरफोर्ड के पास हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने की जानकारी सामने आई। यह हेलीकॉप्टर ओक्लाहोमा सिटी से 113 किलोमीटर पश्चिम में वेदरफोर्ड स्थित बेस पर लौट रहा था।

हालांकि, कंपनी ने यह जानकारी नहीं दी कि हेलीकॉप्टर (बेल 206एल3) का मलबा कहां पाया गया। वहीं,मृतकों की जानकारी भी अभी सामने नहीं आई है। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड इस हादसे की जांच करेगी।

चीन में बड़ा हादसा, भूस्खलन में 44 लोग दबे, कई घर तबाह

चीन के युन्नान प्रांत में भूस्खलन से दबे लोगों को निकालते बचावकर्मी।

बीजिंग, एजेंसी

चीन के पर्वतीय इलाके युन्नान में बड़ा हादसा हुआ है। दरअसल वहां भूस्खलन में 44 लोगों के मलबे में दबने की खबर है। घटनास्थल से 200 लोगों को बचाया गया है। राहत और बचाव कार्य अभी भी जारी है।

भूस्खलन में कई मकान तबाह हो गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, घटना चीन के दक्षिण पश्चिमी प्रांत युन्नान की है। भूस्खलन सोमवार सुबह करीब छह बजे युन्नान के लियांगसुई गांव में हुई। हादसे वाला इलाका जेनजियांग काउंटी के तांगफांग शहर के अंतर्गत आता है। प्रशासन ने बयान जारी कर बताया है कि मौके पर राहत और बचाव कार्य जारी है। बताया गया है कि भूस्खलन में 18 घर मलबे में दब गए हैं। बड़ी संख्या में लोगों को प्रभावित जगह से निकाला गया है। मलबे में दबे लोगों को निकालने की भी कोशिशें चल रही हैं। भूस्खलन की वजह अभी तक पता नहीं चली है। चीन के युन्नान प्रांत में भूस्खलन की घटनाएं होती रहती हैं। यह चीन का रिमोट इलाका हैं, जिसमें बड़े-बड़े पहाड़ हैं।